दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...
नववर्ष 2020 की हार्दिक शुभकामनाएं...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी उत्तरी हवा ला रही ठंड और कोहरे का कहर...
4 अभिव्यक्ति नये साल की नई चुनौतियां...
9 नववर्ष विशेष बेचैनी को हौसलों से मात देंगे पीएम मोदी...
11 खेल आईपीएल के प्रदर्शन पर निर्भर धोनी...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 1 जनवरी, 2020, पौष शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-317 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

तोड़ फोड़ और आगजनी करने वाले दंगाइयों से अब रेलवे भी क्षतिपूर्ति वसूलेगा। इन उपद्रवियों ने रेलवे को भी लगभग 80 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया है। अब इन्हें लेने के देने पड़ेंगे तो नानी याद आएगी। पहले पहल यूपी के सीएम ने दंगाइयों से नुकसान की भरपाई कराने के लिए नोटिस जारी कराया था, जिसका अब रेलवे भी अनुशरण कर रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंसा का नंगा नाच करने वालों से न सिर्फ क्षतिपूर्ति कराई जाए बल्कि इनके खिलाफ देश द्रोह का मुकदमा दर्ज कर इन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जाए। तभी इन बददिमागों की अक्ल ठिकाने आएगी।

सीएम भूपेश बोले- छग के लिए उपलब्धियों भरा रहा 2019

प्रदेशवासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ और प्रदेशवासियों की सेवा का संकल्प दोहराया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्ष 2019 के अंतिम दिन मंगलवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के लिए वर्ष 2019 उपलब्धियों भरा रहा। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशवासियों को नए वर्ष 2020 की बधाई और शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नया वर्ष सभी लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

सीएम बघेल ने कहा है कि हम सब मिलकर अपने पुरखों के सपनों के अनुरूप स्वस्थ्य, खुशहाल और समृद्ध 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' का सपना साकार करेंगे, जिसमें किसान, मजदूर, गरीब, पिछड़े, युवा और महिलाएं सहित समाज के सभी वर्गों के लोग खुशहाल हो।

धान को 2500 रुपए दाम, बिजली बिल हॉफ समेत गिनाई कई उपलब्धियां

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2019 में छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे किसानों की कर्जमाफी हो, 2500 प्रति क्विंटल पर धान खरीदी, सभी परिवारों को 35 किलो चावल, 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ जैसे बड़े फैसले लिए गए। इसके साथ ही लोहंडीगुड़ा के किसानों को उनकी जमीन लौटाने का ऐतिहासिक फैसला लिया गया और उस पर अमल किया गया।



आगामी वर्षों में भी करेंगे इसी भावना से काम

राज्य सरकार ने इस एक वर्ष में सभी वर्गों की उन्नति और विकास के लिए बड़े फैसले लिए है और उन पर अमल भी किया है। आने वाले वर्षों में भी हम इसी भावना के साथ छत्तीसगढ़ की सेवा करेंगे और प्रदेश के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ताकि भारत के मानचित्र में छत्तीसगढ़ का स्थान सर्वोपरि हो।

छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री, हाट बाजार क्लीनिक योजना

शहरी क्षेत्रों में छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री प्रारंभ की गई। कलेक्टर दर में 30 प्रतिशत की कमी की गई, भूखंडों को फ्री होल्ड करने का निर्णय किया गया। गुमाश्ता एक्ट में संशोधन किया गया। स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, कुपोषण मुक्ति के लिए सुपोषण अभियान प्रारंभ किए गए। वन अधिकार पट्टा देने का काम छत्तीसगढ़ में फिर से प्रारंभ किया गया। ग्रामीण ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम बघेल का सीएम योगी व सांसद प्रज्ञा पर तंज

संतत्व में त्याग, शांति का भाव पर उप्र में जातिवाद व हिंसा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर गेरुआ वस्त्र को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गेरुआ में त्याग की भावना होती है, लेकिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री तो कुर्सी से चिपक गए है। गेरुआ संतत्व का प्रतीक है, संतत्व अर्थ त्याग से होता है। गेरुवा व संतत्व स्वामी विवेकानंद ने भी अपनाया। उन्होंने संसार का त्याग किया, शांति का संदेश दिया। लेकिन योगी कुर्सी से चिपक गए, जो मोह का प्रतीक है, वहीं उत्तर प्रदेश में जातिवाद व हिंसा का माहौल है। मुख्यमंत्री बघेल ने भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर से जुड़े सवाल पर कहा कि वे उन्हें साध्वी मानते ही नहीं। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सांसद प्रज्ञा को नहीं मानता साध्वी, जब भी बोलती हैं, जहर उगलती हैं

खास खबर

कश्मीर घाटी में आज से बहाल होगी एसएमएस सेवा

नई दिल्ली ए.। कश्मीर घाटी के लोगों को मंगलवार को बड़ी राहत दी गई है। 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से एसएमएस सेवा बहाल कर दी जाएगी। जम्मू कश्मीर के प्रधान सचिव रोहित कंसल ने कहा कि कश्मीर में 31 दिसंबर की मध्य रात्रि से सभी सरकारी अस्पतालों में इंटरनेट सेवाएं, सभी मोबाइल फोन पर एसएमएस सेवाएं बहाल हो जाएंगी। बता दें कि जम्मू-कश्मीर में अगस्त महीने में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद मोबाइल और लैंडलाइन सेवा रोक दी गई थी।

चंद्रयान 3 की तैयारी में इसरो, 2020 में लॉन्च होगा तीसरा मून मिशन

नई दिल्ली ए.। भारत चंद्रमा के लिए अपना तीसरा मिशन 2020 में लॉन्च करेगा। अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को ये जानकारी दी है। यहां सिर्फ लैंडर और रोवर के जरिए चंद्रयान 3 चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा। जितेंद्र सिंह ने कहा कि जी हां लैंडर और रोवर मिशन 2020 में लॉन्च होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि चंद्रयान 2 कोई असफलता नहीं था बल्कि उससे हमने बहुत कुछ सीखा है।

स्वच्छता सर्वेक्षण: चौथी बार टॉप पर इंदौर

इंदौर ए.। केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार चौथी बार इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया। वहीं, केंद्र सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण की अप्रैल से जून की पहली तिमाही में भोपाल को देश भर में दूसरा स्थान हासिल हुआ। जुलाई से सितंबर की दूसरी तिमाही की बात करें तो अंतिम नतीजों में राजकोट दूसरे स्थान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण ने दी पांच साल के लिए बनी योजना की जानकारी

जीडीपी को पटरी पर लाने 100 लाख करोड़ के निवेश का डोज

नई दिल्ली (वार्ता)। सुस्त पड़ी आर्थिक विकास दर (जीडीपी ग्रोथ रेट) को रफ्तार देने के लिए अगले पांच साल में देश के बुनियादी ढांचा क्षेत्र (इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर) में 100 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को इस संबंध की योजना पेश की। इसका उद्देश्य बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सरकारी खर्च को बढ़ावा देने के साथ ही अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर का बनाना है। सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में 100 लाख करोड़ रुपये के निवेश की बात पहले ही कर चुके है। उन्होंने कहा, 'इसके तुरंत बाद ही महज चार महीने की अवधि में ही 70 स्टेकहोल्डर्स से परामर्श के बाद 102 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की पहचान की गई।' मंत्री ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बुनियादी ढांचा क्षेत्र में खर्च होगी ये राशि

- 102 लाख करोड़ रुपए की लागत वाले प्रोजेक्ट की कर ली गई पहचान
- देश को 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में बढ़ा कदम

ऐसे बनी योजना

- सीतारमण ने कहा कि अगले पांच सालों में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 100 लाख करोड़ निवेश किए जाएंगे।
- गठित टास्क फोर्स ने 102 लाख करोड़ रुपये के प्रॉजेक्ट की पहचान की है।
- करीब 70 अलग-अलग स्टेकहोल्डर्स के साथ गहनता से चर्चा की गई और इन प्रोजेक्ट्स को फाइनल किया गया है।

39 फीसदी केन्द्र और इतनी ही हिस्सेदारी हर राज्य की

वित्त मंत्री ने कहा कि मंगलवार को राष्ट्रीय अवसंरचना परियोजना क्रियान्वयन प्रक्रिया के तहत आने वाली ज्यादातर ढांचागत परियोजनाएं इन क्षेत्रों से ही होंगी। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं में 39 प्रतिशत केन्द्र सरकार और 39 प्रतिशत राज्य सरकारों के हिस्से की होंगी, जबकि 22 प्रतिशत निवेश निजी क्षेत्र से किया जाएगा।

6 साल में केंद्र व राज्यों ने खर्च किए 51 लाख करोड़

केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले 6 साल में हमारी सरकार का फोकस इन्फ्रास्ट्रक्चर पर रहा। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकारों ने मिलकर इनफ्र 51 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जो जीडीपी का 5-6 फीसदी है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

2020 का आगाज

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में नए साल का आगाज जमकर हुई आतिशबाजी

नई दिल्ली। दुनियाभर में नया साल 2020 दस्तक देने जा रहा है। 31 दिसंबर को रात 12 बजते ही नए साल का जश्न शुरू हो गया। भारत से पहले दुनिया के कई अन्य देश हैं, जहां पर नया साल दस्तक देता है। सबसे पहले टोंगा समोआ में नया साल दस्तक देता है। भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में नए साल का आगाज हुआ है।

आज से ट्रेन का सफर हुआ महंगा

नई दिल्ली ए.। प्याज बाद अब ट्रेन का सफर भी महंगा हो गया है। नया साल लगते ही यानी एक जनवरी, 2020 से यदि आप ट्रेन का सफर करते हैं तो आपको अपनी जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ेगी। रेलवे ने नए साल से रेलवे के किराए में बढ़ोतरी कर दी है। अब यात्रियों ट्रेन के सफर के लिए प्रति किलोमीटर एक से चार पैसे तक ज्यादा देने होंगे।

जनरल से एसी क्लास तक का सफर महंगा हो गया है। इसका सबसे ज्यादा असर लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों पर होगा।

ऐसे समझें किराये में वृद्धि

- साधारण ट्रेन, नॉन एसी साधारण ट्रेनों के नॉन एसी सेकंड क्लास के भाड़े में प्रति किलोमीटर 1 पैसे की वृद्धि। स्लीपर क्लास, फर्स्ट क्लास के लिए भी प्रति किमी 1 पैसा ज्यादा देना होगा।
- मेल/ एक्सप्रेस, नॉन एसी: मेल/ एक्सप्रेस ट्रेनों में सेकंड क्लास यात्रियों को प्रति किमी 2 पैसे अधिक देने होंगे। इन ट्रेनों के स्लीपर व फर्स्ट क्लास के किराये में 2 पैसे का इजाफा हुआ है।
- एसी क्लास: एसी चेयर कार, एसी-3 टीयर, एसी-2 टीयर और एसी फर्स्ट क्लास के किराये में प्रति किमी 4 पैसे की बढ़ोतरी की गई है।

मंदिर गये डिप्टी कलेक्टर की पिटाई

■ दर्शन करने मंदिर गये थे मंदिर, पैसे की कर रहे थे युवक मांग, नहीं देने पर की मारपीट

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मंदिर दर्शन करने गये डिप्टी कलेक्टर की कुछ युवकों ने पिटाई कर दी मामला पेंड्रा इलाके के मरहीमाता मंदिर का है, जहां बिलासपुर के डिप्टी कलेक्टर एआर टंडन की कुछ युवकों ने पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि युवक डिप्टी कलेक्टर से पैसे की मांग कर रहे थे। उन्होंने पैसे देने से इंकार किया, तो युवकों ने परिवार के सामने ही उनकी पिटाई कर दी। इस मामले में अपराध कायम करने के बाद चारों युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

साल के अंतिम दिनों में बिलासपुर के डिप्टी कलेक्टर अपने परिवार के साथ पेंड्रा इलाके के भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर में दर्शन के लिए गये हुए थे। मंदिर दर्शन के बाद मंदिर के कुछ दूर पर ही परिवार के साथ प्रसाद खा रहे थे, तभी चार युवक वहां पहुंच गये और पैसे की डिमांड करने लगे। डिप्टी कलेक्टर टंडन ने जब पैसे देने से इंकार कर दिया, तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर युवकों ने डिप्टी कलेक्टर टंडन को परिवारवालों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केरल असेंबली में सीएए का विरोध, प्रसाद बोले-हक नहीं

तिरुवनंतपुरम ए.। केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि नागरिकता पर कानून पारित करने का अधिकार सिर्फ संसद को है, किसी विधानसभा को नहीं। फिर चाहे केरल हो या कोई और राज्य। बता दें कि सीएए को रद्द करने की मांग करते हुए राज्य विधानसभा में मंगलवार को एक प्रस्ताव पेश किया, जिसे पारित कर दिया गया। रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'नागरिकता पर कानून पारित करने का अधिकार सिर्फ संसद को है, किसी विधानसभा को नहीं। फिर चाहे केरल हो या कोई और राज्य। किसी भारतीय नागरिक से संबद्ध नहीं है। सीएए किसी भारतीय को न तो नागरिकता देता है, ना ही इसे छीनता है। निहित स्वार्थी तत्व बहुत दुष्प्रचार कर रहे हैं। सीएए बिल्कुल संवैधानिक और कानूनी है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

4 स्टार जनरल बने सीडीएस रावत

नई दिल्ली। देश को पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफमिल गया है। 31 दिसंबर को आर्मी चीफ के पद से रिटायर हो रहे जनरल बिपिन रावत भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफहोंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के दिन देश को संबोधित करते हुए लाल किला से घोषणा की थी कि अब भारत में चीफऑफडिफेंस स्टाफकी एक पोस्ट होगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वैचारिक झुकाव की वजह से सीडीएस पद पर रावत की नियुक्ति : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने चीफऑफडिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) के तौर पर जनरल बिपिन रावत की नियुक्ति को लेकर मंगलवार को कई सवाल खड़े किए। कांग्रेस का आरोप है कि 'वैचारिक झुकाव' की वजह से ही बिपिन रावत को सरकार ने सीडीएस नियुक्त किया है। सरकार के कदम को गलत बताते हुए पार्टी ने सीडीएस के कार्यक्षेत्र को लेकर भी सरकार से सवाल पूछे हैं। आपको बता दें कि रावत आर्मी चीफ के तौर पर भी कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं के निशाने पर रहे हैं। पार्टी के एक नेता ने उन्हें 'सड़क छाप गुंडा' ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम



दो टूक

नए सेना प्रमुख ने कहा, आतंकी घुसपैठ के लिए सीजफायर उल्लंघन कर रहा पाक

पाक का छद्मयुद्ध ज्यादा दिन नहीं चलेगा

नई दिल्ली ए.। नए थल सेना अध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे ने आतंकवाद को लेकर पड़ोसी देश पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि उसका यह पैंतरा अधिक दिनों तक नहीं चल सकता है। मंगलवार को जनरल बिपिन रावत के उत्तराधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले इंटरव्यू में नरवणे ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। हम उनसे निपटने के लिए तैयार हैं। सेना की ऑपरेशनल तैयारियों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि मेरा मुख्य फोकस आर्मी को किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार करना होगा। 37 वर्षों की सेवा में जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में अत्यधिक सक्रिय आतंकवाद ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मेरा मुख्य फोकस आर्मी को किसी भी समय किसी भी खतरे का सामना करने के लिए तैयार करना: नरवणे

मुकुंद नरवणे ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 निष्प्रभावी किए जाने को लेकर कहा, जमीन पर सुधार

आतंकवाद वैश्विक समस्या

जनरल मुकुंद नरवणे ने कहा, 'आतंकवाद एक वैश्विक समस्या है। भारत सालों से आतंकवाद प्रभावित रहा है। अब पूरी दुनिया और कई देश आतंकवाद से पीड़ित हैं और उन्हें इस खतरे का अहसास हो रहा है।

घुसपैठ के लिए सीजफायर, हम तैयार

सेना प्रमुख ने सीजफायर उल्लंघन को लेकर कहा, 'सीजफायर का उल्लंघन किया जा रहा है। हमें पता है कि दूसरी तरफलॉन्च पैड्स पर आतंकवादी है, जो सीमा पार करने की प्रतीक्षा में हैं, लेकिन हम उनसे निपटने को पूरी तरह तैयार है।

पीएफआई में सिमी के ही लोग सरकार लगाएगी प्रतिबंध : मौर्य

लखनऊ ए.। नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध के नाम पर यूपी में हुई हिंसा के मामले में योगी सरकार ने बड़ा फैसला किया है। हिंसा की साजिश में शामिल होने के आरोपी कट्टरपंथी संगठन पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर सरकार ने प्रतिबंध लगाने की तैयारी की है। खुद उत्तर प्रदेश के डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार के इस फैसले की पुष्टि की है। डेप्युटी सीएम ने कहा है कि पीएफआई का हाथ हिंसा की तमाम घटनाओं में सामने आया है और इस संगठन में सिमी के लोग ही शामिल है। ऐसे में अगर सिमी भी रूप में उभरने का प्रयास करेगा तो उसे कुचल दिया जाएगा।

यूपी में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ राज्यभर में हुए प्रदर्शनों के दौरान हिंसक वारदातों को अंजाम देने में इस संगठन की संलिप्तता का पता चला है। खुफिया रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में पीएफआई की भी बड़ी भूमिका थी। मंगलवार को योगी सरकार की बैठक के बीच ही प्रदेश के डेप्युटी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस बात की पुष्टि की है कि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नये साल में किस राशि की बदलेगी किस्मत किसको होगा नुकसान

मेष

शनि के वक्री होते ही नौकरी में बदलाव के आसार

साल की शुरुआत में गुरु का अष्टम भाव में अष्टमेष होकर विराजमान होने से आपकी सेहत पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पेट संबंधी रोग ज्यादा परेशान कर सकते हैं।

वहीं बृहस्पति की 9वीं दृष्टि आपके सुख भाल पर पड़ रही है जो आपके जीवन में आने वाली खुशियों का संकेत दे रहा है। इस समय आप जिस काम की योजना बना रहे हैं वो सफल होगा। चाहे घर खरीदने की योजना हो चाहे फिर वाहन खरीदने की। 30 मार्च को गुरु भाग्य के स्थान में आ जायेंगे जहां पहले से ही शनि विराजमान हैं। इन दोनों ग्रहों की युति आपके लिए शुभ संयोग बना रही है। जो आपको आपार सफलताएं दिला सकती हैं। बृहस्पति को अच्छा सलाहकार माना जा जाता है इसलिए शनि और गुरु के साथ होने से जीवन के हर एक पहलु पर अच्छे सुझाव मिलेंगे।झ मई के शुरुआती 15 दिन आपके लिए काफी शुभ रहने वाले हैं। लेकिन इस महीने के आखिरी 15 दिन शनि व गुरु की चाल उल्टी होने से आपकी परेशानियां बढ़ा सकते हैं। इस दौरान निवेश के कार्य बिल्कुल न करें। जून में गुरु के दोबारा से धनु राशि में आते ही आपके काम बनने लगेंगे। सितंबर तक हालात सामान्य बने रहेंगे। 23 सितंबर को राहु अपनी उच्च मानी जाने वाली राशि यानि की आपकी ही राशि में प्रवेश करेंगे तो कि आपके हुनर को निखारने में आपकी सहायता करेंगे। इस दौरान जमीन जायदाद का सुख भी मिल सकता है। इसी समय केतु भी अपनी राशि बदलकर आपकी राशि से सप्तम भाव में आ जाएंगें। जिस कारण पर्सनल लाइफमें आपको परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं।

वृष

करियर और वैवाहिक जीवन दोनों में मिलेगी सफलता

साल की शुरुआत में गुरु का अष्टम भाव में अष्टमेष होकर विराजमान होने से आपकी सेहत पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पेट संबंधी रोग ज्यादा परेशान कर सकते हैं।

वृषभ वार्षिक राशिफल 2020: आपकी राशि के स्वामी शुक्र आपकी राशि के भाग्य स्थान पर विराजमान हैं जिस कारण आपका 2020 साल काफी उन्नति भरा रहने वाला है।

वृषभ राशि वालों के लिए नया साल उम्मीदों से भरा रहने वाला है। आपको अपने सभी कार्यों में सफलता मिलने के प्रबल आसार दिखाई दे रहे हैं। आपकी राशि के स्वामी शुक्र आपकी राशि के भाग्य स्थान पर विराजमान हैं जिस कारण आपका 2020 साल काफी उन्नति भरा रहने वाला है। वही इस वर्ष पंचग्रही योग भी बनेगा जो आप पर काफी शुभ प्रभाव डालने वाला है। मंगल के सप्तम भाव में स्वराशिगत होने से आपको नए साल में वैवाहिक जीवन और बिजनेस दोनों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। वर्ष के आरंभ में शनि आपकी कुंडली के 12वें स्थान में होने से थोड़ा नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। जिस कारण आप शुरुआत में कुछ काम बनते बनते बिगड़ सकते हैं। इस दौरान आपको आत्मविश्वास बनाए रखना होगा। इस समय आपको ऊपर शनि की ढैय्या भी चल रही है। इसलिए आपको थोड़ा धैर्य रखने की जरूर पड़ेगी। लेकिन 24 जनवरी को शनि के राशि परिवर्तन के साथ आपको शनि की ढैय्या से मुक्ति मिल जायेगी।

मिथुन

भाग्य स्थान पर चंद्रमा दिलायेगा सफलता

चंद्रमा आपकी राशि में भाग्य स्थान पर रहेंगे जो कि आपको उन्नति दिलायेंगे। सेहत के लिहाज से नया साल आपके लिए काफी शुभ रहने के आसार हैं।

मिथुन राशि वालों के लिए नव वर्ष की शुरुआत पूरी एनर्जी के साथ हो रही है। बुध ग्रह आपका भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन करेगा। जिस कारण आप महत्वपूर्ण निर्णयों को लेने में सफल हो पायेंगे। बुध सूर्य के एक साथ होने से बुधादित्य योग भी बन रहा है। जो एक शुभ योग माना जाता है। साथ ही गुरु वर्ष की बेहतर प्लानिंग बनाने में आपकी मदद कर रहे हैं। जिस कारण किसी भी तरह का निर्णय लेने में आपको कोई परेशानी नहीं आएगी। चंद्रमा आपकी राशि में भाग्य स्थान पर रहेंगे जो कि आपको उन्नति, पदोन्नति दिलायेंगे। सेहत के लिहाज से नया साल आपके लिए काफी शुभ रहने के आसार हैं। इस साल आप अपने शरीर की तरफज्यादा ध्यान देंगे। फिट रहने की कोशिश कर सकते हैं। मंगल छठे भाव में होने के कारण प्रतिद्वंदी, विपक्षी, विरोधी अथवा शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। लेकिन ग्रहों की शुभ स्थिति आपको किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाने देगी। शुक्र के अष्टम भाव में होने के कारण आपके लाइफपार्टनर की सेहत कुछ खराब रह सकती है। हालांकि सप्तम भाव में बुध, गुरु, सूर्य, केतु और शनि के एक साथ विराजमान होने से आपकी पर्सनल लाइफमें अचानक से उतार-चढ़ाव देखने को मिलेंगे। कभी प्रेम तो कभी मनमुटाव की स्थिति बन सकती है। सप्तम भाव में बन रहे इस पंचग्रही योग का सीधा प्रभाव आपके दांपत्य जीवन के साथ-साथ बिजनेस, फाइनेंस आदि लाइफके विभिन्न पहलुओं पर पड़ेगा।

कर्क

वर्ष की शुरुआत में हो सकती है परेशानी

24 जनवरी के बाद शनि का राशि परिवर्तन होने से आपके करियर में भी कुछ बदलाव आ सकता है। हो सकता है आप कुछ नया करने की सोचें जो आपके पक्ष में रहेगा। व्यापारियों के लिए शनि का मकर में गोचर लाभकारी साबित होगा।

कर्क वार्षिक राशिफल 2020: वर्ष की शुरुआत में हो सकती है परेशानी, शनि के राशि परिवर्तन के साथ मिलेंगे अच्छे परिणामकर्क वार्षिक राशिफल 2020: 30 मार्च को गुरु मकर राशि में आ जायेगा जो आपकी राशि में भाग्य स्थान का स्वामी है। कार्य क्षेत्र में नई योजनाएं बना सकते हैं। कर्क राशि वालों को नये साल में कर्म के अनुसार फल मिलेगा। यानी जितनी मेहनत आप करेंगे रंग लायेगी। साल 2020 के ग्रहों की स्थिति के अनुसार आपको कर्म पर ज्यादा ध्यान देना होगा बजाय भाग्य के। वर्ष की शुरुआत में कर्क वालों के लिए चंद्रमा अष्टम भाव में रहेंगे जो आपको स्वास्थ्य के मामले में थोड़ा परेशान कर सकते हैं। इस समय आपको कई प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। दरअसल आपकी राशि के छठे स्थान पर बुध, गुरु, शनि और केतु बैठे हैं जो आपको कार्यक्षेत्र में नए नए अवसर प्रदान करेंगे। बुध और शनि आपके लिए विपरीत राजयोग बना रहे हैं जिससे आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। यात्राएं काफी करनी पड़ सकती है। अचानक से धन की प्राप्ति के आसार भी हैं। 24 जनवरी के बाद शनि का राशि परिवर्तन होने से आपके करियर में भी कुछ बदलाव आ सकता है। हो सकता है आप कुछ नया करने की सोचें जो आपके पक्ष में रहेगा। व्यापारियों के लिए शनि का मकर में गोचर लाभकारी साबित होगा।

सिंह

नया साल आपके लिए काफी उन्नति भरा रहने वाला है

करियर के लिहाज से ये नया साल आपके लिए काफी उन्नति भरा रहने वाला है। सप्तम भाव में चंद्रमा आपकी जीवन साथी से अच्छी बॉन्डिंग की तरफइशारा कर रहा है।

ग्रहों की चाल सिंह राशि वालों के लिए कैसा बता रही है नया साल, जानिएसिंह वार्षिक राशिफल 2020: 24 जनवरी को शनि आपकी राशि से छठे स्थान में आ जायेंगे। इससे आपके शत्रुओं की संख्या बढ़ सकती है। नव वर्ष 2020 सिंह राशि वालों के मान-सम्मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा। आपकी राशि के स्वामी सूर्य पंचम स्थान में बुध, गुरु, शनि व केतु के साथ बैठकर बुधादित्य योग बना रहे हैं जो कि इस वर्ष आपकी साख में बढ़ोतरी के संकेत हैं। करियर के लिहाज से ये नया साल आपके लिए काफी उन्नति भरा रहने वाला है। सप्तम भाव में चंद्रमा आपकी जीवन साथी से अच्छी बॉन्डिंग की तरफइशारा कर रहा है। तो वहीं अगर लव लाइफकी बात करें तो इस वर्ष अविवाहित जातकों के लिये विवाह के योग बनेंगे। प्रेम संबंधों में आ रहे तनाव खत्म होंगे। मंगल की शुभ स्थिति से आपको नये घर, नए वाहन या किसी बड़ी प्रोपर्टी की खरीददारी के योग भी बन रहे हैं। संतान प्राप्ति की कामना पूरी हो सकती है। 24 जनवरी को शनि आपकी राशि से छठे स्थान में आ जायेंगे। इससे आपके शत्रुओं की संख्या बढ़ सकती है। सेहत साथ कम देगी। 30 मार्च को मकर राशि में बृहस्पति के प्रवेश करते ही आपको प्रतिस्पर्धाओं में सफलता के योग बनेंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। बृहस्पति और शनि की युति से नीच भंग राजयोग भी बन रहा है। जो आपको कोई बड़ी सफलता दिला सकता है। इस समय लाभ प्राप्ति के किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

कन्या

जातकों को सफलता और सौभाग्य देगा नया साल

कन्या वार्षिक राशिफल 2020: जातकों को सफलता और सौभाग्य देगा नया साल, लव लाइफके लिए शुभ संकेतकन्या वार्षिक राशिफल 2020: साल 2020 के पहले महीने यानी जनवरी से आपका अच्छा समय शुरू हो जाएगा। 24 जनवरी को शनि परिर्तन होगा।

राशिफल 2020 के अनुसार कन्या राशि वालों के लिए नया साल शुभ रहने के आसार हैं। साल 2020 विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे कन्या राशि के लोगों के लिए बेहतर होने वाला है। इस साल कन्या राशि वालों को न सिर्फमान सम्मान बल्कि आर्थिक प्रगति भी मिलेगी। साल के प्रारम्भ में ही राशि का स्वामी बुध कन्या राशि से चौथे स्थान में गुरु, केतु, सूर्य और शनि के साथ विचरण कर रहे हैं। इस साल कन्या राशि वालों के लिए सफलता का अहम कारण बुधादित्य योग का बनना है। साल 2020 में आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। इस साल आप भाग्य के दम पर कर्म में भी खुद को साबित करेंगे। आप हर कार्य में खुद को आगे पाएंगे। संयोग से 2020 की शुरूआत ही बुधवार के दिन से हो रही है। साल के बदलने के साथ ही 2020 की लग्न कुंडली भी कन्या राशि की बन रही है। इस नाते साल 2020 के मुखिया भी बुध ही होंगे। जो आपको सौभाग्य देगा। इस राशि के जातकों के कर्म के राजा भी बुध ही हैं। इस साल बुध गुरु के साथ है। जिसका सीधा असर आपकी मेहनत पर पड़ेगा। यह आपको ज्यादा सफल बनाएगा। नौकरी के लिहाज से तो कन्या राशि वालों के लिए साल 2020 अच्छा है ही, बिजनेस करने वालों के लिए भी यह वर्ष शानदार रहेगा। बुध के साथ गुरु के अलावा सूर्य भी है। इन ग्रहों के साथ होने से आपको मानसिक तौर पर मजबूती मिलेगी।

तुला

मार्च में गुरु के राशि गोचर से बढ़ सकते हैं कष्ट

तुला राशि वालों के लिए साल 2020 काफी अच्छा रहने के आसार हैं। वर्ष कुंडली 2020 के अनुसार शुक्र आपकी राशि से चौथे भाव में बैठे हैं जो आपके पारिवारिक सुखों में वृद्धि के संकेत दे रहे हैं। नया वाहन इस दौरान खरीदा जा सकता है।

लव लाइफके लिए नया साल काफी लकी साबित होगा। आपकी राशि से पराक्रम के भाव में पंचग्रही योग बनने से आपको सफलताएं हासिल होंगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आपकी राशि के धन भाव में मंगल के होने से धन की प्राप्ति के आसार हैं। अचानक से पैतृक संपत्ति से भी लाभ मिल सकता है। जनवरी में शनि का राशि परिवर्तन आपके सुखों में वृद्धि करेगा। संतान से सुखों की प्राप्ति होगी। 30 मार्च को बृहस्पति मकर राशि में प्रवेश कर रहे हैं जो आपकी राशि में सुख का स्थान है। लेकिन सुख राशि में नीच राशि के होने से नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। लेकिन शनि के पहले से ही वहां होने पर नीच भंग राजयोग बनेगा जो आपके भौतिक सुखों में वृद्धि का सूचक बनेगा। 11 मई को शनि के वक्री होने से आपकी मान-प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। कार्यक्षेत्र में भी शनि की वक्री दृष्टि पड़ रही है जो आपको एक नई ऊर्जा देगी। चाहे आपके सामने लाख परेशानियां आएं लेकिन आप सभी का डट कर सामना करेंगे। 14 मई को बृहस्पति वक्री हो जायेंगे जो आपको विदेश यात्रा के योग बना रहे हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक यात्रा पर भी जा सकते हैं। विवाह के योग भी बनेंगे। साहस बढ़ेगा। 30 जून को गुरु का धनु राशि में परिवर्तन भाग्य के लिए अच्छा रहने वाला है। जिससे आपको रूके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। 13 सितंबर से गुरु के मार्गी होने से आप अपने कार्यों को अच्छे से पूरा कर पायेंगे। शत्रु प्रबल होंगे जिन पर आपको नजर रखनी पड़ेगी।

वृश्चिक

पैसों के साथ कई परेशानियां देगा यह साल

चंद्रमा भाग्य के स्थान पर होगा। जो आपको तरक्की की ओर ही ले जाएगा। यह आपकी इच्छाएं पूरी करेगा। हर राशि के जातक की तरह ही वृश्चिक राशि के लोगों को भी साल 2020 से कई उम्मीदें हैं। वृश्चिक राशि का वर्ष 2020 का राशिफल शुभ संकेत लेकर आया है।

इस साल वृश्चिक राशि के लोगों को सुख-समृद्धि मिलने के योग हैं। इस राशि के स्वामी मंगल हैं। इस साल मंगल अपने स्थान में ही रहेंगे। ऐसा होना रूचक महायोग बनाता है। यह आपको तरक्की देता है। मंगल के अपने भाव में रहने से आपको वाहन का सुख मिल सकता है। यह आपको बेहतर स्वास्थ्य भी देगा। वृश्चिक राशि के जातकों की साल 2020 की कुंडली के मुताबिक, इस साल लोगों को मनमुताबिक तरक्की मिल सकती है। ऐसा धन स्थान में पंचग्रही योग बनने का कारण संभव हो पाएगा। चंद्रमा भाग्य के स्थान पर होगा। जो आपको तरक्की की ओर ही ले जाएगा। यह आपकी इच्छाएं पूरी करेगा। लेकिन यहां पर शनि की मौजूदगी आपको चिंता में डाल सकती है। चंद्रमा पर शनि की निगाहें रहेंगी। यह आपके लिए शुभ संकेत नहीं हैं। इसके चलते आप खुद में आत्मविश्वास की कमी पाएंगे। इसके अलावा राहु भी आपको थोड़ा परेशान कर सकता है। साल के शुरू में ही राहु आठवें भाव में है। यह आपके स्थान में परिवर्तन करवा सकता है। केतु धन स्थान में रहेगा। हालांकि यह आपके लिए थोड़ा फायदेमंद साबित हो सकता है। साल की शुरूआत के पहले महीने की 24 तारीख को शनि का स्थान बदलेगा। जोकि आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। इस समय में आप अपने छोटे भाई बहनों के भविष्य के लिए भी चिंतित रहेंगे। 30 मार्च को गुरु का स्थान भी बदलेगा। यह शनि का साथ देने मकर राशि में आ जाएंगे। बृहस्पति आपकी राशि से पांचवें और धन भाव के मुखिया हैं।

धनु

नए साल की शुरुआत होगी शुभ

11 मई को शनि वक्र होंगे। जिससे धन हानि के संकेत मिल रहे हैं। इस समय पर कोई भी लेन-देन न करें। 14 मई को गुरु मकर राशि में वक्री हो जाएंगे जिसके पश्चात आर्थिक स्थिति में आपको मिलाजुला असर देखने को मिल सकता है।

नए साल की शुरुआत होगी शुभ, लेकिन राहु के राशि परिवर्तन के साथ मिल रहे ये संकेतधनु वार्षिक राशिफल 2020: वर्ष की शुरुआत में शनिदेव 24 जनवरी को मकर राशि में आ जायेंगे जो आपकी राशि से दूसरे स्थान पर रहेंगें। धनु राशि के जातकों के लिये वर्ष 2020 काफी शुभ रहने के आसार हैं। क्योंकि वर्ष की शुरुआत में ही राशि स्वामी बृहस्पति आपकी राशि में विराजमान रहेंगें। गुरु का स्वराशि में होने से हंस महायोग बनेगा। ये योग आपको अपने कार्यों को पूरा करने की ऊर्जा प्रदान करेगा। धन के स्थान में शुक्र विराजमान हैं शुक्र को वैभव का कारक माना जाता है। इनके प्रभाव से इस वर्ष आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत रहेगी। भाग्य के स्वामी सूर्य के विराजमान होने से आपको भाग्य का भी पूरा साथ मिलेगा। कम प्रयासों में सभी काम बनते चले जायेंगे। कर्मभाव व दांपत्य जीवन के स्वामी ग्रह बुध केंद्र में ही गुरु केतु सूर्य शनि के साथ विराजमान हैं इसके प्रभाव से आप कार्यक्षेत्र में कुछ अच्छा प्रदर्शन कर पायेंगे। खासकर शिक्षा से संबंधित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को लाभ मिलने के ज्यादा आसार रहेंगे। विदेश में शिक्षा पाने के इच्छुक जातकों का सपना पूरा हो सकता है। राहू के सप्तम स्थान में होने से आपके दांपत्य जीवन में कुछ अनबन हो सकती है। नए प्रेमी प्रेमिकाओं के रिश्तों को तोड़ने का राहु काम कर सकता है। ऐसे में आपको अपने साथी पर विश्वास बनाए रखाना होगा। वर्ष की शुरुआत में शनिदेव 24 जनवरी को मकर राशि में आ जायेंगे जो आपकी राशि से दूसरे स्थान पर रहेंगें।

मकर

साल की शुरुआत में हो सकता है आर्थिक कष्ट

मकर राशि के जातकों पर साल 2020 का असर वर्ष 2019 की तरह ही होगा। हालांकि, यह असर साल के शुरुआती कुछ समय के लिए ही होगा। साल 2019 में आपके द्वारा की गई आर्थिक गलतियों के चलते 2020 के शुरुआती कुछ महीने प्रभावित होंगे।

इस साल आपकी राशि के 12वें भाव में पांच ग्रह एक साथ हैं। जो आपके लिए परेशानियों का कारण बनेंगे। हालांकि, कुछ मौकों पर यह फायदेमंद भी साबित होंगे। मकर राशि के व्यापारी जातक कई अन्य जगह भी निवेश कर सकते हैं। इस साल लाभ के भाव में मंगल विराजमान है। जो आपको अंदर से मजबूत बनाएगा। शनि की साढ़े साती से भी राहत मिल सकती है। जिसका पहला चरण खत्म हो जाएगा। 24 जनवरी 2020 को आपकी राशि में शनि प्रवेश करेगा। इससे आपके कार्य कुशलता में बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, यह शनि का शश महायोग बनने के चलते ही संभव हो पाएगा। 30 मार्च को आपकी राशि में गुरु भी आ जाएगा। यह गुरु की नीच राशि है। जोकि अशुभ होता है। लेकिन आपकी राशि में शनि पहले से हैं। जो एक ही राशि के हैं। गुरु के साथ शनि का गोचर करना नीचभंग राजयोग बनाएगा। जिसका आप पर सकारात्मक असर पड़ेगा। यह आपका मान सम्मान, धन आदि बढ़वाएगा। 11 मई को शनि वक्री हो जाएंगे। इसके प्रभाव आपमें दिखाई पड़ेंगे। इसके चलते आपमें कई चीजों के लिए रुचि खत्म होती दिखेगी। यह आपकी जगह बदलने का कारण भी बन सकता है। इस दौरान आपका अहित चाहने वाले भी फिराक में बैठे रहेंगे। 14 मई को गुरु वक्री होंगे। हालांकि, इससे गुरु का असर अलग-अलग हो जाता है। यह आपके कार्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

कुंभ

शनि साढ़े साती होगी शुरू, शुरूआत में मिलेंगे विपरित फल

नये साल में शनि आपकी राशि के 12वें स्थान में आ जायेंगे। जिससे आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। शारीरिक कष्टों का सामना भी करना पड़ सकता है।

साल 2020 में कुंभ राशि वालों पर शनि साढ़े साती शुरू होने जा रही है। ये साल आपके लिए कष्टकारी साबित हो सकता है। हालांकि साल की शुरुआत तो अच्छी होगी लेकिन 24 जनवरी को शनि के राशि परिवर्तन करते ही आपके कष्ट बढ़ जायेंगे। धन संबंधी परेशानियां महसूस होने लगेंगी। जानिए क्या कहते हैं आपके सितारे साल 2020 के लिए। शनि आपकी राशि के 12वें स्थान में आ जायेंगे। जिससे आपके खर्चों में बढ़ोतरी होगी। शारीरिक कष्टों का सामना भी करना पड़ सकता है। सिर दर्द पूरे साल परेशान करता रहेगा। कुंभ राशि वालों के लिए 30 मार्च को गुरु का राशि परिवर्तन काफी पॉजिटिव दिखाई दे रहा है। लेकिन जल्दबाजी में निर्णय लेने से आपको लाभ कम नुकसान ज्यादा देखने को मिल सकता है। निवेश करने के लिए आपको थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है। कुंडली में 11 मई को शनि वक्र हो जायेंगे। जो आपकी परेशानियों में बढ़ोतरी के संकेत दे रहे हैं। हालांकि आप इस दौरान अपनी समझदारी से परेशानियों का हल निकाल पाने में सफल हो सकते हैं। शनि को मजबूत करने के लिए आप शनि की पूजा जरूर करें। इसके साथ काले घोड़े की नाल से बना छल्ला अपनी हाथ की बीच वाली उंगली में धारण करें। 14 मई को गुरु के वक्री होने से आपकी लाभ की स्थिति फिर बनने लगेंगी। रूके हुए कार्य पूरे करने के लिए अच्छा समय रहेगा। 30 जून को गुरु के फिर से धनु राशि में जाते ही आपको धन वृद्धि के अवसर प्राप्त होने लगेंगे।

मीन

ग्रह देंगे पूरा साथ, साल होगा शानदार

14 मई को गुरु वक्र हो जाएंगे। यह आपके लिए अच्छा साबित होगा। इस दौरान गुरु की वक्र नजर उच्च राशि पर होगी। जो बच्चों और शिक्षा के लिए शुभ होगा। यह विवाह के योग भी बनाएगा।

साल 2020 मीन राशि के जातकों के लिए खुशियां लेकर आने वाला है। इस साल करियर, नौकरी, बिजनेस आदि में तरक्की होगी। इस राशि के जातकों को परिवार, दोस्तों और सहयोगियों का साथ मिलेगा। भाग्य भी पूरी तरह से आपके साथ रहेगा। स्वराशि होकर भाग्य के स्वामी मंगल भाग्य भाव में ही हैं। यह आपके भाग्योदय का सबसे बड़ा कारण हो सकता है। इतना ही नहीं, यह आपके साथ आपकी जीवन साथी के भाग्य को भी चमका सकता है। गुरु के साथ बुध है, जो शादी का कारक माना जाता है। वैभव का ग्रह शुक्र भी लाभ स्थान में ही है। जातकों को उनका साथी इस साल मिल सकता है।

24 जनवरी को शनि का परिवर्तन आपकी राशि के इनकम की जगह में होगा। यह आपको आर्थिक तौर पर मजबूत करेगा। हालांकि, आय के अनुपात में खर्च भी बढ़ेगा। इस दौरान आपको अपनी सेहत का ख्याल रखना होगा। 30 मार्च को गुरु कर्म के स्थान से निकलकर लाभ के स्थान में प्रवेश करेगा। यह जातकों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगी। लाभ के स्थान पर पहले से ही शनि है, यह साथ नीत भंग राजयोग बनाएगा। इससे आप शारीरिक रूप से मजबूत होंगे। इतना ही नहीं लंबे समय से टिकी बीमारी भी खत्म हो सकती है। आपको आपकी मेहनत के अनुरूप ही फल मिलेगा। शनि 11 मई को वक्री होंगे। यह जातकों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। पैसा आने के रास्ते बंद होने के भी संकेत हैं।

■ न्यूज गैलरी

पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय डंगनिया रायपुर में नववर्ष के आगमन पर दिनांक 01 जनवरी 2020 को प्रातः 11.00 बजे विद्युत सेवाभवन में पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा अधिकारियों/कर्मचारियों को नूतन वर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की जायेगी। इस अवसर पर पॉवर कम्पनीज के प्रबंध निदेषक, निदेषकगण एवं समस्त कर्मियों द्वारा शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया जायेगा। पॉवर होल्डिंग कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री ए.के. सतसंगी द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों से पूर्वान्ह 11.00 बजे विद्युत सेवाभवन डंगनिया में उपस्थिति हेतु आमंत्रित किया गया है।

सिंचाई परियोजनाओं के लिए 28 करोड़ मंजूर

रायपुर। राज्य शासन ने विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के लिए 28 करोड़ 11 लाख 57 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से 20 हजार 950 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा की सुरही व्यपवर्तन योजना के रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए 18 करोड़ 26 लाख 23 हजार स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 1195 हेक्टेयर क्षेत्र मे सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगो परियोजना अंतर्गत विकासखण्ड डभरा/मालखरौदा की सिंघरा वितरक नहर प्रणाली की उप वितरक एवं माईनर नहरों के सुधार कार्य के लिए पांच करोड़ 85 लाख 53 हजार स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 19 हजार 600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत भिलौनी एनीकट योजना के लिए तीन करोड़ 99 लाख 81 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 155 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

वैश्य साहू महिला समाज समिति का हुआ गठन

रायपुर। रायपुर में वैश्य साहू समाज रायपुर ,रायपुर वैश्य साहू महिला समाज समिति का गठन सर्वसहमति से किया गया। जिसमें श्रीमती माधुरी मनीष साहू बंजारी चौक को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया तथा शिखा कपिल गोल्हानी को सचिव पद पर नियुक्त किया गयाइस बैठक में हमारे वैश्य साहू समाज के प्रांतीय अध्यक्ष अशोक साहू, विष्णु साहू, राजेंद्र साहू,विनोद साहू परमेश्वर साहू साथ ही समाज के प्रतिष्ठित युवा समिति के सदस्य महिला एवं पुरुष सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उत्तरी हवा ला रही ठंड और कोहरे का कहर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा और मौसम साफहोते ही रायपुर में ठंड का दौर जारी है। सोमवार को रायपुर का न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस पर आया है, जो कि सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। दोपहर में धूप निकलने से ठंड में थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन सर्द हवा की वजह से रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। खासकर शहर के आउटर इलाके में लोग ठंड से कांप रहे हैं। 30 दिसंबर को रायपुर का अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

एक दिन पहले 29 दिसंबर को रायपुर में अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस था, जो कि सामान्य से तीन डिग्री से. नीचे और न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री से. रिकार्ड हुआ था, जो कि सामान्य से दो डिग्री से. नीचे चला गया था।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक और दो जनवरी को हल्की या मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिम विक्षोभ देश के उत्तरी हिस्से में प्रवेश करता है। इसके कारण मुख्य रूप से जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बारिश होती है। गुजरने के पहले बादल छना, न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी और बारिश होती है। इसके गुजरते ही फि न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। यदि अरब सागर से नमी की आपूर्ति होती है तो महाराष्ट्र से उड़ीसा तक न्यूनतम तापमानों में बढ़ोत्तरी और वर्षा होती है। यदि द्रोणिका बंगाल की खाड़ी तक बन जाए तो उत्तर-पूर्व के राज्यों तक ऐसी स्थिति बन जाती है।

दिन में भी बढ़ी ठिठुरन

ठंड से बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था और कंबल वितरण करें

रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से अलाव-गर्म कपड़े की व्यवस्था करने के दिए निर्देश

रायपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के चेयरमेन श्री सोनमणि बोरा ने छत्तीसगढ़ के सभी कलेक्टर एवं अध्यक्ष, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा को ठंड से बचाव करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अभी पूरे प्रदेश में अधिक ठंड पड़ रही है। साथ ही शीत लहर की भी स्थिति निर्मित हो गई है। इन परिस्थितियों में आमजनों को ठंड से बचाने के लिए साधन मुहैया कराने की आवश्यकता पड़ रही है। आने वाले दिनों में भी ठंड में वृद्धि होने की संभावना है। श्री बोरा ने कहा है कि रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवश्यकता अनुसार अलाव की व्यवस्था करें और गरीबों को कंबल आदि गर्म कपड़ों का वितरण करें। उन्होंने कहा है कि ठंड को देखते हुए रैन-बसेरा, अस्थायी शरणस्थल, फुटपाथ, निःसहाय और ओवर ब्रिज के नीचे, रेल्वे प्लेटफार्म, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों, बस स्टैण्ड और झुग्गी झोपड़ियों में निवास करने वाले गरीबों के लिए नगरीय निकाय एवं पंचायत विभाग के समन्वय से रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से आवश्यक व्यवस्था करें।

हमारी सांस्कृतिक विविधता पर ग्यारह दिवसीय कार्यशाला शुरू

रायपुर। सांस्कृतिक मूल्यों और विरासतों से परिचित कराने के लिए 30 दिसम्बर को यहां जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में 'हमारी सांस्कृतिक विविधता' विषय पर ग्यारह दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। कार्यशाला में नागालैंड, पाण्डीचेरी, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक और छत्तीसगढ़ से लगभग 100 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यशाला में भारत की विविधता में एकता और सामाजिक सदभावना में स्कूलों और विद्यार्थियों की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। कार्यशाला का शुभारंभ डाइट रायपुर के प्राचार्य श्री एम. के. प्रधान की अध्यक्षता में किया गया। सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र नई दिल्ली और डाइट रायपुर के सहयोग से आयोजित कार्यशाला 9 जनवरी तक होगी। कार्यशाला में कक्षा पहली से 12वीं कक्षाओं तक के विषय शिक्षक को आमंत्रित किया गया है। शासकीय शालाओं में अध्यापन कर रहे 52 वर्ष से कम आयु के शिक्षकों को बुलाया गया है। ग्यारह दिवसीय प्रशिक्षण में विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत, स्कूलीय छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता पैदा करना, मीडिया और भारत की सरकार की स्वास्थ्य परंपराओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। संस्कृति को बढ़ावा देने वाली एजेंसियां, स्वच्छ भारत अभियान-अपशिष्ट प्रबंधन में अच्छी प्रथाएं, रचनात्मक कठपुतली, रंगमंच के माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति, पारंपरिक शिल्प मुखौटा, गोंड पेटिंग और जूट क्राफ्ट से संबंधित समूह गतिविधियां कराई जाएंगी।

10 फरवरी से अस्तित्व में छग का 28वां जिला

सीएम ने गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को जिला बनाने की थी घोषणा

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 15 अगस्त 2019 को रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में बिलासपुर जिले के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को छत्तीसगढ़ का 28वां जिला बनाने की घोषणा की थी। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को जिला बनाने के संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन छत्तीसगढ़ राजपत्र में 30 दिसम्बर को कर दिया गया है। नवीन जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 10 फरवरी 2020 से अस्तित्व में आयेगा। बिलासपुर जिले की पेण्ड्राडोड, मरवाही एवं पेण्ड्रा तहसील को मिलाकर नवीन जिला का सृजन किया गया है। नवीन जिले की उत्तरी सीमा में, कोरिया जिले के तहसील मनेन्द्रगढ़, दक्षिण सीमा में बिलासपुर जिले की कोटा तहसील और मुंगेली जिले की लोरमी तहसील, पूर्वी सीमा में कोरबा जिले की कटघोरा तहसील और पश्चिम सीमा में मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले की सोहागपुर एवं पुष्पराजगढ़ तहसील निर्धारित है।

मौसम आधारित कृषि सलाह

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती से संबंधित सामयिक सलाह दी है। लगातार बदली के मौसम को देखते हुए दलहन-तिलहन एवं सब्जी वाली फसलों में माहू के प्रकोप की आशंका हैं। इसके लिए सतत निगरानी रखे एवं प्रारंभिक प्रकोप दिखने पर नीम आधारित कीटनाशकों का छिड़काव करें।

सुरक्षित भण्डारण के लिए अनाज को अच्छी तरह से सुखाने के बाद ही (10-14% नमी) रखें। भंडार गृह में पुराने और नए अनाज को मिलाकर ना रखें। भंडार-गृह में कीट और चूहा-रोधी हो, भंडार-गृह के आसपास साफ सफाई रहे और समय-समय पर अनाज की जाँच करते रहना आवश्यक है। चने की फसल में उकठा रोग के निदान हेतु कुछ दिनों तक सिंचाई न करें। सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने पर चना, तिवडा एंव मसूर में बुवाई के 40-50 दिन बाद सिंचाई करें। गेहूँ की फसल यदि 21 दिन की अवस्था में है तो प्रथम सिंचाई आवश्यक रूप से करें। अरहर में फल भेदक कीटो के नियंत्रण हेतु इंडोक्साकार्ब 300 ग्राम 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टर की दर से छिड़काव करें। सरसों एंव कुसुम में अतिरिक्त पौधों को उखाड़कर पौधों की दूरी 20 से.मी. रखें।

ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

■ अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

■ मोटरसाइकिल के पीछे बैठे दो लोग घायल

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो लोग घायल हो गये। घटना की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 13 गुरुद्वारा के पीछे अभनपुर निवासी तेजेंदर सिंग 51 वर्ष पिता स्व. हरचंद सिंग माघट ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार को गुरुद्वारा के सामने देवपुरी में अज्ञात ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल से आ रहे प्रार्थी का लड़का प्रितपाल सिंग माघट 26 वर्ष को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे योगेश तिवारी एवं प्रभात पांडेय ट्रक की ठोकर लगने से घायल हो गये।

घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है।

चाकू व अस्तुरा से मारकर दो लोगों चोट पहुंचाया

रायपुर। शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर व आपसी विवाद में कोतवाली व सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की घटनाएं सामने आयी है। मिली जानकारी के अनुसार कैलाशपुरी पुरानी बस्ती रायपुर निवासी उत्तम गुप्ता पिता स्व. कन्हैया प्रसाद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सोमवार को खादी ग्रामोद्योग महितोष चौक थाना कोतवाली के पास बिट्टू नामक युवक ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर अस्तुरे से मारकर चोट पहुंचाया। वहीं सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में कृष्णा नगर कोटा सरस्वती नगर रायपुर निवासी मनोज जगत पिता बोडु जगत ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि कोटा सिद्धेश्वरी मंदिर के पास सोमवार को श्याम छूरा 19 वर्ष पिता उत्तम नायक निवासी कोटा सरस्वती नगर ने प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसा मांगा नहीं देने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

बाजार हुए गुलजार...

रायपुर (नवप्रदेश)। लगातार ठंड के कारण राजधानी रायपुर में गर्म कपड़ों के बाजारों में उमड़े खरीदार।

स्वच्छता रेटिंग 100 फीसदी स्वच्छता एप प्रयोग करने वाले व यूजर चार्ज देने वाले परिसर को मिलेंगे पूरे अंक

स्वच्छता के लिए मोहल्ले व कॉलोनी की सफाई महत्वपूर्ण

स्वच्छता संबंधी नारे लेखन व सार्वजनिक शौचालय बने होने पर भी मिलेंगे पूरे अंक

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में इस बार मोहल्ला एवं रहवासी संघ की साफ-सफाई को लेकर उस क्षेत्र में संचालित गतिविधियों पर अंक दिए जाएंगे। कमिश्नर शिव अनंत तायल के निर्देश पर जोन व स्वच्छता अमले को नगरीय क्षेत्र के सभी मोहल्ला एवं आवासीय परिसरों की जांच कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य ने बताया है कि इस बार सभी कॉलोनी, मोहल्ला व वेलफेयर एसोसिएशन की स्वच्छता रेटिंग में महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। ऐसे स्थलों व आवासीय परिसरों जहां गीला एवं सूखा कचरा पृथकरण, व डोर टू डोर कलेक्शन शत-प्रतिशत है उसे 20 अंक मिलेंगे, 80 प्रतिशत होने पर 15 अंक, 60 प्रतिशत पर 10 अंक, 30 पर 5 व 10 प्रतिशत होने पर केवल 3 अंक मिलेंगे। इन स्थलों से यूजर चार्ज सभी घरों से प्राप्त होने पर 20 अंक, 99 प्रतिशत पर 15 अंक, 80 पर 10, 70 पर 5, 50 पर 3 अंक और इससे कम पर शून्य अंक दिए जाएंगे। इन आवासीय मोहल्लों व परिसरों के भीतरी परिसर पूर्ण साफ रहने पर 10 अंक, 99 से 60 प्रतिशत क्षेत्र साफरहने पर 8 अंक, 59 से 40 पर 6, किंतु 39 प्रतिशत से कम होने पर शून्य अंक दिए जाएंगे।

स्वच्छता एप के प्रयोग पर भी अंक निर्धारित हैं। ऐसे मोहल्ले, आवासीय परिसर व उनकी वेलफेयर सोसाइटी जहां सौ प्रतिशत स्वच्छता ऐप डाउनलोड होने पर 20 अंक, 99 से 75 प्रतिशत पर 15 अंक, 74 से 50 प्रतिशत पर 10 अंक, 49 से 25 तक में 5 अंक व 25 प्रतिशत से कम होने पर 3 अंक दिए जाएंगे। आवासीय कॉलोनी में सार्वजनिक शौचालय होने पर 15 अंक और नहीं होने पर शून्य अंक दिए जाएंगे। यही नहीं स्वच्छता संबंधी नारे 10 स्थानों पर लिखे होने पर 15 अंक, 7 स्थानों पर लिखे होने पर 10 अंक, 5 पर 5 अंक एवं 4 से कम होने पर शून्य अंक दिए जाएंगे।

नगर निगम ने सभी वेलफेयर सोसाइटी से अनुरोध किया है कि अपने परिसर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। सभी घरों में स्वच्छता एप डाउनलोड कराएं। सार्वजनिक शौचालय, परिसर को स्वच्छ रखें एवं बैठक लेकर गीला एवं सूखा कचरा पृथक कर डोर टू डोर कलेक्शन के लिए आने वाले वाहन को सुलभ कराएं या अपने परिसर में ही नियमानुसार उसके निपटारे की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मंत्री साहू ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज विभागीय अधिकारियों के साथ नवा रायपुर के सेक्टर-24 में निर्माणाधीन मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास और मंत्रियों के आवास निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। इन भवनों का प्लिंथ एरिया के नीचे का भाग प्रगति पर है। श्री साहू ने गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एस.के. शर्मा, अधीक्षण अभियंता पी.एम. कश्यप सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगभग दो महीने पहले 25 अक्टूबर को नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-24 में 591 करोड़ 75 लाख रूपए की लागत के राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रीगणों के आवास गृह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का भूमिपूजन किया था। राजभवन कुल 12.60 एकड़ में विकसित होगा। यहां दरबार हॉल और सचिवालय भवन सहित विभिन्न भवन होंगे। मुख्यमंत्री आवास एवं कार्यालय 7.50 एकड़ में होगा। विधानसभा अध्यक्ष आवास एवं कार्यालय के लिए 3.19 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। इसी प्रकार मंत्रीगण व नेता प्रतिपक्ष आवास एवं कार्यालय 1.50 एकड़ में होगा। ऐसे 13 आवास बनाए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों हेतु 85 आवास बनाए जाएंगे। प्रत्येक आवास 0.45 एकड़ में निर्मित होगा। इन कार्यों के लिए सेक्टर-24 में 158 एकड़ पर तथा सेक्टर-18 में 64 एकड़ कुल 222 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, निर्माण कार्य के लिए 24 माह की समयावधि तय की गई है।

संपादकीय

तीनों सेनाओं में बेहतर होगा तालमेल

भारतीय आर्मी चीफ की सेवा निवृत्ती के बाद केन्द्र सरकार ने उन्हे चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त कर दिया है। यह पद फोर स्टार रैंक के बराबर होगा। जनरल बिपिन रावत को इस पद पर नियुक्त कर केन्द्र सरकार ने सही निर्णय लिया है। भारतीय आर्मी चीफ रहते हुए जनरल बिपिन रावत ने पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक को कामयाबी के साथ अंजाम दिया था यही नहीं बल्कि उनके नेतृत्व में भारतीय सेना ने न सिर्फ सीमा पार से की जाने वाली गोली बारी का मुंहतोड़ जवाब दिया था बल्कि कश्मीर में सक्रीय आतंकवादियों के खिलाफ भी सेना ने ऑपरेशन ऑल आउट को पूरी सफलता के साथ मुकाम तक पहुंचाया है। दुसरे शब्दों में कहे तो जनरल बिपिन रावत की अगुवाई में भारतीय सेना शक्तीशाली बन कर उभरी है। सीडीएस पद के लिए जनरल बिपिन रावत सबसे उपयुक्त सैन्य अधिकारी है। पड़ौसी देश पाकिस्तान के साथ अभी जो तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है उसे देखते हुए दोनों देशों के बीच जंग का खतरा बरकरार है ऐसी स्थिति में यह अवश्यक हो जाता है कि तीनों सेनाओं में बेहरत तालमेल हो ताकि दुश्मन को धूल चटाई जा सकें। सीडीएस पद का श्रीजन इसी उद्देश्य को सामने रख कर किया गया है। गौरतलब है कि दो दशक पूर्व जब कारगिल युद्ध हुआ था तो भारतीय थलसेना और वायुसेना के बीच तालमेल का अभाव नजर आया था। वायु सेना के उपयोग पर तात्कालीन वायुसेना अध्यक्ष और थलसेना अध्यक्ष की राय अलग-अलग थी बहरहाल कारगिल में भारत को जीत मिली थी उसी समय भायतीय सामरिक रणनीतिकारों ने सीडीएस का पद बनाने की शिफरिश की थी। किन्तु दो दशकों तक यह मामला अधर में लटका रहा। पिछले 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीडीएस पद श्रीजीत करने की घोषणा की थी जिसपर नए साल से अमल होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इटली, फ्रांस, यूके और श्रीलंका सहित लगभग 10 देशों में सीडीएस पद बनाया गया है। अब भारत में भी सीडीएस की नियुक्ति के बाद तीनों सेनाओं से जुड़े मामले में रक्षा मंत्री को सही सलाह मिलेगी उनकी जरूरतों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार होगा और तीनों सेनाओं में बेहतर तालमेल बनेगा जिससे युद्ध के दौरान ऑपरेशनों को सफलता पूर्वक अंजाम तक पहुंचाया जा सकेगा।

विचार

भारत को इस्लामी राष्ट्रों की चुनौती

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत भी कमाल का देश है। इसकी वजह से इस्लामी देशों में फूट पड़ गई है। दुनिया के 57 इस्लामी देशों का अब तक एक ही संगठन है। इस्लामी देशों का संगठन (ओआईसी) लेकिन अब एक दूसरा इस्लामी संगठन भी उठ खड़ा हुआ है। इसका नेतृत्व मलेशिया के राष्ट्रपति महाथिर मोहम्मद और तुर्की के राष्ट्रपति तय्यब इरदोगन कर रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने कश्मीर के पूर्ण विलय के मामले में भारत का विरोध किया था। लेकिन सउदी अरब और संयुक्त अरब अमारात ने उसे भारत का आतंरिक मामला कहकर टाल दिया था।

इन दोनों देशों के नेता एक-दूसरे के देशों में जाकर गदगद हुए थे और नरेंद्र मोदी को सउदी और यूएई ने अपने सर्वोच्च सम्मान भी दिए थे। इसकी काट करने के लिए पिछले हफ्ते मलेशिया में एक वैकल्पिक इस्लामी सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसमें तुर्की के अलावा ईरान के राष्ट्रपति हसन रुहानी भी शामिल हुए थे। इस वैकल्पिक इस्लामी सम्मेलन के पीछे अमेरिका-विरोधी भाव भी छिपा हुआ है।

इस सम्मेलन के नायक के तौर पर पाकिस्तान को उभरना था लेकिन सउदी अरब ने अड़ंगा लगा दिया। उसके इशारे पर इमरान खान ने मलेशिया जाने से मना कर दिया। तो अब कश्मीर के सवाल पर इस्लामी देशों का संगठन एक नया सम्मेलन आयोजित कर रहा है। पाकिस्तान और सउदी अरब दोनों को अपनी नाक बचानी है।

लेकिन अभी-अभी पता चला है कि इस्लामाबाद में होनेवाले इस सम्मेलन में इस्लामी राष्ट्रों के विदेश मंत्री भाग नहीं लेंगे। उनकी जगह उनके सांसद आएंगे। याने इन देशों की सरकारें भारत को कह सकेंगी कि जहां तक उनका सवाल है, कश्मीर के मुद्दे पर वे तटस्थ है। दूसरे शब्दों में वे भारत और पाकिस्तान दोनों को खुश करने की तरकीब कर रहे हैं। जाहिर है कि भारतीय विदेश नीति के लिए यह बड़ा धक्का है।0 यहां प्रश्न यही है कि जैसे पिछले इस्लामी सम्मेलन में भारत की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को ससम्मान आमंत्रित किया गया था, क्या इस बार भी भारतीय विदेश मंत्री या भारतीय सांसदों को उसमें आमंत्रित किया जाएगा ? मुझे लगता है कि ये इस्लामी राष्ट्र कश्मीर के कारण भारत के विरुद्ध उतने नहीं हो रहे हैं, जितने ये नागरिकता कानून और नागरिकता रजिस्टर की वजह से हो रहे हैं। भारत सरकार को इस चुनौती का सामना अत्यंत दूरदृष्टि के साथ करना होगा।

नये साल की नई चुनौतियां

उपेन्द्र प्रसाद

मांग पक्ष को मजबूत करने के लिए वह राजकोषीय नीतियों पर कम और मौद्रिक नीतियों पर ज्यादा निर्भर हो रही है। पर उससे भी लाभ नहीं हो पा रहा है, क्योंकि देश की वित्तीय व्यवस्था भी बदहाल स्थिति में है। मुद्रा नीति के कारण पहले से ही फटेहाल बैंक और फटेहाली की ओर धकेले जा रहे हैं और वित्त व्यवस्था को पटरी पर कैसे लाया जाय, इसके बारे में सरकार को कुछ सूझ नहीं रहा है। बदहाल वित्तीय व्यवस्था अर्थतंत्र के लिए साल पर खतरे पैदा करती रहेगी।

लोकतंत्र और अर्थतंत्र पर मंडराते रहेंगे खतरे

भारी उथल पुथल के साथ वर्ष 2019 बीत गया और अपने पीछे अनेक अनुत्तरित सवालों को छोड़ गया है। अब देखना होगा की इन सवालों के क्या जवाब भविष्य में छिपे हुए हैं। पिछला साल इस सदी के दूसरे दशक का अंतिम साल था। लिहाजा अब हम तीसरे दशक में प्रवेश कर रहे हैं और यह दशक आजाद भारत के इतिहास का सर्वाधिक महत्वपूर्ण दशक साबित हो सकता है। उस दशक में क्या कुछ होने वाला है उसकी झांकी इस नये साल में ही दिखाई पड़ जाएगी। अपने लोकतंत्र और अर्थतंत्र पर भारी संकट के साथ भारत ने नये साल में प्रवेश किया है। लोकतंत्र की संस्थाएं एक के बाद एक कमजोर हुई हैं और 2019 ने इस मामले में नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। मीडिया को लोकतांत्रिक व्यवस्था का चैथा खम्भा कहा जाता है। इसे लोकतंत्र का प्रहरी भी कहा जाता है, लेकिन जिस टीवी मीडिया की पहुंच जनता तक सबसे ज्यादा है, वह अब लोकतंत्र के लिए खतरे का रूप लेता दिख रहा है। लोकतंत्र में मीडिया सत्ताधारियों के सामने जनता की समस्या को उठाता है। उनको कटघरे में रखता है और उन्हें जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने की कोशिश करता है, लेकिन इसका उलटा देखा जा रहा है।

अब मीडिया सत्ताधारियों की ओर से जनता से सवाल करता है और उन्हें कटघरे में खड़ा कर रहा है। पिछले दिनों नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ हो रहे आंदोलनों के दौरान टीवी मीडिया के रिपोर्टर

आंदोलनकारियों से सीएए और एनआरसी के फुल फॉर्म पूछकर जनता को ही मूर्ख, बेवकूफ और अनपढ़ साबित करने में लगे हुए थे। वे भूल गए कि उनका काम जनता को शिक्षित करना है और राजसत्ता और उनसे खुद जुड़ी हुई जानकारियां उपलब्ध कराना है, न कि उनसे सवाल करना। जिनसे सवाल नहीं करना चाहिए, उनसे वे सवाल करते हैं और जिनसे सवाल करना चाहिए, उनके सामने चुप रहते हैं।

निश्चय ही मीडिया के इतिहास का काला अध्याय चल रहा है और आने वाले दिनों में इसमें बदलाव की कोई संभावना नहीं दिख रही है। इधर मीडिया पर हमले भी तेज हो गए हैं। पिछले दिनों आंदोलनकारियों ने उनपर अनेक स्थानों पर हमले किए। अब स्थिति यह हो गई है कि टीवी मीडिया अपने रिपोर्टर पर हो रहे हमलों को भी ब्लैकआउट करने लग गया है। आज टीवी मीडिया अपनी विश्वसनीयता खो चुका है और इसके साथ ही जनता का सम्मान भी। मीडिया के साथ साथ न्यायपालिका की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए जाने लगे हैं। सवाल खड़े करने वाले सिर्फ आमलोग ही नहीं हैं, बल्कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज रह चुके लोग भी सवाल उठा रहे हैं। यह लोकतंत्र के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि अभी लोग संदेह ही कर रहे हैं। साल 2020 यह तय करेगा कि यह संदेह खारिज हो जाता है या संदेह यकीन में बदल जाता है। भारतीय लोकतंत्र के लिए यह बहुत मायने रखने वाली घटना होगी। 2019 में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सबसे बड़ी सफलता हासिल की और राज्यसभा में भी उसके सांसदों की संख्या काफी हो चुकी है। इसके कारण कानून बनाने की उसकी ताकत बहुत बढ़ गई है। हालांकि यह भी सच है कि अनेक राज्यों की उसकी सरकारें अपदस्थ हो चुकी हैं और राज्यसभा में अगले साल उसकी ताकत बढ़ने की संभावना भी कम हो गई है, क्योंकि राज्यों के विधायक ही राज्यसभा के सांसदों के चुनकर संसद में भेजते हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश विधानसभा में प्रचंड बहुमत होने के कारण राज्यसभा में उसकी सीटें घटने भी नहीं जा रही हैं। हमारे लोकतंत्र की एक खासियत यह भी थी कि अपार सत्ता में होने के बावजूद बड़े मसलों पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती थी और उन मसलों को संसद में लाने के पहले उनपर आम राय बनाने की कोशिश की जाती थी। लेकिन वह परंपरा अब समाप्त हो गई है। अब सबकुछ अकस्मात होता है और सत्तारूढ़ दल ने मान लिया है कि उन्हें बहुमत मिलने का मतलब है कि वह जो भी चाहें कर सकते हैं। यह एक अलोकतांत्रिक प्रवृति है, जिसके कारण टकराव तेज होते हैं, लेकिन सच यह भी है कि अब सत्तारूढ़ दल जानबूझकर टकराव की स्थिति पैदा करता है। साल 2020 इस तरह के टकरावों का साल होगा।

लोकसभा चुनाव में जीत के बाद हुए तीन विधानसभा के चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा है। दो राज्य तो उसके हाथ से पूरी तरह निकल गए और हरियाणा में उसे दुष्यंत चैटाला की पार्टी के साथ सत्ता का बंटवारा करना पड़ा है। इन पराजयों के बावजूद भारतीय जनता पार्टी अपने एजेंडे को पूरी आक्रामकता के साथ् पूरा करने में लगी हुई है। 2020 के फरवरी महीने में दिल्ली विधानसभा का चुनाव होगा। साल के अंत में बिहार विधानसभा का चुनाव होगा। इनके नतीजे भी यह तय करेंगे कि भारतीय जनता पार्टी की आक्रामकता कौन सा रूप अख्तियार करती है। दिल्ली में तो भारतीय जनता पार्टी के सामने केजरीवाल के रूप में एक बड़ी चुनौती खड़ी है, लेकिन बिहार में प्रतिद्वंद्वी कमजोर है, लेकिन सहयोगी नीतीश कुमार की राजनीति भाजपा की परेशानी का सबब 2020 में बनती रहेगी। लोकतंत्र के साथ साथ अर्थतंत्र की हालत भी बहुत खराब है और सबसे खराब बात यह है कि सरकार को यह पता ही नहीं है कि आर्थिक चुनौतियों का सामना वह कैसे करे। बाजार में मांग की स्थिति बहुत कमजोर है। इसके कारण उद्योगों में मंदी आई हुई। सरकार मंदी को दूर करने के लिए उद्योगों को राहत दे रही है, लेकिन उससे मांग पक्ष मजबूत नहीं हो पा रहा है। *(संवाद)*

कुछ नए लक्ष्य तय करें और उनके लिए संकल्प लें

-राजेश माहेश्वरी

आने वाला नया साल नागरिकता कानून की जबरदस्त मुखालफत को लेकर प्रदर्शन वाला होगा, माहौल तो इसी ओर इशारा कर रहा है। विश्लेषक कहते हैं कि वर्ष 2019 को बीजेपी सरकार द्वारा अपने हिंदू राष्ट्रवाद के एजेंडे को अमली जामा पहनाने का साल माना जाएगा.।लेकिन प्रधानमंत्री के लिए अगला साल भी चुनौतियों से भरा हो सकता है। साल 2020 भी हिन्दू राष्ट्र के एजेंडे को जारी रखने का साल साबित हो सकता है।सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून ला सकती है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने साढ़े पांच साल के कार्यकाल में भारतीय राजनीति, अर्थव्यवस्था और समाज में जो डिफॉल्ट सेटिंग्स हैं, उसे बदलने का काम किया है।

नये साल का स्वागत। एक कुछ नएपन के एहसास के साथ नई उमंगों, नई सुबह-शाम, नई चेतनाओं, नई उम्मीदों, नए संकल्पों और नए लक्ष्यों के साथ। नये साल में सब कुछ नया ही नहीं है, बहुत कुछ पुराना भी है, जो साथ चलेगा और हम सबको निरंतरता का बोध कराता रहेगा। नये और पुराने का मिश्रण ही हमें संपूर्ण भी बनाता है, इसमें कोई दो राय नहीं है। साल नया है। इसलिए हमारे संकल्प और आशाएं भी नयी होंगी, होनी भी चाहिएं। बीते साल का विश्लेषण करते हुए हमें आगे बढ़ना है, और सुनहरे भविष्य की तस्वीर गढ़नी है। आज देश परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इस बीते एक साल में जीवन के हर क्षेत्र में देश में परिवर्तन देखने को मिले। देश को बहुत कुछ पाया और थोड़ा बहुत खोया भी। जहां हमारे हिस्से में खुशी के पल आए वहीं मायूसियां भी पेश आई। लेकिन ये तो जीवन चक्र है। हार-जीत, खुशी-गम, धूप-छांव दो पहियों की भांति साथ-साथ चलते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 की अंतिम 'मन की बात' में यूपी के फूलपुर के महिलाओं की तारीफकी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कुछ महिलाओं ने पूरे इलाके को प्रेरणा दी। उन्होंने साबित किया कि अगर एकजुटता के साथ काम किया जाये तो सबकी मदद हो सकती है। फूलपुर की महिलाओं ने मिलकर काम करने का संकल्प किया। वे चप्पलें बनाती हैं और लोग इन चप्पलों को बहुत पसंद कर रहे हैं। लोकल प्रॉडक्ट को हमें अपनी शान से जोड़ना चाहिए और साथी देशवासियों के लिए समृद्धि लाने की कोशिश करनी चाहिए। गांधी जी ने आत्मनिर्भर बनने के लिए यही रास्ता दिखाया था। पीएम मोदी ने लोगों से स्थानीय सामान खरीदने का आग्रह किया।

आज से एक शताबदी पूर्व राष्ट्रतिपा महात्मा गांधी जी ने एक बड़ा जन आन्दोलन शुरु किया था। इसका एक लक्ष्य था भारतीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि क्या हम संकल्प ले सकते हैं कि 2022 तक जब आजादी के 75 वर्ष पूरे होंगे, इन 2-3 साल हम स्थानीय उत्पाद खरीदने के आग्रही बनें? भारत में बना, जिसमें हमारे देशवासियों के

पसीने की महक हो, ऐसी चीजों को खरीदने का हम आग्रह कर सकते हैं क्या? जब प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में ऐसे उदाहरण देते हैं और देशवासियों से अपील करते हैं तो सवाल आता है कि यह प्रेरणाएं कहां से आईं? निश्चित रूप से छोटे संकल्प और हासिल करते बड़े लक्ष्य। यह भी निरंतर प्रयासों और अनुसंधानों का ही प्रतिफल है कि आज भारत जल, थल और नभ में परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र है और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस साल भारत के नाम कई उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। खेल, शिक्षा, अंतरिक्ष, विज्ञान, कृषि, पशुपालन, तकनीक लगभग हर क्षेत्र में नये-नये कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। लेकिन राजनीतिक तनाव, असहिष्णुता, सांप्रदायिक डर, भीड़ की हिंसा आदि भी बीते साल में व्यापक स्तर पर देखे गए। यह नकारात्मकता है। चूंकि इन तमाम बुनियादी तत्त्वों को मिलाकर ही लोकतंत्र बनता है और 2020 में ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी परीक्षा है, लिहाजा उसकी चिंता भी हम सब की है।

बेशक साल की ताजगी में जोश है, उन्माद है और अवश्यंभावी घटनाक्रम अपनी तरह के अवसर देगा। हर किसी के लिए नई किरणें आगे बढ़ने का मौका हो सकती हैं, तो आंकड़ों में दर्ज मुलाकात का नया सफर हमें मेहनत करने का अवसर दे रहा है। रुके हुए काम, तमाम अवरोधक और अतीत की व्यथा से आज भिन्न कैसे हो, यही तो है सोचने, अपनाने और करने की जादुई क्षमता। अगर छात्र तय कर लें कि अब हर अवसर उन्हें मिलेंगे, तो भीतरी क्षमता का उजाला हर क्षितिज तक चमकेगा, वरना देश के हालात पर गिड़गिड़ाने की सोहबत में हम सभी निरर्थक निष्कर्षों में न जाने और कितने वर्ष खो देंगे। जरा सोचें कि सियाचिन जैसे मोर्चे पर तापमान कितने डिग्री माइनस होकर भी हमारे वीर जवानों की रगों में देशप्रेम के खून को उबाल बिंदु पर रखता है। हमारे वैज्ञानिकों की निरंतर आकाश फतह करने की मंशा अगर परवान चढ़ती है, तो हर नागरिक की वजह से देश तरक्की करता है।

बीता साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी के लिए हमेशा यादगार बना रहेगा. इस साल तीन तलाक कानून बनाकर, अनुच्छेद 370 को हटाकर, नागरिकता संशोधन कानून पारित कराकर मोदी सरकार ने डिफॉल्ट रिसेट करने का काम किया है। कश्मीर से धारा 370 हटाकर उनकी सरकार ने लोक सभा चुनाव में जबर्दश्त जन-समर्थन हासिल किया। लेकिन साल के अंत में उनकी सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून बनाकर देश भर में विपक्ष को विरोध-प्रदर्शन का मौका दे दिया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

क्यों होते हो बेचैन

क्यों होते हो बेचैन इक साल के गुज़र जाने से लम्हा लम्हा पल हर पल गुज़र रहा है क्यों हो बेचैन नये साल के आने से जाने वाला है वह पल पल जो आने वाला है जी लो उस पल को जो है बस वही पल है न गुज़रा पल है न आने वाला पल है।

- शिखा लाहीरी

कोहरे से एक अच्छी बात सीखने मिली

कोहरे से एक अच्छी बात सीखने को मिली कि जब जीवन में कोई रास्ता न दिखाई दे रहा हो तो... बहुत दूर तक देखने की कोशिश व्यर्थ है धीरे धीरे एक एक कदम चलो रास्ता खुलता जायेगा।

- ओम प्रकाश जायसवाल

खास पाती | दाता सबको दीजिए किरदार

दाता सबको दीजिए,कुछ ऐसा किरदार। देशप्रेम दिल में रहे ,बने सुखद व्यवहार। बने सुखद व्हार ,नहीं हो कर्कश बोली। खुशियाँ आएँ द्वार,बनाकर सुभग रंगोली। हर कोई कर्त्तव्य ,देश-हित रहे निभाता। जीवन में उत्कर्ष, सभी को देना दाता।। बिखरी होठों पर रहे ,प्यारी- सी मुस्कान। पूरे हों दिल में बसे ,सबके सब अरमान। सबके सब अरमान ,भरें खुशियों से झोली। रहें ग़मों से दूर ,करें नित हँसी-ठिठोली। काया बने निरोग,त्वचा हो निखरी-निखरी। नए साल पर धूप,रहे खुशियों की बिखरी।। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

न्यू ईयर का नशा

नया उन्माद नई उम्मीद लाया है लो देखो दो हज़ार बीस आया है क्या खोया है और क्या पाया है यादों में बस इतना ही समाया है देखो न्यू ईयर का नशा छाया है जाम पर जाम कैसे छलकाया है पॉप धुनों पर जिस्म थिरकाया है थर्टी फर्स्ट लोगों ने ऐसे मनाया है बीता है उन्नीस लो बीस आया है नये संकल्प नई खुशियां लाया है अच्छे दिन की आस ने रुलाया है लो आदमी का दर्द नज़र आया है प्याज ने लोगों को कैसे रुलाया है गरीब को सबसे ज्यादा सताया है।

- डॉ. राजेश पुरोहित

जब आप कुछ ठान लेते हैं तो

जब आप कुछ ठान लेते हैं तो मंज़िल को रास्ता देना ही पड़ता है। जिंदगी जब लगे मुसीबतों के बोझ से भरी तो ईश्वर पर विश्वास उम्मीद की राह दिखा देता है। बस शर्त है कि वो चाहत जिंदगी में सांसो के जितनी जरूरी हो।। ढलती सांझ उम्मीद की एक किरण छोड़कर जाती है। **- मीना सोनी**

इश्क की संकरी गली से गुजरते हुए

इश्क की संकरी गली से गुजरते हुए आँखों के शहद को किसकदर बहाते हुए उसके नमकीन स्वाद को जिव्हा पर चखते हुए साँसों के स्पंदन को खामोशी के मंज़र में सुनते हुए हम चल रहे हैं.. हाँ, हम चल रहे हैं। गुलाबी ठंड में अहसास अपने भिगोते हुए दिसंबर तुझको उलाहने हज़ार देते हुए चाय की प्याली में अक्स वही देखते हुए कुहरे के आगोश में बार-बार लिपटते हुए हम चल रहे हैं...हाँ, हम चल रहे हैं। **- डिम्पल गौड़**

अरसे बाद मिली तुमसे मगर

अरसे बाद मिली तुमसे मगर देख भी नहीं पायी, तुमसे , खुद को मिलते हुए न जाने, मुझसे क्या पूछा होगा तुमने और जाने क्या कहा होगा मुझसे मैं तो दो बोल ÷ठीक हूँ÷ के बीच, रिक्त को, मेघों से भीगता हुआ देख रही थी समझा लिया था मैंने मन को, आज बारीश नमक लेकर उतरी है जिसका स्वाद, चखा होगा तुमने भी मेरी तरह भीगते हुए। **- अनामिका चक्रवर्ती**

जिंदगी के खुशनुमा पल क्षणिक ही

जिंदगी के खुशनुमा पल क्षणिक ही होते हैं.. या यूँ कहे की ये पल कैसे बीत जाते हैं .. पता ही नहीं चलता ...?? फूल मस्ती पुरे दिन .. काम न करने की अलग खुशी या समझो निश्चिन्त मन कल का दिन पिकनिक करते हुए बीता.. दस फैमिली एक साथ वाकई जिंदगी के कुछ एक पल बहुत ही खुशनुमा होते हैं। **- अर्चना लाल**

जाड़े के धूप जैसी है लड़की

जाड़े के धूप जैसी है लड़की ही कुछ वो ऐसी है जबसे देखा मैंने उसको हालत मत पूछो कैसी है जादू आवाज में उसके बहती नदियाँ वैसी है वो चंदा है, गजल मेरी फीकी है, जैसी-तैसी है। **- यू एस मिश्रा स्वप्निल**

लघु कथा

आहत

ये उन दिनों की बात है जब मेरे सामने वाले फ्लेट में एक बुजुर्ग शर्मा दंपति रहते रहते थे। वह नियम पूर्वक रोज सवेरे उठकर सैर पर जाते और नियमानुसार अपनी दिनचर्या व्यतीत कर रहे थे । शर्मा जी शासकीय अधिकारी के उच्च पद पर रहकर सेवानिवृत्त हुए थे । उनका एक ही बेटा था जिसका नाम पवन था ।शर्मा जी ने पवन को उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका भेजा ।उसकी शिक्षा के लिए उन्होंने बैंक से उच्चशिक्षा ऋण भी लिया था । ?पवन नेअमेरिका में उच्च शिक्षा समाप्त कर वही नौकरी प्राप्त कर ली । पहले वह वर्ष में एक बार स्वदेश आता और माता-पिता से मिलकर जाता रहता था। समय बीतते उसने अमेरिका की नागरिकता ग्रहण कर ली । वह अपने माता-पिता को भी साथ लेने लेकर जाना चाहता था । परंतु उन्हें बुजुर्ग होने की वजह से वहां की नागरिकता मिलना असंभव था। ? वह एक बार उन्हें अपने साथ अमेरिका घुमाने भी ले गया गया और शर्मा जी और उनकी पत्नी घूम कर वापस आ गए । शर्मा जी के पास पवन की शादी के प्रस्ताव आने शुरू हो गए हो गए । शर्मा जी ने पवन से इस विषय में पूछा तो उसने टाल दिया कि वह अभी स्थायी रूप से नौकरी में सेटल नहीं हुआ है अतः वह अभी शादी के बंधन में बंधना नहीं चाहता। क्योंकि शादी के बाद उस पर जिम्मेदारी अधिक हो जाएगी और बहू की भी अपेक्षाएं होंगी जिनसे उसे अपना ध्यान नौकरी पर केंद्रित करने में कठिनाई होगी ।अतः कुछ समय बाद वह खुद परिस्थितियां अनुकूल होने पर प्रस्ताव स्वीकृत कर लेगा। शर्मा जी को उसकी बात मानना पड़ा वे उस पर अनावश्यक दबाव इस बारे में डालना नहीं चाहते थे । इसी तरह दो वर्ष बीत गए परंतु उनके पुत्र ने इस विषय में चर्चा का कोई ठोस उत्तर नहीं दिया। ? शर्मा जी और उनकी पत्नी परेशान थे उनके लड़के की उम्र बढ़ रही थी और इधर संबंधियों एवं मित्रों का दबाव उन पर विवाह के लिए पड़ने लगा था । ? इसी तरह कुछ समय बीतने पर एक दिन शर्मा जी के एक मित्र का लड़का विजय जिसकी भी नौकरी अमेरिका में लग गई थी अमेरिका पहुंच गया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1515 - यहूदियों को ऑस्ट्रिया के लाइबाख क्षेत्र से निष्कासित किया गया। 1651 - चार्ल्स द्वितीय स्टुअर्ट स्कॉटलैंड के राजा बने। 1664 - छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरु किया। 1785 - डेली यूनिवर्सल रजिस्टर (टाइम्स ऑफ लंदन) का पहला अंक प्रकाशित हुआ। 1880 - देश में मनी ऑर्डर प्रणाली की शुरुआत हुई। 1906 - ब्रिटिश सरकार ने भारतीय मानक को स्वीकार किया। 1915 - महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसराय ने केसर-ए-हिंद से सम्मानित किया। 1928 - अमेरिका में पहला एयर कंडीशंड कार्यालय सेन एंटोनियो में खुला। 1941 - हिन्दी सिनेमा के प्रख्यात हास्य अभिनेता असरानी का जन्म।

नव प्रदेश

दुर्ग-भिलाई

रायपुर, बुधवार, 1 जनवरी 2020

■ न्यूज गैलरी

16 पर कार्यवाही 5650 जुर्माना

दुर्ग। शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 के अंतर्गत युद्ध स्तर पर सफाई के साथ ही कचरा फैलाने और प्रतिबंधित पॉलीथिन रखने, डिस्पोजल पानी पाउच विक्रय करने वालों पर कड़ी कार्यवाही जारी है। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन द्वारा गठित टीम के अधिकारी कर्मचारियों ने आज विभिन्न वार्डो में जाकर जांच किये। डिस्पोजल विक्रय तथा चार फल दुकानदारों द्वारा गंदगी फैलाने पर 5650 जुर्माना ली।

कंडम पड़े वाहनों को किया जब्त

दुर्ग। निगम एवं यातयात पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में कंडम पड़े तीन लावारिश कार और चार मोटरबाईक को जप्त किया गया। शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2020 जारी है इसके अंतर्गत गंदगी करने वालों, कचरा फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही भी जारी है। यह कार्यवाही शहर की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगा। आयुक्त इंद्रजीत बर्मन ने आम जनता से कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे, नाली के ऊपर किसी भी प्रकार से अपनी दो पहिया, चार पहिया वहनों को न रखें। अन्यथा निगम की कड़ी कार्यवाही का वे स्वयं जिम्मेदार होगें। आयुक्त श्री बर्मन द्वारा शहर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण किया गया। इस दौरान मालवीय नगर चौक के पास चार नग मोटरबाइक खराब पड़ी नजर आयी।

नववर्ष में जनता को मिलेगी अनेकों सौगात

2019 को विधायक वोरा ने बताया उपलब्धियों भरा वर्ष

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम चुनाव में भी जनता के द्वारा कांग्रेस पार्टी के प्रति भरोसा जताने व प्रदेश में भी कांग्रेस सरकार होने से बेहतर तालमेल के साथ ना सिर्फ जनता की मूलभूत समस्याओं का निपटारा होगा बल्कि नए विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। विधायक अरुण वोरा ने शहर वासियों को नव वर्ष 2020 की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 2019 की विदाई के साथ ही विस चुनाव को भी एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है बीते एक वर्ष में शासन से 11 करोड़ 75 लाख रु के विकास कार्यों के लिए जनता की मांग के अनुरूप राशि स्वीकृत करवा के कार्य प्रारम्भ करवाया गया है। इसके अतिरिक्त विधायक सांसद निधि से भी 3 करोड़ की राशि से सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, उद्यान, इनडोर आउटडोर जिम के साथ ही नया एवं पुराना बस स्टैंड व धमधा नाका रोड सहित 1000 नग एलईडी से सभी 60 वार्डों को अंधेरे से मुक्त करने का प्रयास किया गया। 41 करोड़ की लागत से बन रहा ठगड़ा बांध ओवरब्रिज अतिशीघ्र जनता को सौंपा जाएगा। अमृत मिशन योजना से शुद्ध पेयजल एवं 10 उद्यानों के निर्माण के 153 करोड़ के कार्यों में तेजी लाई गई है। कोई भी व्यक्ति अनाज एवं आवास से वंचित ना रहे इसलिए 21426 राशन कार्ड एवं आवासीय पट्टों का वितरण किया गया है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जिला अस्पताल में नवीन जच्चा बच्चा अस्पताल, ट्रामा सेंटर एवं 1 करोड़ की राशि से अस्पताल में नई ओपीडी निर्माण के साथ बीता वर्ष उपलब्धियों से भरा रहा है। नए वर्ष के आगाज के साथ ही नेहरू नगर चौक से मिनी माता चौक तक 84 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण, जनसुरक्षा के लिए ब्रिजों में सुरक्षात्मक जाली, शंकर नाला सुदृढ़ीकरण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं शहरी गौठान की सौगात शहर वासियों को मिलेगी। लोगों के लिए आमोद प्रमोद एवं शुद्ध वातावरण के लिए ठगड़ा बांध को 16 करोड़ की लागत से पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री वोरा ने कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप शहर में लगातार विकास कार्य कराए जाएंगे सांसद, विधायक निधि के साथ ही शासन से भी मिलने वाली राशि में कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

निगम ने किया लक्ष्य पार

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बीएलसी घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत प्रगति रत आवासों को पूर्ण करने के लिए जुलाई माह में 31 दिसंबर 2019 तक के लिए निकायवार लक्ष्य प्रदान किया था जिसमें से भिलाई को 2004 आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य दिया गया था जिस निर्धारित लक्ष्य को महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में प्रदाय लक्ष्य 2004 के विरुद्ध 2040 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है, जो कि निगम भिलाई की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा सकती है। बता दें कि 5067 कुल स्वीकृत डीपीआर है। सूडा द्वारा प्रगतिरत आवासों को माह दिसंबर 2019 तक पूर्ण किए जाने लक्ष्य प्रदाय किया था जिसमें जियोटैगिंग को अनिवार्य किया गया है। 18 जुलाई 2019 तक निगम भिलाई क्षेत्र में 1017 आवास पूर्ण हो गए थे अब 1023 आवास और पूर्ण कर लिए गए है। जोन 1 में कुल 609, जोन 2 में 437, जोन 3 में 245, जोन 4 में 518 तथा अन्य जोन में 231 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटकों के लिए लगातार समीक्षा बैठक ली तथा निगम के विभिन्न क्षेत्रों में मोर जमीन मोर मकान घटक के तहत निर्माणाधीन आवास के लिए क्षेत्र भ्रमण करते हुए हितग्राहियों से चर्चा कर उनकी परिस्थिति के अनुरूप कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किए।

हितग्राहियों को मिला एपीएल राशनकार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। नवीनीकृत एपीएल राशन कार्डो का वितरण महापौर एवं विधायक देवेन्द्र ने जोन 04 के 6 वार्डों में किया। राशन कार्ड वितरण कार्यक्रम स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में हुआ। महापौर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद व एल्डरमैन की उपस्थिति में नया एपीएल राशनकार्ड मिलने से नागरिकों ने महापौर व शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। नवीनीकृत एपीएल राशनकार्ड का तीन दिवसीय वितरण कार्यक्रम के अंतिम दिन आज वार्ड 34 गणेश मंच सुभाष नगर से प्रारंभ हुआ। जोन 04 शिवाजी नगर के छावनी क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर स्थित वार्ड में श्री देवेन्द्र ने राशन कार्ड का वितरण राशनकार्ड के हितग्राहियों को किया।

महापौर देवेंद यादव ने छग शासन की योजनाओं को बताते हुए कहा कि राशनकार्ड पर हर व्यक्ति का अधिकार इस उददेश्य से कार्ड बनाया है। राशनकार्ड वितरण कार्यक्रम में बबीता बैसारे, अरविंद राय, सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

वितरण किया वाटर वेल

अंडा चौक स्थित शासकीय पू.मा.वि. एवं शाप्राशा खुर्सीपार में वाटर वेल का वितरण श्री यादव ने किया। बच्चों को पानी की कमी न हो तथा पानी का पूरा तत्व पर्याप्त मात्रा में मिल सके इसलिए श्री यादव ने विद्यार्थियों को एक लीटर का पानी बॉटल रोटरी क्लब के सहयोग से वितरण किया। शा. प्रा शाला सेक्टर.11, शा.प्रा. शिवाजी नगर, शाप्रा शाला सुभाष नगर, शा.पूर्व.मा. शाला बालाजी नगर व शा.प्रा. शाला शहीद वीर नारायण सिहं सहित पांच स्कूलों में वाटर वेल वितरण की गई।

ठंड से राहत देने जलाया अलाव

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दो दिनों से शहर में शीत लहर जारी है। शीत लहर के ठंडसे बचने के लिए राज्य शासन द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने निर्देशित किया गया है। शासन के आदेशानुसार आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के मार्गदर्शन में शहर के रेल्वे स्टेशन परिसर, नया बस स्टैण्ड, और जिला अस्पताल परिसर, मातृ शिशु अस्पताल परिसर में अलावा जलाने की व्यवस्था की गई। शीत लहर से बढ़ने वाली ठंड के रहते तक निगम द्वारा अलावा जलाने लकड़ी की निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। शहर में शीत लहर के कारण ठंड बढ़ गयी है। शहर के रेल्वे स्टेशन, नया बस स्टैण्ड में सुबह से देर रात्रि तक दूर दराज से लोगों को आना-जाना रहता है, बहुत से लोग रेल्वे स्टेशन और बस स्टैण्ड में रात्रि ठहर कर सुबह-सुबह गन्तव्य जाते हैं। उन्हें रात भर स्थल पर रुकना पड़ता है ऐसे लोगों को राहत पहुँचाने के लिए आयुक्त के दिशा निर्देश पर लकड़ी का लठ्ठा वहाँ पहुँचाकर अलावा जलाया गया। इसी प्रकार जिला अस्पताल में शहर सहित पूरे जिले भर से बीमार व्यक्ति ईलाज करने आते हैं, उनके परिजनों को अस्पताल में रुकना पड़ता है शीत लहर के ठंड से राहत देने के लिए यहाँ भी अलाव जलाया गया।

पं. शुक्ल की मनाई 62 वीं पुण्यतिथि

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भिलाई स्टील प्लांट के निर्माता और अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं रविशंकर शुक्ल की 62 वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गई। सेक्टर 9 चौक स्थापित उनके प्रतिमा स्थल में भिलाई बिरादरी के नागरिकों ने उनके योगदान को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जिलाध्यक्ष तुलसी साहू ने कहा कि आजादी के आंदोलन में मध्यप्रदेश व भिलाई के निर्माण में रविशंकर शुक्ल की अग्रणी भूमिका रही है। पूर्व विधायक बीडी कुरैशी व भजन निरंकारी ने रविशंकर शुक्ल के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज भिलाई को सशक्त करना है तो मैं की भावना को छोड़कर हम की भावना से कार्य करना होगा। तभी हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकेंगे। इस अवसर पर प्रभुनाथ मिश्रा, नीता लोधी, रत्ना नारमदेव, मायारानी शुक्ल, हेमशंकर शर्मा ने अपने वक्तव्यों से उनके योगदान को याद किया।

गरीबों को घर पहुंच योजनाओं का लाभ देना होगा : वाजपेयी

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। हाल ही में नगरीय निकायों के चुनाव संपन्न हुए हैं। कुम्हारी नगर पालिका परिषद हेतु दोनों राष्ट्रीय दलों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशी भी इस चुनाव में शामिल थे। चुनाव परिणाम आ चुके हैं और चार निर्दलीयों ने चुनाव में विजय प्राप्त भी की है। कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ पालिका में सरकार बनाने की ओर अग्रसर है। इन्ही विजयी पार्षदों में एक निर्दलीय वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद निश्चय वाजपेयी ने मंगलवार को एक प्रेस वार्ता ली एवं तमाम विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा की -हम उम्मीद करते हैं कि जिस अपेक्षा के साथ जनता ने सभी 24 पार्षदों को दायित्व सौंपा है, हम गरीब हित में, सत्य निष्ठा के साथ, बिना भेदभाव इस दायित्व को निभाएंगे। उन्होने कहा की मै उन विचारों को साझा करना चाहता हूं, जिनके आधार पर हम लोगों ने चुनाव लड़ा। नगरीय निकाय का चुनाव बेहद स्थानीय स्तर पर और

अपने लोगों के बीच लड़ा जाता है। इसलिए इसे स्थानीय चुनाव भी कहा जाता है। संभवत यह सबसे कठिन चुनाव है और इसीलिए सबसे छोटा चुनाव होने के बावजूद इसे सबसे बड़ा चुनाव कहा जाना अतिश्योक्ति नहीं होगा। विकास के मुद्दे पर जवाब देते हुए उन्होने कहा की- हम लोगों की मांग है कि मोहल्ले का विकास मोहल्लेवासियों के हिसाब से और गलियों का विकास गलीवासियों के हिसाब से होना चाहिए। गली और मोहल्ले की समस्याओं से सबसे ज्यादा वहां के निवासी जूझते हैं, इसलिए उसके बारे में सर्वाधिक जानते हैं। और उन समस्याओं के हल से सबसे ज्यादा लाभ उस मोहल्ले एवं उस गली के रहने वालों को होता है। इसलिए किसी भी मोहल्ले और गली के विकास की योजना में वहां के रहने वालों की भूमिका अति महत्वपूर्ण होनी चाहिए केंद्र और राज्य सरकारें सभी आवासहीनों को पक्का मकान देने की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर काम कर रही हैं। इसका क्रियान्वयन पालिका द्वारा किया जाता है। मांग है कि इस कार्यकाल में समस्त कच्चे मकानों को पक्का कर दिया जाए और जिनके पास कहीं भी आवास नहीं है, उन्हें भी पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए। हम लोगों ने चुनाव मुद्दों के आधार पर लड़ा है और हमारी मान्यता है की चुनाव जनता के मुद्दों को सामने रखने का सबसे अच्छा अवसर है। चुनाव मुद्दा गत आधार पर ही लड़ा जाना चाहिए। अपने तमाम साथियों के हार के सवाल में कहा की हम लोगों ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ा है।

आज नववर्ष आयोजन

भिलाई। मातृछाया विकास समिति धनोरा जिला दुर्ग द्वारा 01 जनवरी को नववर्ष अभिनंदन समारोह आयोजन किया है। जिसका थीम मातृछाया अर्थात संतान के जीवन में मां की भूमिका को रेखांकित करना है। आयोजन के मुख्य अतिथि कृपाराम साहू सेवानिवृत्त शिक्षक तथा सभा अध्यक्ष गंगूराम साहू होगें। कार्यक्रम में राष्ट्र भक्ति गीत, महिलाओं एवं पुरुष वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगी के अंतर्गत रंगोली, ड्राईग, दौड़, गोला फेक, कविता पाठ, गयांश पठन, चित्र देखो और गीत गाओ, बाल बासिंग, कुर्सी दौड़ जैसे खेलकूद संपन्न होगे।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर हुई बैठक

भिलाई-3। स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 एवं स्टार रेटिग अंतर्गत सफाई का कार्य हर मोहल्ले, वार्ड में व्यापक रूप से चल रहा है। इसी के साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट के निष्पादन हेतु आयुक्त कीर्तिमान सिंह राठौर के निर्देशानुसार सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्वनी चंद्राकर द्वारा निकाय क्षेत्र में स्थित समस्त मांगलिक कार्यक्रमों हेतु भवन संचालको, टेंट व्यवस्थापकों एवं केटर्स प्रबंधको की संयुक्त बैठक निगम सभागार में आयोजित किया गया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./350/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री घनश्याम खुशालानी आ. श्री राजेश कुमार खुशालानी निवास संतराबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/33 रकबा 0.012 हें/ 1249.5 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लोकेश लोही आ. स्व. शंकर लोही अन्य 01 निवासी सेक्टर 02 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नंबर 7863/2 रकबा 0.004 उनके स्व. पिता शंकर लोही एवं खसरा नं. 7863/1 रकबा 0.0260 हे. शंकर लोही के संयुक्त खाते में के नाम पर दर्ज है। की फौती नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 14.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./370/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मेघा पति अशोक बडकुल ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 54/2, 54/3 रकबा 2000 वर्गफुट हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/ वसीयतकर्ता श्रीमती प्रतिमा बडकुल पति अशोक कुमार बडकुल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 28.09.2014 को अपंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 20.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका राजरानी सचदेव पति एस.एल. सचदेव निवासी ग्राम स्मृति नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम जुनवानी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 572/146 रकबा 0.040 हें भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार एस.एल. सचदेव आ. आर. डी. सचदेव की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./351/अ-2/2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती विद्या देवी पति श्री जशन लाल बत्रा निवास पद्मनाभपुर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 269/34 रकबा 0.012 हें/ 1249.5 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के प्रस्तुत प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

निविदा सूचना/5010/मुद्रण/2019 — रायपुर, दिनांक 30/12/2019

निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा वर्ष 2020 की परीक्षाओं हेतु स्वतः चिपकने वाला खोखला स्टीकर्स जिसके पीछे बटर पेपर लगा हो मुद्रण किए जाने बाबत् निविदा दिनांक 06.01.2020 को समय दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 06.01.2020 दोपहर 1.00 बजे तक डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा के साथ सुरक्षा निधि रुपए 200000/- (दो लाख रुपए) एवं आवेदन फॉर्म के 2000=00 (दो हजार रुपए) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो सचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर के नाम देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है।

सं.-23930/1

उपसचिव, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जामबाई पति किशुन लाल देशमुख साकिन के द्वारा ग्राम चन्दखुरी प.ह.न. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1299/2 रकबा 0.16 हे. भूमि अलखराम पिता फूल सिंह देशमुख से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10.12.2003 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 17.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-2020

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका जामबाई पति किशुन लाल देशमुख साकिन चन्दखुरी के द्वारा ग्राम चन्दखुरी प.ह.न. 29 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1299/1 रकबा 0.28 हे. भूमि शिवकुमारी पति प्रहलाद यादव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29.11.1999 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 17.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-19/वर्ष 2019-2020

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मोहनलाल गौतम आ. जीवधन सिंह गौतम साकिन भटगांव द्वारा ग्राम भटगांव प.ह.न. 09 तहसील व जिला दुर्ग स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 122/1 (नया 618) रकबा 2.03 में से 0.50 ए. को कलेक्टर महोद्य दुर्ग के रा.प्र.क्रं. 18 अ/19 (6) वर्ष 88-89 में पारित आदेश दिनांक 2.8.1989 के अनुसार मनराखन आ. जगन्नाथ दिल्लीवार के नाम पर सुधार किए जाने बाबत् आदेश पारित किया गया था परंतु हल्का पटवारी द्वारा अभिलेख दुरुस्त करते समय ख.न. 121/1 एवं 122/2 (नया 615/1) भूमि स्वामी आवेदक मोहन लाल गौतम की भूमि को दुरुस्त कर दिया गया है, जिसे सुधार किए जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर सुधार किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक बसंत कुमार आडिल पिता स्व. संतराम आडिल निवासी क्वा. नं. 14/4 पाकेट मरोदा द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 164/8 रकबा 1100 वर्ग. हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से श्री देवेन्द्र कुमार यादव एवं अन्य 01 पिता स्व. मन्नालाल यादव से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 10.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-74/2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रोहिणी धीमन पति नागेन्द्र धीमान एवं अन्य निवासी सेक्टर 02 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित की भूमि खसरा नंबर 7017 रकबा 0.030 हे. की ऋण पुस्तिका गुम जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, नक्शा खसरा कि छायाप्रति एवं एफआईआर की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि की द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 09.01.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी कांकेर वनमण्डल कांकेर

ईमारती काष्ठ के घोष विक्रय की सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, कांकेर वन मण्डल कांकेर के अंतर्गत आने वाले काष्ठागार में उपलब्ध ईमारती काष्ठ के निम्न विवरण अनुसार नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस अथवा नीलाम के समय प्राप्त की जा सकेगी।

डिपो का नाम - कांकेर काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 07 जनवरी 2020, मंगलवार
नीलाम प्रारंभ - प्रातः 09.00 बजे से

सं. क्र.	प्रजाति	अनुमानित मात्रा नया काष्ठ		
		काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
1	2	3	4	5
1	सागौन	0.000	0	0
2	साल	0.000	0	0
3	खम्हार	40.417	869	76
4	हल्दू/मुंडी	0.000	0	0
5	बीजा	0.000	0	0
6	सलई/मोयन	0.000	0	0
7	साजा	0.000	0	0
8	शीशम	0.000	0	0
9	तिन्सा	0.000	0	0
10	नीलगिरी	0.000	0	0
11	अन्य	0.000	0	0
	योग :-	40.417	869	76
1	बोलेरो टॉयर		20 नग	

अनुमानित काष्ठ की मात्रा कम या अधिक हो सकती है।

1) वर्ष 2020 का लकड़ी व्यापारी के रूप में पंजीयन एवं जी.एस.टी. नं. का प्रमाण-पत्र अवश्य लावें।
2) क्रेता नीलाम के पूर्व आयकर से संबंधित पेन कार्ड एवं टेन नम्बर तथा जी.एस.टी. नम्बर की छायाप्रति ई.एम. डी. कक्ष में आवश्यक रूप से जमा करावे।

जी-76020/3

वनमंडलाधिकारी, कांकेर वनमण्डल कांकेर

मवेशी तस्करों को पकड़ने में पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

- चिल्फी पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- 2 ट्रक में 48 नग मवेशी, 05 आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम जिले के थाना चिल्फी पुलिस ने छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे मार्ग 30 में, 01 दस चक्का ट्रक में 18 नग मवेशी और 01 कंटेनर में 30 नग मवेशी कुल 48 नग मवेशियों को जो मध्यप्रदेश की ओर अवैद्य रूप से ले जाया जा रहा था। जिसे चिल्फी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। चिल्फी पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ पशु क्रुरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उनके सहयोगियो को भी रिमांड पर भेजा गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह द्वारा समय-समय पर मुखबीर व सूचनातंत्र को मजबूत करने हेतू जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देषित किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 31.12.2019 को थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक रमाकांत तिवारी को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि उक्त वाहनो में अवैद्य रूप से धन प्राप्त करने के उदेश्य से मवेशियों को छत्तीसगढ़ के विभीन्न इलाको से एकत्र कर जबलपुर मार्ग नेशनल हाईवे 30 से मध्यप्रदेश की ओर तस्करी किया जा रहा था। जिसकी जानकारी मुखबीर के जरिये से प्राप्त होने पर थाना प्रभारी चिल्फी द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह एव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बोड़ला अजित ओगरे को अवगत कराया गया जिनके मार्गदर्शन में चिल्फी थाने के सामने घेराबंदी कर वाहनो की बारिकी से चेंकिग कि जाने लगी। उक्त वाहन चालको के द्वारा पुलिस को देख बेरिकेट तोड़कर भागने का प्रयास किया गया जिस पर थाने के टीम द्वारा वाहनो का पीछा करते हुये रोककर चालाको से पुछताछ करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने से मवेशियों की ब्रिकी रसीद व अन्य दस्तावेज न होने से वाहन क्रंमाक- यूपी 22 टी 2817 कंटेनर, क्रंमाक-सीजी 04 डीएम 2218 में सवार पॉचो आरोपियों 01 कैलाष मेश्राम पिता रामचंद मेश्राम उम्र 32 वर्ष सा0 रामनगर थाना जरीमटका जिला नागपुर 02 रईस पिता अब्दुलवेज उम्र 45 वर्ष सा0 रूनकुता थाना सिकन्दरा जिला आगरा उ0प्र0 03 सोहन गुप्ता पिता जमुना प्रसाद गुप्ता उम्र 43 वर्ष सा0 टेड़ानाका सुगंध नगर थाना जरीमटका जिला नागपुर महाराष्ट्र 04 सलमान पिता भोरा कुरैषी उम्र 23 वर्ष सा0 लखनौटी थाना गंगो जिला सहारनपुर उ0प्र0 05 सुहैल पिता कईयाब कुरैषी उम्र 21 वर्ष सा0 अम्बेहटापीर कोटला मोहल्ला थाना गंगो जिला सहारनपुर उ0प्र0 उक्त आरोपियों के खिलाफ पषु तस्करी कें अपराध में मवेषियों को कब्जे में लेकर पांचो आरापियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिय गया।

न्यूज गैलरी

रमनटोला में भागवत कल से

महासमुंद। रमनटोला में एक जनवरी से 7 दिनी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। प्रवचनकर्ता चीचा पाटन के पं मोहन दुबे होंगे। कथा दोपहर एक से शाम 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम के अनुसार एक जनवरी को गोकर्ण कथा, 2 को परीक्षित जन्म, 3 को सती पार्वती कथा व ध्रुव चरित्र, 4 को भरत चरित्र, 5 को बलि कथा, राम अवतार, कृश्ण अवतार कथा, 6 को बाल लीला, गोवर्धन पूजा, 7 को रूकमणि विवाह, सुदामा चरित्र, 8 को परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, शोभायात्रा और 9 जनवरी को गीतापाठ, हवन-पूर्णाहूति होगी।

जल उपयोगिता समिति की बैठक 3 को

महासमुंद। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक जिला कार्यालय कक्ष में 3 जनवरी को आयोजित की गई है। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग जे के चंद्राकर ने बताया कि बैठक में जिल के वृहद, मध्यम और लघु सिंचाई जलाशयों से खरीफ सिंचाई बाद शेष जल से रबी सिंचाई और निस्तार के लिए आवश्यक जल को सुरक्षित रखने व रबी फसल निर्धारण के संबंध में चर्चा की जाएगी।

सबीहा लोहानी का निधन

महासमुंद। स्थानीय तुमगांव रोड निवासी सबीहा लोहानी का सोमवार सुबह निधन हो गया। वे नयापारा स्कूल में उर्दू शिक्षिका थीं। वे शकील लोहानी, अख्तर लोहानी की बहन थीं। स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

नशे में पड़े मिले,कार्रवाई

महासमुंद। बेमचा शराब दुकान के सामने रास्ते पर एक वृद्धा व एक नवयुवक नशे की हालात में पड़े मिले। पुलिस के अनुसार बम्हनी के सूरज निषाद (20) और सावंत निषाद पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

ट्रक की ठोकर से अधेड़ घायल

महासमुंद। एनएच-53 पर पिथौरा ओव्हरब्रिज के पास दो ट्रक टकरा गए, जिससे ट्रक सवार अधेड़ घायल हो गया। सरायपाली निवासी संजय अग्रवाल (56) के मुताबिक रविवार सुबह 3 बजे पिथौरा ओव्हरब्रिज में उनकी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 2517 को ट्रक क्रमांक ओआर14 टी 7806 के चालक ने तेज रफ्तार चलाते हुए ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया है।

शराब दुकान सुपरवाइजर से मारपीट

महासमुंद। देशी शराब दुकान में अंग्रेजी शराब मांगने पर सुपरवाइजर ने नहीं होने की जानकारी दी तो तीन युवकों ने उनकी पिटाई कर दी। घटना दलदली रोड स्थित देशी शराब दुकान में 25 दिसंबर की रात सवा 11 बजे की है। सुहेला निवासी विष्णु सोनवानी (30) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि रात सवा 11 बजे दुकान पर दिनेश शुक्ला, राणा सरदार और रोमी पहुंचे। उन्होने अंग्रेजी शराब मांगी। जिस पर सुपरवाइजर ने देशी शराब दुकान में अंग्रेजी शराब उपलब्ध न करवा पाने की बात कही। बाद तीनों ने गाली गलौज करते हुए सुपरवाइजर के साथ मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उक्त तीनों के खिलाफ धारा 294, 323, 506/34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

रबी फसल रोपाई में जुटे किसान

महासमुंद। अंचल के किसान रबी फसल के लिए जुट गए हैं। नवम्बर के आखिरी और दिसंबर के पहले सप्ताह में थरहा दे चुके किसान अब रोपा लगाने की तैयारी में हैं। खेतों में धान की जुड़ी बांधने का कार्य कर रहे हैं। जो किसान सीधा बोआई कर रहे हैं, उन लोगों के फसल डेढ़ माह बाद बियासी करने लायक हो जाएगा। खेतिहर किसान खेतों की ओर रुख करने लगे हैं। धान रोपा लगाने का काम में तेजी आई है। वहीं बोआई का कार्य धीमी है। कई किसानों को धान की बिक्री और पुराना लेन-देन नहीं होने के कारण रबी की फसल की बुआई को लेकर चिंतित हैं। क्षेत्र के बरबसपुर, बडग़ांव, अछरीडीह, कांपा, मुस्की, गोपालपुर, खट्टीडीह, परसवानी, बिरकोनी सहित क्षेत्र में रोपाई तेजी से चल रही है। क्षेत्र के किसानों सहित लोगों को इस बार अच्छी मौसम की उम्मीद है।

शीत लहर को देखते हुए जिले में स्कूल समय-सारणी में किया गया बदलाव

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य के निर्देशानुसार शीत लहर को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त और गैर अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी स्कूल सुबह 8 बजे के पहले संचालित नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे स्कूल जिन्हें दो पालियों में संचालित किया जाता है, उन्हें पहली पाली में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 12.15 बजे से अपरान्ह 4.15 बजे तक संचालित करने कहा गया है।

अंकित को मिला अंतरराष्ट्रीय निर्णायक का दर्जा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। भारतीय बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 25 से 29 दिसंबर 2019 तक कर्नाटक के हासन में इंडो-श्रीलंका टेस्ट सीरिज एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी व कोच का सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें पूरे भारत से आठ रेफरी भाग लिए। महासमुंद जिला बॉल बैडमिंटन संघ से अंकित लूनिया का चयन किया गया था। अंतर रेफरी में जिले से चयनित निर्णायक अंकित लूनिया को अंतरराष्ट्रीय निर्णायक का दर्जा प्राप्त हुआ। पूर्व में अंकित लूनिया बॉल बैडमिंटन इंडिया के रेफरी थे व अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। सेमिनार में खेल की बारीकियों में अच्छी पकड़ रखने के चलते इन्हें अंतरराष्ट्रीय रेफरी के रूप में चयन किया गया। इससे पहले अंकित इंडो नेपाल श्रृंखला नेपाल में आयोजित टेस्ट प्रतियोगिता में भारतीय कोच रह चुके हैं।

तंबाकू बरामद कर वसूला जुर्माना

- कोटपा एक्ट के तहत जिलेभर की दुकानों में दी जा रही दबिश

महासमुंद। सार्वजनिक स्थलों में धुएं और तंबाकू सेवन कर थूकने वालों पर जिला तंबाकू नियंत्रण दल के साथ खाद्य एवं औषधि प्रशासन का अमला ने कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने महासमुंद शहर सहित पिथौरा, बागबाहरा और सराइपाली क्षेत्र में दबिश दी।

जहां दो दर्जन से अधिक तंबाकू विक्रय संस्थानों में जांच कर नियम विरूद्ध संचालित पाए जाने पर जुर्माना वसूला गया। जानकारी के मुताबकि ड्रग इंस्पेक्टर अखिलेश पांडेय की अगुआई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानू एवं शासकीय सामाजिक कार्यकर्ता असीम श्रीवास्तव के संयुक्त दल ने महासमुंद शहर में 09 चालान किए। कोट्पा अधिनियम के परिपालन के लिए निर्धारित चेतावनी बोर्ड भी वितरित किए गए।

इसी तरह ड्रग इंस्पेक्टर अवधेश भारद्वाज, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती नीलम ठाकुर और मनोवैज्ञानिक सलाहकार श्रीमती मेघा ताम्रकार के दल ने सराईपाली क्षेत्र में 11 प्रकरणों में जुर्माना वसूले। गैर संचारी रोग कार्यक्रम की जिला सलाहकार अदीबा बट्ट ने बताया कि अन्य विकासखंडों में भी कोट्पा अधिनियम के परिपालन के लिए लगातार समझाईश दी जा रही है। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनिरुद्ध कसार से मिली जानकारी के मुताबिक विकासखंड स्तर पर भी इसी तरह विभागीय दस्तों का गठन किया गया है।

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव। नेहरू युवा केन्द्र, राजांदगांव द्वारा मुद्दा आधारित जागरूकता एवं शिक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम सुरगी वि. राजनांदगांव में 30 दिसंबर को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रणेता स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम के अतिथि श्री राकेश यादव (उपनिरीक्षक, सुरगी) एवं रिसोर्स पर्सन के रूप में पधारे श्रीमती श्वेता बंसोड (सहा. चिकित्सा अधिकारी), श्रीमती आर. कोर्राम (एएनएम), तुलेश जंघेल (खिलाड़ी) तथा गणमान्य नागरिक एवं युवा साथी उपस्थित हुए।

उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा समन्वयक देवेश कुमार ने नेहरू युवा केन्द्र संगठन के विभिन्न नियमित कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया एवं अधिक से अधिक युवा/युवती मंडल गठन करने का आव्हान किया। अतिथि राकेश यादव द्वारा पुलिस विभाग में होने वाले नियम एवं कानूनों के बारे में विस्तार से बताया एवं जनता द्वारा पूछे गये सवालों का भी जवाब दिया गया। श्रीमती श्वेता बंसोड ने चिकित्या एवं विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं को बताया कि किस समय व तिथि पर बच्चे एवं गर्भवती माता को टीका दिया जाता है।

कलेक्टर मौर्य ने किया दो दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ

राजनांदगांव। कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने जिला कार्यालय परिसर में दो दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कृषि विभाग द्वारा ''आत्मा'' योजना के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि प्रदर्शनी में गौठानों में उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट तथा विभागीय योजनाओं के माध्यम से तैयार किए गए जैविक उत्पाद, कोदो-कुटकी, अलसी, ब्लैक राईस, मटर, ब्राक्ली तथा अन्य खाद्यान्न की प्रदर्शनी लगाई गई है । इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तनुजा सलाम भी उपस्थित थी।

विद्युत व्यस्था बनाए रखने के निर्देश

राजनांदगांव। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2020 के अंतर्गत तीन चरणों में मतदान एवं मतगणना का कार्य किया जाएगा। प्रथम चरण में 28 जनवरी 2020 को राजनांदगांव, खैरागढ़ व छुईखदान एवं द्वितीय चरण में 31 जनवरी 2020 को डोंगरगढ़, छुरिया व डोंगरगांव तथा तृतीय चरण में 3 फरवरी 2020 को अम्बागढ़ चौकी, मोहला व मानपुर में मतदान व मतगणना किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधीक्षण अभियंता छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी मर्यादित को विद्युत आपूर्ति व्यवस्था मतदान एवं मतगणना कार्य के दिन दुरूस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

कम्प्यूटर सीख मां बेटे ने दिलाई एक साथ परीक्षा, दोनों सफल

महासमुंद। मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित ई-साक्षरता केन्द्र के छटवें एवं सातवें बैच के शिक्षार्थियों का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन का आयोजन जिला पंचायत के डाटा सेंटर में किया गया। ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन का आयोजन राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स) के द्वारा आयोजित किया गया। छटवें एवं सातवें बैच के पंजीकृत कुल 52 शिक्षार्थी में से 46 शिक्षार्थियों ने मूल्यांकन में हिस्सा लिया। जिसमें से 42 शिक्षार्थी सफल रहे छटवें बैच में श्रीमती रूपा चन्द्राकर व उनके बेटे योगेश चन्द्राकर ने एक साथ परीक्षा दिलाई और दोनों ने सफलता पाई। बता दें कि योजना का क्रियान्वयन ई-एजुकेटरों के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें शहरी क्षेत्र के 14 से 60 वर्ष आयु वर्ग के डिजिटल असाक्षरों को 01 से 31 दिसम्बर कम्प्यूटर के बुनियादी जानकारी के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, चुनावी साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, श्रेष्ठ पालकत्व, अच्छे नागरिक, आनलाईन भुगतान, समय प्रबंधन व आत्मरक्षा सहित सोसल मिडिया का ज्ञान निःशुल्क कराया जाता है।

अब तक 53 हजार 515 बोरा धान एवं 19 वाहन जब्त

महासमुन्द। धान के अवैध रूप से भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई में सोमवार को 10 प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं 1981 बोरे धान अर्थात 792.9 क्विंटल धान जब्त किए गए। धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन में लगे लोगों के खिलाफकार्यवाही की गई। उनमें राजेश अग्रवाल ग्राम बोंदा से 305 कट्टा धान, मनोज अग्रवाल, ग्राम बोंदा से 310 कट्टा धान, माणिक अग्रवाल, ग्राम बानीगिरोला, से 202.80 क्विं., बृजलाल साव पोटापारा से 210 क्विंटल, प्रदीप अग्रवाल, पिथौरा से 12.80 क्विंटल, राहुल राजा चौधरी, राजाडेरा से 20 क्विंटल, टीकाराम साहू सिंघी से धान, नियम साहू से 20 क्विंटल, चित्रसेन साहू ग्राम बाघामुड़ा से 33.20 क्विंटल, महेश सिन्हा भिलाईदादर से 31.60 क्विंटल धान जब्त किया गया।

पराली जलाने वाले 84 किसानों की बनी सूची

महासमुंद। फसल कटाई पश्चात खेतों में बचे फसल अवशिष्ट को जलाये जाने से प्रतिबंधित किया गया है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि जिसके तहत दो एकड़ से कम के लिए दो हजार पांच सौ रूपए प्रति घटना, दो से पांच एकड़ तक पांच हजार रूपए प्रति घटना एवं पांच एकड़ से अधिक पर 15 हजार रूपए प्रति घटना एवं छह माह की सजा एवं अर्थदण्ड का प्रावधान जिला दंडाधिकारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पुलिस अधीक्षक, प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी को अधिकृत किया गया है।

वाहनों को तत्काल वापस कराने दिए निर्देश

महासमुन्द। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) सुनील कुमार जैन ने सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं जिला पंचायत, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों को दी गई शासकीय वाहनों को तत्काल प्रभाव से वापस मंगाकर जिला कार्यालय महासमुन्द में रखना सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन कार्य के लिए मांग करने पर ड्राइवर सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

गणित विभाग में एलुमनी बैठक संपन्न

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन में एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शबनम खान के मार्गदर्शन में गणित विभाग में एलुमनी बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉण् केके देवांगन ने अभिभावको महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न गतिविधियों से विभाग एलुमनी को अवगत करवाया।

आयोजन कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सिटकॉन के डायरेक्टर प्रसन्न निमोणकर रहे उपस्थित

दिग्विजय महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव। महाविद्यालय में लगातार चले उद्यमिता विकास कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में सिटकॉन के डायरेक्टर प्रसन्न निमोणकर उपस्थित थे। जिन्होंने उर्जा के वैकल्पीक संसाधनो जैसे सोलर ऊर्जा, वायु उर्जा एवं जैवीय उर्जा की उपयोगिता पर विषेष रूप से प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि ऐसे सभी छात्र-छात्रायें महाविद्यालय में अध्ययन के पश्चात नौकरी प्राप्त नहीं कर पाते ऐसे छात्रों को लघु उद्योग स्थापित करनें के लिए प्रेरित करना। इस कार्यक्रम के दौरान लघु उद्योग एवं उससे संबधित संसाधन, सरकारी योजनाएॅ तथा उनका प्रबंध पर सूक्ष्मता पूर्वक जानकारी दी गई।

ज्ञातव्य हो कि इस उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के कार्यक्रम में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के विज्ञान विषय के कुल 31 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता दी। इस कार्यक्रम में छात्रों ने प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात स्वयं का रोजगार कैसे स्थापित किया जाए इस पर विस्तार से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में लगातार इस विषय पर उद्योग क्षेत्र एवं उद्योग विभाग से जुड़े हुए विषय विशेषज्ञों एवं अधिकारियों ने छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया। छात्रों नें विषय पर विस्तृत ज्ञान प्राप्त करनें के लिए कुछ ऐसे लघु उद्योगो का भ्रमण किया जो उन्हें भविष्य में अपनें स्वयं का उद्योग प्रारंभ करनें में सहायक सिध्द होगा। उक्त कार्यक्रम में पावर प्वाइंट प्रदर्शन के द्वारा लघु उद्योगो की फिल्में भी छात्रो के मार्गदर्शन के लिए प्रसारित की गई। उक्त अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को सिटकॉन के द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गये।

पैरा में छुपाकर रखी थी अवैध शराब, पुलिस ने की कार्रवाई

1950 पौवा देशी शराब जप्त किमत 1 लाख 17 हजार

नवप्रदेश संवाददाता

स.लोहरा। लोहरा पुलिस द्वारा पंचायत चुनाव को मद्देनजर रखते हुए एंव आदर्श आचार सहिता का पालन करतें हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने चेक पोस्ट लगाकर लगातार आने जाने वाले वाहन का सघनता पूर्वक चेकिंग व क्षेत्र में हो रहे अन्य अपराधो पर अंकुश लगाते हुए लोहारा पुलिस को बडी सफलता मिली है। मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सिल्हाटी का एक व्यक्ति अपने खेत के पैरा में अवैध शराब छुपाकर रखा है। सूचना मिलते ही मौके पर जाकर तस्दीक किया गया तो ग्राम सिल्हाटी के बलीराम मल्लाह अपने खेत के पैरा में 39 कार्टुन देशी शराब कुल 1950 पौवा शीलबंद हालात में रखा हुआ था। जिसकी किमत लगभग 117000 रूपये बताया गया। जिसें बलीराम मल्लाह के कब्जे से जप्त कर थाना स.लोहारा में अपराध क्रमांक 199/19 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

तलवार लेकर घूम रहा था युवक, पुलिस ने दबोचा

सलोहारा। सहसपुर लोहारा पुलिस द्वारा आदर्श आचार सहिता का पालन करते हुए क्षेत्र में षाति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामो में पेट्रोलिंग बढा दी गई हैं। पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली की ग्राम बबई निवासी रूपेन्द्र धुर्वे पिता गौकरण उम्र 20 वर्ष चाकू लेकर मोहल्ले में घूम रहा है और उसके द्वारा अपशब्दो का प्रयोग किया जा रहा है। पेट्रोलिंग पार्टी को सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और रूपेन्द्र धुर्वे को रंगे हाथ गिरफ्तार कर सहसपुर लोहारा थाना में अपराध क्रमांक 20/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया है। आरोपी के द्वारा इस तरह किये जा रहे हरकत से ग्राम में लोगो के बीच भय का माहौल निर्मित हो गया था। लेकिन तत्काल ही लोहारा पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई।

चाकू की नोंक पर दिया लूट की घटना को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

स.लोहारा। बलराम कौशिक पिता सधु कौशिक निवासी रामपुर पैदल रणवीरपुर जा रहा था। रास्ते मे एक मोटर साइकल मे सवार दो व्यक्तियो ने बलराम कौशिक के मोबाईल तथा सोने की पत्ती को चाकू दिखाकर लूटपाट कर भाग निकले। जिसकी जानकारी बलराम कौशिक ने तुरंत आकर लोहारा थाने मे दर्ज कराई। जिस पर थाना स.लोहारा में अपराध क्रमांक 196/19 धारा 392 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। और आरोपी संतोष साहू पिता रामलाल साहू साकिन बबई थाना स.लोहारा जिला कबीरधाम के ग्राम भिभौरी में मोबाईल बेचने के लिए घुम रहा था। जिसे मुखबीर की सूचना पर पकडा गया पूछताछ की गई जो उक्त दिनांक को साथी आरोपी दुर्गेष निषाद के साथ ग्राम रामपुर के बाजार से चोरी कर लाये मोटर सायकल में जाकर बलराम से चाकू दिखाकर मोबाइल एंव सोने की लाकेट को लुटना बताये एंव अपराध प्रयुक्त मोटर सायकल, लुट की मोबाइल, सोने की लाकेट एंव लुट में प्रयुक्त चाकू को आरोपी के घर से जप्त किया गया, आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

स्थानांतरित और सेवानिवृत्त अधिकारियों को दी गई विदाई

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज आयोजित समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर श्याम धावड़े की मौजूदगी में जिला अधिकारियों द्वारा जिले से अन्यत्र स्थानांतरित जिला पंचायत के सीईओ आर.के. खुटे और आज सेवानिवृत्त हुए जिला शिक्षा अधिकारी एस.एल. ओगरे को विदाई दी गई। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए कलेक्टर श्याम धावड़े ने कहा कि गरियाबंद एक चैलेंजिंग जिला है। यहां के परिस्थिति अनुसार अधिकारी को अपना बेस्ट करना है। उन्होंने टीम भावना के रूप में सौपे गये कार्य को करने के लिए श्री खुटे का सराहना किया, वहीं शिक्षा के क्षेत्र में जिले को ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए तथा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी वक्तव्य के लिए डीईओ श्री ओगरे के कार्यो की भी तारीफकी। कलेक्टर ने इन दोनों अधिकारियों की सुदीर्घ जीवन की कामना करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामना दी। आयोजन में जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ एच.आर. सिदार, जिला समन्वयक श्री श्याम चन्द्राकर और एसीटी एल.आर. कुर्रे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

एनुअल स्पोर्ट्स डे उमंग वार्षिकोत्सव संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। 'एनुअल स्पोर्ट्स डे 'उमंग ' डीएवीएमपीएस धरमपुरा में क्रीडा वार्षिकोत्सव का हुआ समापन दो दिवसीय क्रीडा उत्सव का समापन मंगलवार को हुआ जिसमें मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी के एल महिलांगे, विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त कवर्धा आर एस टंडन, प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनाएल आर जेठवन्त, संकुल प्रभारी बिरकोना नरेश सिंह राजपूत. अतिथियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ से सम्मान हुआ स्वागत गीत एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा डीएवी आकृति बनाकर नृत्य की प्रस्तुति दी. गई बड़े बच्चों ने एरोबिक सॉन्ग का प्रदर्शन किया पिरामिड के द्वारा अनेक प्रकार की आकृति से योग का प्रदर्शन हुआ जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम से प्रभावित होकर शुभ आशीष प्रदान किए एवं शिक्षा की गुणवत्ता का ध्यान रखने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया बच्चों में अनुशासन पालन करने गुणों के महत्व को बताया. प्राचार्य मनोज शंकर के मार्गदर्शन में क्रीडा उत्सव का आयोजन हुआ । प्राचार्य ने विद्यालय के विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी. खेलों को तीन विभागों बाटा गया प्राथमिक वर्ग माध्यमिक वर्ग एवं हायर सेकेंडरी वर्ग. वॉलीबॉल, कबड्डी, खो- खो, बैडमिंटन चेस, बिस्किट दौड़ चम्मच दौड़, रस्साकशी, शॉट पुट, आदि विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुए. वॉलीबॉल बालक वर्ग में विरजानंद हाउस कबड्डी बालिका वर्ग श्रद्धानंद हाउस खो-खो बालक विरजानंद हाउस एवं बालक श्रद्धानंद हाउस विजेता रहे।

धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था बनाने का दायित्व नोडल अधिकारियों को

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में जिले में धान खरीदी की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपार्जन केन्द्रवार जिला अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। नोडल अधिकारी संबंधित धान खरीदी केन्द्रों में समुचित व्यवस्था बनाने आवश्यक पहल करे। कलेक्टर ने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप लघु व सीमांत कृषकों की धान की खरीदी पहले किया जाए। अपने निरीक्षण के दौरान उपार्जन केन्द्रों में तथा आश्रित ग्रामों का भ्रमण कर धान खरीदी के संबंध में किसानों से रू-ब-रू चर्चा करें। उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु ग्राम पंचायतवार बनाये गये रोस्टर के अनुसार धान खरीदी कराये। किसान द्वारा कराये गये रकबा पंजीयन अनुसार धान बेचने के बाद शेष रकबा लॉक कराये ताकि कोई इस रकबे पर अपना धान न बेच सके। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की उपलब्धता हेतु डीएमओ को निर्देशित किया। उन्होंने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को फसल अपशिष्ट जलाने वालों पर एनजीटी के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने तथा जिला अधिकारियों को भ्रमण के दौरान किसानों को गौठानों के लिए पैरा दान करने प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।

महिला स्व-सहायता समूहों की बनाई सामग्रियों को मिलेगा प्लेटफार्म

नवप्रदेश संवाददाता

■ **जिले के महिला स्व-सहायता समूह अब और होंगे सशक्त**

महासमुन्द। ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत जिले के सभी विकासखंडों में महिला स्व-सहायता समूह द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिला प्रशासन के विशेष पहल पर कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल के विशेष प्रयास पर जिले के महिला स्व-सहायता समूह के उत्पादित सामग्रियों को सिरपुर के ब्रांड नाम से विक्रय किया जाएगा। इसके लिए जिला मुख्यालय, सभी ब्लॉक मुख्यालयों में सामग्रियों के बिक्रय के लिए स्टॉल शुरू किया जाएगा। यहा पर महिला स्व-सहायता समूह द्वारा उत्पादित सामग्रियों को बिक्री की जाएगी। इससे महिलाओं के इस प्रयास से उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में आने वाले समय पर बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा। इससे महिलाएं अपने हुनर और योजना का लाभ उठाकर न केवल आर्थिक रूप से मजबूत होंगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

बागबाहरा विकासखण्ड के कोमाखान की एकता महिला ग्राम संगठन महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों ने बताया कि गांव के 12 समूह मिलकर हैण्डवॉश, फिनाईल, वाशिंग पाउडर, आचार, बड़ी-पापड़ का निर्माण करती है। उन्हें अब सिरपुर ब्रांड के नाम से सामग्रियों की बिक्री करने का मौका मिलेगा। समूह की महिलाओं को देना आरसीटी के माध्यम से सामग्री निर्माण करने के लिए उन्हें दस दिवसीय प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया गया था।

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर भ्रांतियों को दूर करने हुई बैठक

कवर्धा। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन और उनके सम्बंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने व इसके प्रावधानों की सही जानकारी जन जन तक पहुंचाने हेतु मंगलवार को भाजपा कार्यालय कवर्धा में संवाद बैठक आयोजित किया गया । इसमें सांसद संतोष पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विजय शर्मा सहित कई नेता शामिल हुए। नागरिकता संशोधन कानून के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री व सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने नागरिकता संशोधन कानून के जनजागरण हेतु देश के 3 करोड़ परिवारों तक संपर्क बनाने का लक्ष्य रखा गया है ।

सिंगपुर में लगा रासेयो का शिविर

नवप्रदेश संवाददाता

कुकदुर। जिला मुख्यालय से 50 कि मी सुदूर वनांचल क्षेत्र सिंगपुर में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुकदूर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय शिविर लगाया गया है जहाँ स्वयं सेवी विद्यार्थियों द्वारा श्रम ,अनुशासन का पाठ पढेंगे । 29 दिसम्बर से 4 जनवरी 2019 तक आयोजित इस 07 दिवसीय शिविर में स्वमसेवी विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभिन्न कार्यो को करेंगे ,जिनसे ये स्वय तो सीखेंगे ही ,ओर दुसरो को प्रेरित करेंगे । इसके पूर्व मंगलवार श्रीमती जमुना मराबी ,सी पी बंजारा प्राचार्य

कुकदूर ,राजर्षि पांडेय प्रधानपाठक सिंगपुर ,सी एस सोनी प्रधानपाठक ,राजपूत ,के द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एंव स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ शिविर का षुभारम्भ किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही श्रीमती जमुना मराबी द्वारा शिविर को सहयोग करने की बात कही गई। प्रचार्य श्री बंजारा ने आशा की विद्यार्थी अनुशासन ,श्रम एंव नेतृत्व के गुणों का विकास होगा। जिले में खेलो की नर्सरी के रूप में नामचीन सिंगपुर के बच्चे भी राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देष्यो से परिचित होकर श्रम ,सेवा ,लीडरशिप ,जैसे गुणों व कार्य को सीखेंगे ।

कुत्ते के बच्चे ठंड में ठिठुरने लगे

खरोरा। जहाँ रूह कपा देने वाली ठंड से बचने के लिये आम व खास लोग तरह के जतन कर रहे है वही रोड के किनारे कुत्ते के पिल्ले अपनी मां के ममता के सहारे अपने को सुरक्षित महसूस करते मां कि गरमहाट से ठंड से बचने का सफ्ल प्रयास कर रहा है।

जबर छेरछेरा रैली 2020 का भव्य आयोजन 5 को

खरोरा। छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में रचे-बसे अन्नदान का महापर्व छेरछेरा तिहार को छत्तीसगढ़िया कान्ति सेना इस वर्ष भी बड़े स्तर पर मना रहीं है। जिला संयोजक रवि तिवारी ने बताया जबर छेरछेरा रैली व आमसभा 5 जनवरी रविवार सुबह 10 बजे से रायगढ़ जिला में लगातार द्वितीय वर्ष आयोजित हैं। छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेषभूषा में जबर छेरछेरा रैली छत्तीसगढ़ महतारी चौक बोइरदादर से निकलेंगी जो चक्रधर नगर, सिग्नल चौक, शहीद चौक, गोपी टाकिज, गौरीशंकर मंदिर, सुभाष चौक, स्टेशन चौक होते हुए सतिगुड़ी चौक रामलीला मैदान पहुंचेगी जहां आमसभा व मुख्य मंचीय प्रस्तुति होगी। रायगढ़ की सड़कों पर बिखरेगी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक तीज-त्योहार की झांकी व लोक कलाकारों का होगा सम्मान। रैली में गेड़ी नृत्य, बस्तरिया नृत्य, कर्मा ददरिया, राऊत नाच, पंथी नृत्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगी। महासभा के दौरान युवा गायिका आरती अंजली जुड़वां बहनें कोरबा, लक्ष्मी करियारे जांजगीर, सुरज श्रीवास बिलासपुर व टिक टाक स्टार अमलेश नागेश, ओमी ओटी गरियाबंद की प्रस्तुति व सम्मान किया जायेगा।

संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन

कवर्धा। मंगलवार को संकुल कोयलारी मे संकुल स्तरीय बैठक आयोजित की गई हैं जिसमें एम डी एम, रसोइया उपस्थिति, स्वीपर उपस्थिति,फोलिक एसिड, सोया मिल्क, के साथ साथ छात्रवृत्ति की ऑन लाइन जानकारी समय सीमा में पूरा करने की बाते संकुल प्रभारी भरत तिवारी द्वारा कहीं गई हैं।सभी जानकारी प्रधान पाठको द्वारा जमा किया गया है उक्त बैठक मे संकुल प्रभारी भरत तिवारी प्रधान पाठक नन्द कुमार शर्मा, वीरेंद्र चन्द्रवंशी, मोहनी साहु, लक्ष्मीकान्त गुप्ता, मोहनीश यदु, मुकेश साहू, संजय चतुर्वेदी, गौत्तम साहू, दिनेश लाझियाना, पंचम ठाकुर,देवशरण साहू,मनहरण चंद्राकर, तरूण रैकवार,अशोक सिदार उपस्थित थे।

नव निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 6 को

साजा। नगर पंचातय साजा अंतर्गत कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था निर्वा0) बेमेतरा कें आदेश क्रं. 1750/नपा.निर्वा./2019 बेमेतरा दिनांक 28.12.2019 आदेश के परिपालन में छत्तीसगढ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 55 (क) कें अनुसार नगर पंचायत साजा कें नव निर्वाचित पार्षदो का श्री आशुतोष चतुर्वेदी अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा कें समक्ष निर्धारित प्रारूप में दिनांक 06.01.2020 को समय प्रातः 11:30 बजें कार्यालय नगर पंचायत साजा कें सभाकक्ष में शपथ या प्रतिज्ञान पर हस्ताक्षर किया जाना हैं । कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्था निर्वा0) बेमेतरा कें आदेश क्रं. 1752 /नपा.निर्वा. /2019 बेमेतरा दिनांक 28.12.2019 आदेश के परिपालन में नवनिर्वाचित पार्षदों का शपथ / प्रतिज्ञान कें पश्चात् नगर पंचायत साजा कें अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्वाचन दिनांक 06.01.2020 समय दोपहर 12:00 बजे सें अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन प्रस्तुत करना दोप. 12:00 बजे सें दोप. 01:00 बजे तक नाम निर्देशन पत्रो की संवीक्षा दोप. 01:00 बजे सें दोप. 01:15 बजे तक अभ्यर्थिता सें नाम वापसी दोप. 01:15 बजे सें दोप. 01:30 बजे तक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान (आवश्यक होने की स्थिति में) दोप. 01:45 बजे सें दोप. 02:15 बजे तक मतगणना एवं निर्वाचन परिणाम मतदान कें तत्काल पश्चात नगर पंचायत साजा कें सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा एवं पीठासीन प्राधिकारी कें द्वारा कराया जावेगा ।

आज तीन प्रकरण पर हुई कार्यवाही

महासमुन्द। जिला खाद्य अधिकारी श्री अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परविहन एवं भण्डारण के लिए की गई कार्यवाही में आज तीन प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं 203 बोरे धान अर्थात 81.20 क्विंटल धान जब्त किए गए। धान के अवैध भण्डारण एवं परिवहन में लगे लोगों के खिलाफ कार्यवाही की गई। उनमें मे. एजाज धनानी, ग्राम समनलोर विकासखंड बसना से 50 कट्टा (20 क्विंटल) धान, गिरधारी लाल साहू, ग्राम जगत विकासखंड बसना से 111 कट्टा (44.40 क्विंटल) धान, तरूण चौधरी ग्राम सकरी विकासखंड बसना से 42 कट्टा (16.80 क्विंटल) धानजब्त किया गया।

समय-सीमा की बैठक सम्पन्न

महासमुन्द। कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने आज यहा कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल, अपर कलेक्टर श्री जगदीश सोनकर, अपर कलेक्टर श्री शरीफ मोहम्मद खान, श्री आलोक पाण्डेय सहित अनुविभागीय अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने जिले में चल रहे धान खरीदी के संबंध में जिलास्तरीय नोडल अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान ध्यान रखने वाले महत्वपूर्ण बिन्दुओं के अनुसार सतर्क रह कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसपी वारे ने बताया कि 01 जनवरी 2020 से जिले में कुष्ठ उन्मूलन के उद्देश्य से कुष्ठ जांच अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

सर्द हवाओं के झोंके में भी चुनावी सरगर्मियां तेज

नवप्रदेश संवाददाता

तिल्दा-नेवरा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज होते ही दावेदार, मतदाताओं के मध्य अपनी पकड़ मजबूत करने ऐडी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। अपने पक्ष मे माहौल तैयार करने विभिन्न तरकीब अपनायी जा रही है। पंचायत क्षेत्रो मे नये नये दावेदारों के नाम उभरकर सामने आ रहे है वही राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा नाम निर्देशन पत्र भरने की तय तिथि मे जनपद पंचायत परिसर में काफी भीड़ देखी जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथि के अनुसार 30 दिसंबर से नामांकन निर्देशन पत्र भरने की प्रक्रिया के चलते त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दावेदार अपने

समर्थकों के साथ जनपद पंचायत तिल्दा में नाम निर्देशन पत्र भरने को काफी लालायित दिख रहे हैं। सर्द हवाओं के झोंके में भी चुनावी सरगर्मियां प्रबल है दावेदार के समर्थक वाहनों में भर भरकर जनपद कार्यालय में भीड़ बढ़ा रहे है। जनपद पंचायत परिसर में नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की तय तिथि में सुबह 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक की समय सीमा है। इस निहित समय के पूर्व पंचायत चुनाव के दावेदारो का हुजूम जनपद पंचायत परिसर में देखा जा सकता है। वहीं कुछ दावेदार मुहूर्त के इंतजार में हैं। इनके लिए वे पंडितों एवं ज्योतिषों के शरण में जा रहे हैं। उनसे नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की शुभ मुहूर्त निकलवा कर दावेदारी पेश करना चाह रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार 06 जनवरी तक की अवधि नामांकन भरने की है। 7 जनवरी को समीक्षा होगी व 9 जनवरी को नाम वापसी तथा इसी दिन प्रत्याशियो को प्रतिक चिन्ह आबंटित की जावेगी अंतिम सूची का प्रकाशन भी 9 जनवरी को ही होगा। इनसे वाकिफ कुछ पंचायत चुनाव के दावेदार नव वर्ष के इंतजार में हैं नव वर्ष याने की एक जनवरी से नाम निर्देशन दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 दिन शेष रह जावेगा इस अवधि मे नामांकन दाखिल करने गहमागहमी की पूर्वानुमान लगायी जा रही है ।

नोडल अधिकारी कर रहे धान खरीदी केन्द्रों सतत निरीक्षण

महासमुन्द। खरीफविपणन वर्ष 2019-20 के तहत जिले में चल रहे धान खरीदी की व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन ने आज यहा कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक के पश्चात् जिला स्तरीय अधिकारियों एवं नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहां कि धान खरीदी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों की निगरानी के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

बच्चियों के अपहरण का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

- बहादुर बच्ची ने आरोपी को दांतों से काटकर अपने आप को बचाया
- देश भर में हो रही इस प्रकार की घटना बचेली में घटित होने से महिलाओं को बेटियों की सुरक्षा को लेकर हो रही चिंता

नवप्रदेश संवाददाता

बचेली। बचेली लौहनगरी में नाबालिग बच्चियो के अपहरण का प्रयास करने वाले युवक को परिजनों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना 30 दिसम्बर की है जब ट्रक का क्लीनर मुन्ना भास्कर जो की आवारा भाटा सूरी टिकरा का निवासी है। एक बच्ची जो की 6 वर्ष की है बस स्टैंड के पास खेल रही थी उसी वक्त आरोपी ने गंदी नीयत से बच्ची के पास जाकर उसे चॉकलेट खिलाने के बहाने अपने साथ बस स्टैंड के पीछे सुनसान इलाके में ले गया।

बच्ची ने समझदारी दिखाते हुए युवक के हांथो में दांत से काटकर भागने में सफल हुई एवं अपने परिजनों को इस घटना की जानकारी दी। इसी युवक ने इसी दिन एक दूसरी बच्ची जो की 7 वर्षीय है उसे भी अपनी हवश का शिकार बनाता चाहा इसी तरह से

चाकलेट खिलाने के बहाने वार्ड नंबर 4 के पास खड़ी अपनी ट्रक के भीतर ले गया एवं केबिन लॉक कर दिया उसी वक्त बच्ची की माँ बच्ची को ढूंढते हुए वहां पहुंची शोर सुनकर युवक ने डर के मारे बच्ची को ट्रक से उतार दिया एवं भाग खड़ा हुआ। 31 तारीख को दोनों बच्चियो के परिजनों ने युवक की तलाश की एवं लोगो की मदद से आरोपी को पकड़े जाने के बाद थाना ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया। जैसे ही इस घटना की इसकी ख़बर बचेली में फैली लोग सन्न रह गए।

बचेली थाना एएसआई के.सिम्हाचलम के मुताबिक दोनों बच्चिया सुरक्षित है। मुन्ना भास्कर पिता पंडकु भाष्कर जो की ट्रक का क्लीनर है और आवरा भाटा सूरी टिकरा में निवास करता है आरोपी ने घटना के समय भी शराब पी रखी थी ।यह आरोपी मूल निवासी तुर्रेम मेटापाल का रहने वाला है। दोनों बच्चियो के बयान एवं परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर धारा 363,554, एवं पास्को एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली पुलिस व शांति फाउंडेशन के आयोजन में पहुंचे ग्रामीण

नवप्रदेश संवाददाता

कोंडागॉव। नगर कोंडागॉव में आज कोतवाली पुलिस व शांति फाउंडेशन के नववर्ष के सुभकामना समारोह में किसी ओहदेदार या खास लोगो को आमंत्रित नही किया गया था अपितु नगर व क्षेत्र के गरीब तबके व बच्चो को आमंत्रित कर नववर्ष की सुभकामनाओं के साथ भोजन करवाया गया,जानकारी देते एस.आई. मनोज नायक ने कहा कि अक्सर ऊंचे तबके के लोग इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करते है,जिन कार्यक्रमों तक कि पहुंच इन आम गरीब तबके के लोगो की नही होती है उनमे अपने साथ खुशियों के पलों में शामिल करने शांति फाउंडेशन व कोतवाली पुलिस का संयुक्त प्रयास था जिसके तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जितेंद्र नंदे, विवेक सेंगर, नरेंद्र साहू एएसआई पीताम्बर कठार, शांति फाउंडेशन के यतिन सलाम, शकील रॉयल, स्माइल खान व अन्य शामिल रहे।

किसानों को सुविधा मुहैया कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य की समीक्षा की। उन्होने तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ धान खरीदी कार्य का मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होने धान खरीदी केंद्र में किसानों को आवश्यक सुविधा मुहैया कराने कहा। लघु एवं सीमांत कृषकों के धान को शत प्रतिशत खरीदने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि धान खरीदी केंद्र में स्टेकिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये। राज्य शासन के नियमानुसार गुणवत्तायुक्त धान खरीदी करने कहा। उन्होने धान खरीदी केंद्रों में धान उठाव में तेजी लाने निर्देश दिये। उन्होने धान खरीदी केंद्र में साफ्सुथरा और ढ़ेरी लगाकर ही धान तौलने के निर्देश दिये। इसके बावजूद भी यदि कोई समिति प्रबंधक अमानक स्तर का धान खरीदी करता है तो संबंधित समिति प्रबंधक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि कोचियों, बिचौलियों पर सतत निगाह रखने के भी निर्देश दिये। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे, सभी एसडीएम, डीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

परमेश्वरी महोत्सव और महापुराण का आयोजन आज

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। देवांगन समाज मुंगेली द्वारा पांच दिवसीय माता परमेश्वरी महोत्सव एवं महापुराण कथा का आयोजन 01 जनवरी बुधवार से 05 जनवरी रविवार तक राजेंद्र वार्ड देवांगन मोहल्ला स्थित भट्ट बाड़ा में किया जा रहा है। महोत्सव में 01 जनवरी बुधवार को सुबह 9 बजे से कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना, घट स्थापना, पुराण शोभायात्रा, कथा परिचय एवं सेवा गीत का आयोजन किया गया है। 02 जनवरी गुरूवार को सृष्टि उत्पत्ति, कथा व सात दानव वध कथा, दीपचंद, माता हरणी, जन्म एवं विवाह, 03 जनवरी शुक्रवार को गोत्र उत्पत्ति कथा, महिषासुर जन्म-वध कथा, गर्भ चरित्र कथा, सुबह रंगोली वं मेहंदी प्रतियोगिता, शाम आरती थाली सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 04 जनवरी शनिवार को बड़की, मंझली, छोटकी माता जन्म कथा, सुबह अतिथि का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा। 05 जनवरी रविवार को सुबह बाईक रैली, सहस्त्रधारा, हवन, भव्य कलश शोभायात्रा, मूर्ति विसर्जन एवं भोग भण्डारा का आयोजन किया गया है। प्रतिदिन आरती पूजा प्रातः 9 बजे एवं संध्या 7 बजे, परमेश्वरी पुराण प्रवचन प्रातः 9.30 बजे से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक, सेवागीत रात्रि 8 बजे से झांकी एवं जगराता रात्रि 10 बजे से, महिला सेवा मण्डली द्वारा सेवा गीत प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से 02 बजे तक किया जायेगा।

कलेक्टर ने दिये गौठानों में पशुओं के लिए पैरा दान कराने के निर्देश

मुंगेली। कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने जिले में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा एवं बाड़ी के तहत संचालित गोठानों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गोठानों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने गोठानों में पशुओं के लिए पैरा दान कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिले के कृषकों से गौठानों में पैरा दान करने के लिए कहा। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गौठान एवं नरवा के कार्य को शत प्रतिशत पूरा करायें। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होने गौठानों को सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए कहा। बैठक में सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

नगरी में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम 5 को

नगरी। साहू सदन नगरी में दिनांक 5 जनवरी 2020 दिन रविवार को प्रातः 9:00 बजे से कक्षा- बारहवीं ,कॉलेज ,आईटीआई एवं ,डीएड में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित है ।कैरियर काउंसलर श्री कुलदीप सिंह पटेल (कैरियर काउंसलर एंड मोटिवेशनल स्पीकर रायपुर)द्वारा निम्नांकित बिंदुओं पर मार्गदर्शन प्राप्त होगी ।पहला कैरियर का चुनाव कैसे करें ।दूसरा कैरियर चुनाव सूत्र । तीसरा कैरियर काउंसलिंग ।4 हाउ टू एंजॉय युवर स्टडी 5 हाउ टू एंजॉय युवर एग्जाम ।उपरोक्त बिंदुओं पर छात्रगण लाभान्वित हो तीरथ अटलखांम अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी सिहावा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील की है । उक्त आशय की जानकारी कौशल प्रसाद साहू मीडिया प्रभारी तहसील साहू समाज नगरी ने दी,

10 को मनेगी शाक्मभरी जयंती

नगरी। 10 जनवरी को मनाया जाएगा शाक्मभरी जयंती कोसरिया पटेल समाज सिहावा राज सहित सभी ग्रामीण अध्यक्ष की उपस्थिति में कोसरिया पटेल समाज की इष्टदेवी मां शाक्मभंरी जयंती 10 जनवरी को मनाने का निर्णय सभी ग्राम मे लिया गया।ज्ञात हो कि शाक्मभंरी जयंती पुन्नी छेरछेरा के दिन होगा, बैठक में संरक्षक लतखोर पटेल, अमरसिंह पटेल, सिहावा राज अध्यक्ष बहुर सिह पटेल, सिहावा ग्रामीण अध्यक्ष नारायण पटेल, सांकरा अध्यक्ष पुरषोत्तम पटेल, राजू पटेल, खेदु राम पटेल, गजेंद्र पटेल, सहित कोसरिया पटेल समाज के राज पदाधिकारी, ग्रामीण अध्यक्ष, सहित समाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल थे

सांकरा मड़ाई 27 जनवरी को

नगरी। ग्राम व्यवस्था समिति, मानस सम्मेलन समिति सांकरा,के तत्वावधान में ग्रामवासियों की बैठक आहुत किया गया ,जिसमें ग्रामीणों की सहमति से सांकरा मे माता पहुंचानी 23 जनवरी को व मड़ाई 27 जनवरी को होना हैं यह जानकारी ग्राम समिति अध्यक्ष धनेश साहू, मानस समिति अध्यक्ष अजीत सिह वर्मा,सहसचिव राजू पटेल ने दिया।

कलेक्टर ने किया विद्यालयीन समय में परिवर्तन

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने जिले में कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर चलने के कारण विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ठंड से बचाव हेतु विद्यालयीन समय में परिवर्तन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए 31 दिसम्बर 2019 से परिवर्तन किया है। परिवर्तित समय अनुसार दो पाली में संचालित विद्यालयों में से कनिष्ठ विद्यालय का समय प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं कनिष्ठ विद्यालय का समय 12.30 बजे से 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक पाली में संचालित शालायें यथावत प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक संचालित होगी। यह आदेश जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में लागू होगा। यह आदेश 31 दिसम्बर 2019 से 14 जनवरी 2020 तक प्रभावशील रहेगा।

पंचायत चुनाव लड़ने उम्मीदवारों को जमा करनी होगी प्रतिभूति राशि

जांजगीर चांपा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवारों के लिए आवश्यक है कि वह निर्धारित धनराशि प्रतिभूति (निक्षेप) के रूप में जमा कराए। वार्ड पंच के लिए 50 रूपए, सरपंच के लिए 1000 रूपए, जनपद पंचायत के सदस्य के लिए 2000 रूपए, जिला पंचायत के सदस्य के लिए निक्षेप के रूप में 4000 रूपए धनराशि निर्धारित है, लेकिन जहां कोई अभ्यर्थी महिला हो या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या पिछड़ा वर्ग का सदस्य हो, वहां उसे इस धनराशि का केवल आधा भाग प्रतिभूति निक्षेप के रूप में जमा करना होगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम भूपेश बोले...

अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना प्रारम्भ की गई।

छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति के संवर्धन का भी हुआ काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण तथा संवर्धन के कार्य भी किए गए। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी त्योहारों पर न सिर्फ अवकाश की घोषणा की गई, अपितु बड़े ही उत्साह से इस वर्ष पोला-तीजा, हरेली त्योहार मनाया गया। राजधानी रायपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन भी इसी दिशा में किया गया एक छोटा सा प्रयास था।

संतत्व में त्याग...

प्रज्ञा जब भी बालती हैं, जहर उगलती हैं।

भगवान गणेश को एक दिन में दूध पिला देती है भाजपा

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि अफवाह फैलाने भाजपा का कोई सानी नहीं है। भाजपा एक दिन में ही भगवान गणेश को दूध पिला देती है। अफवाह फैलाने में भाजपा माहिर है।

देश की विचारधारा का अपमान कर रही कांग्रेस : श्रीवास्तव

सीएम बघेल के बयान पर भाजपा ने पटवार किया है। भाजपा प्रवक्त संजय श्रीवास्तव ने कहा कि गेरुआ रंग देश की आस्था से जुड़ा है। योगी आदित्यनाथ देश की विचारधारा को आगे बढ़ा रही है, जबकि कांग्रेस इस विचारधारा का अपमान कर रही है।

मंदिर गए डिप्टी...

के सामने ही बेदम पीट दिया। लोगों ने बीच-बचाव की कोशिश की, जिसके बाद युवक वहां से फ़रार हो गये। घटना के बाद डिप्टी कलेक्टर ने बेलगहना चौकी पुलिस में मामला दर्ज कराया गया, जहां मामला दर्ज करने के बाद चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पाक का छद्मयुद्ध..

-रोधी वातावरण में काम कर चुके नए आर्मी चीफ ने कहा, 'जहां तक हमारे पड़ोसी की बात है, वह आतंकवाद को स्टेट पॉलिसी के रूप में इस्तेमाल करते हुए हमारे खिलाफछद्म युद्ध चला रहा है। फिर इससे इनकार करता है। हालांकि, यह अधिक दिनों तक नहीं चल सकता। आप सभी लोगों को हर समय मूर्ख नहीं बना सकते हैं।'

'ऑपरेशनल तैयारी पर जोर'

आर्मी चीफ ने ऑपरेशनल तैयारी का स्तर ऊंचा बनाए रखने को अपना लक्ष्य बताते हुए कहा, 'खासतौर से पिछले कुछ वर्षों में मेरे अनुभव के कारण मेरा ऐसा विचार बना है कि ट्रेनिंग के साथ-साथ ऑपरेशनल पार्ट भी महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि ऑपरेशनल तैयारियों के उच्च मानकों को बनाए रखना सबसे महत्वपूर्ण है।' चीफऑफडिफेंस स्टाफ (सीडीएस) को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा 'हम समूचे सैन्य तंत्र में जो महत्वपूर्ण सुधार लाना चाहते हैं, सीडीएस निस्संदेह उन बदलावों की राह तैयार करेंगे।

जीडीपी को पटरी...

कहा कि 3 लाख करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाओं को भी इसके साथ रखा जा सकता है। साल के आखिरी दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 2019 में किए गए अपने मंत्रालय के कार्यों को मीडिया के सामने रखा। उन्होंने मोदी सरकार के लिए इस साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए कहा कि वह अपने वादों को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

छह साल में...

सर्वाधिक 25 लाख करोड़ बिजली क्षेत्र के प्रोजेक्ट के लिए

सीतारमण ने बताया कि करीब 25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनायें बिजली क्षेत्र में हैं, जबकि 20 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं सड़क निर्माण की हैं और करीब 14 लाख करोड़ रुपये की रेल परियोजनायें हैं जो कतार में हैं और जिनके क्रियान्वयन की तैयारी है। उन्होंने बताया कि बिजली क्षेत्र की परियोजनाओं में अक्षय ऊर्जा परियोजनायें भी शामिल हैं। इसके अलावा रेलवे, शहरी विकास, सिंचाई, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और डिजिटल क्षेत्र की परियाजनाएं शामिल हैं।

पीएफआई में सीमी...

सरकार पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने जा रही है।

स्वच्छता सर्वेक्षण...

पर रहा।

इसके अलावा दस लाख से कम की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में जमशेदपुर को पहला स्थान हासिल हुआ। वहीं, सर्वेक्षण में पहली तिमाही में सूरत को और दूसरी तिमाही में नवी मुंबई को तीसरा स्थान मिला।

बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के नतीजे मंगलवार को घोषित किए गए। बता दें कि भारत सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर 2014 को की थी। अब इसके पांच साल पूरे हो चुके हैं। इस दौरान देशभर में स्वच्छता को जनांदोलन बनाने के केंद्र सरकार के प्रयास का असर भी देश के कई इलाकों में दिखा है।

केरल असेंबली में

एनपीआर सामान्य बाशिंदों के बारे में सूचनाओं का एक व्यापक संग्रह है, इसका नागरिकों से कोई लेना देना नहीं है।

'कांग्रेस करे तो ठीक, पीएम मोदी करें तो समस्या!'

प्रसाद ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के समय की याद दिलाते हुए कहा कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्रियों ने यूगांडा और श्रीलंका के तमिल अल्पसंख्यकों को नागरिकता दिलाई थी। मुझे आश्चर्य होता है कि जब कांग्रेस यह काम करती है तो सब ठीक रहता है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी या गृहमंत्री अमित शाह, जब वही चीज करते हैं तो समस्या हो जाती है। यह पाखंड और दोहरा रवैया है।

चार स्टार जनरल...

साल के अंत होते इस पद को संभालने वाले पहले व्यक्ति के नाम की घोषणा भी हो गई है। जनरल रावत इस पद पर जाने के बाद चार स्टार जनरल होंगे। देश में भले ही पहली बार चीफऑफस्टाफका पद बना है और बिपिन रावत चार स्टार वाले जनरल बन रहे हों। लेकिन इससे पहले देश में तीन शख्स पांच स्टार जनरल रह चुके हैं। भारतीय सेना के लिए यह सबसे बड़ा पद माना जाता है। इसे फील्ड मार्शल कहते हैं। हालांकि फाइव स्टार जनरल सेना के नियमित कार्यों में दखल नहीं देते। तो आइए अब जानते हैं उन तीन शख्स के बारे में जो फाइव स्टार जनरल रह चुके हैं।

वैचारिक झुकाव की वजह...

तक कह डाला था। जिसके लिए बाद में उन्होंने माफी मांग ली थी। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, 'अंत में मिस्टर रावत पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बन गए हैं। सरकार ने निश्चित तौर पर उनके सभी प्रदर्शन और वैचारिक झुकाव को ध्यान में रखकर नियुक्ति की है। भारतीय सेना गैर-राजनीतिक संस्था है, जिसके लिए जाति-धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर सभी भारतीयों को गर्व है।'एक अन्य ट्वीट में चौधरी ने कहा, 'बिपिन रावत जी के वैचारिक झुकाव का असर गैरराजनीतिक संस्था सेना पर नहीं पड़ना चाहिए। उधर, पार्टी प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा, 'बहुत ही अफसोस और पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि सीडीएस के संदर्भ में सरकार ने पहला ही कदम गलत उठाया है। इस निर्णय के दुष्प्रभाव के बारे में समय बताएगा।'

निधन

लखन लाल जायसवाल

साजा। नगर के सिन्हा समाज के प्रतिष्ठित व वरिष्ठ नागरिक, सेवानृवित्त शिक्षक 78 वर्षीय लखनलाल जायसवाल का आकस्मिक निधन आज मंगलवार 31 दिसंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार 1 जनवरी को नगर के मुक्तिधाम में किया गया। वे रामेश्वर जायसवाल, सिन्हा समाज बेमेतरा जिलाध्यक्ष राजेश जायसवाल के पिता और पत्रकार टुमेश जायसवाल (विक्की) के दादा थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये।

कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

मुंगेली। कलेक्टर ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होने विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य 15 फरवरी तक सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जायेगा। उन्होने धान खरीदी की निगरानी के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को धान खरीदी केंद्र का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले में संचालित गौठानों में पैरादान कराने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये। नगरीय निकायों में बेघर व्यक्तियों के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था करने एवं कंबल वितरण करने कहा।

कार्यालय, नगर पालिक निगम
(जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 390/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 48/फ्लैट नं. बी-17 आर.एस. पार्क जो कि निगम अभिलेख में श्री किशोर कुमार छबलानी s/o स्व. नानकराम के नाम से दर्ज है, जिसको श्री नन्दकिशोर गांधी पिता भंवरलाल गांधी ने रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
(जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 392/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48
[illegible]
... क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
(जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी मोतीबाग चौक
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 391/2019-20
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-48
[illegible]
... लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्री दीपक भारद्वाज
तहसीलदार (नजूल) रायपुर
// ईश्तहार उद्घोषणा //
नवीनीकरण
रा.प्र.क्र. अ 20 (1) वर्ष 2019-2020
[illegible]
... होकर अपना दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 30 माह 12 वर्ष 2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
सील तहसीलदार नजूल
रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 29 ब/121 वर्ष 2019-20
एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार आ. भारतलाल जाति
[illegible]
... स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.01.2020 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।
सील नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 379/2019-2020
[illegible]
... सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम
जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 380/2019-2020
[illegible]
... प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जाने। जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

देश की दिग्गज राजनीतिक शख्सियतों के लिए कुछ ऐसा होगा नया साल

बेचैनी को हौसलों से मात देंगे पीएम मोदी राहुल गांधी चढ़ेंगे सफलता की सीढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। बीता साल यानी 2019 कई मायनों में देश के लिए अहम रहा। फिर बात चाहे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान पर उसकी नापाक हरकतों का जवाब देने के लिए की गई एयर स्ट्राइक हो या राजनीतिक हल्को में हुई उथल पुथल। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में पुनः सत्ता स्थापित हुई तो वहीं महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद भाजपा को सत्ता सुख नहीं मिल सका। ये सभी घटनाएं सुर्खियों में बनी रहीं। वहीं साल के आखिरी में भाजपा के हाथ से झारखंड की सत्ता भी चली गई। महाराष्ट्र की राजनीतिक उठापटक तो देश से लेकर विदेशी मीडिया तक चर्चा में रही। अब नया साल 2020 शुरू हो चुका है, लिहाजा सबके मन में यह जानने की उत्सुकता बनी है कि अगला साल देश के बड़े नेताओं के लिए कैसा रहेगा। इसका जवाब सद्गुरु स्वामी आनंदजी कुछ इस तरह दे रहे हैं...

पीएम मोदी: बेचैनी, उदासी पर हौसले में कमी नहीं

पीएम मोदी जनवरी, 2011 से भाग्येश चंद्रमा की महादशा भोग रहे हैं, जो उनके जीवन काल की श्रेष्ठ दशाओं में से एक है। इस शुक्र की अंतर्दशा में शनि का प्रत्यंतर भोग रहे हैं जो बेचैनी, तनाव और उदासी का सबब बनेगा। पर उनके हौसले में कमी के संकेत नहीं मिल रहे हैं।

वजह

- 22 मार्च 2020 तक का कालखंड मोदी की पेशानी पर कुछ सिलवटें ला सकता है। इसके बाद जब बुध का प्रत्यंतर शुरू होगा, थोड़ी राहत मिलेगी।
- 7 जून 2020 से केतु के प्रत्यंतर का आगाज होगा जो चातुर्य से विजय और किसी करीबी की भूल से तनाव का सूत्रपात करेगा।
- पीएम मोदी की कुंडल के लग्न में लग्नेश मंगल, भाग्येश चंद्रमा के साथ, पराक्रमेश और सुखेश शनि कर्म भाव में सप्तमेश और व्ययेश शुक्र के साथ, राहु पंचम भाव में शत्रु सूर्य के घर में और बुध एकादश में स्वाग्रही होकर मित्र सूर्य और केतु के साथ विराजमान है।
- लग्न का स्वग्रही मंगल इन्हें अदम्य साहसी, जुझारू, ऊर्जावान और सक्रिय बना रहा है और विरोधियों का फ्यूज उड़ा रहा है। मंगल के साथ भाग्य के स्वामी चंद्रमा का सहयोग इन्हें विचारशीलता के साथ विलक्षण क्षमता प्रदान कर रहा है।
- शनि की मूल त्रिकोण राशि कुंभ, केंद्र में है। यह स्थिति इन्हें दूरदर्शिता, चातुर्य, बुद्धिमत्ता प्रदान कर भावों के संप्रेषण की कला में माहिर बना रही है।
- कर्म भाव का शनि एक ऐसे चतुर राजनेता का निर्माण करता है, जो जल्दी हार नहीं मानता और कर्म के शनि के साथ शुक्र की युति एक शक्तिशाली राजयोग निर्मित करती है। राजनीति की शतरंज के बिसात पर ऐसे लोग आगे की कई चाल पहले ही चल देने के लिए जाने जाते हैं।

राहुल गांधी: कामयाबी की शुरुआत, बड़े पद के लाभ के आसार भी

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को 24 जनवरी 2020 के शनि के गृह परिवर्तन से शनि की साढ़ेसाती से मुक्ति का उन्हें अवश्य लाभ मिलेगा। वे 2020 में देश की राजनीति में अपनी उपस्थिति पुनः दर्ज कराने में कामयाब हो जाएंगे। 29 अप्रैल 2023 के बाद वे आंधी की तरह छा जाएंगे। उन्हें जीवन में एक बार बड़े पद का लाभ मिलने के भी आसार हैं।

वजह

- राहुल का लग्न मकर और राशि वृश्चिक है। उनका लग्नेश शनि सुख भाव में परम शत्रु मंगल की राशि मेष में और मंगल छठे भाव में शत्रु बुध की राशि मिथुन में मित्र सूर्य के साथ चलायमान है।
- राहु धन भाव में, केतु अष्टम भाव में, बृहस्पति कर्म में और चंद्रमा लाभ भाव में गतिशील है। शुक्र कर्क राशि में है, शुक्र 5वें, 10वें घर का स्वामी होकर आपकी कुण्डली में 7वें घर में स्थित है। शुक्र की दृष्टि पहले घर पर है।
- सप्तम भाव में चंद्रमा के घर में शक्र की उपस्थिति जीवन में कम से कम एक बार बड़ा पद व बड़े लाभ की कथा अवश्य लिखती है। छठा मंगल जहां अरिहंत बनाता है और समय आने पर शत्रुओं को चुपके से पराभूत भी कर देने के लिए जाना जाता है।
- वहीं छठा सूर्य जीवन में किसी बड़े पद प्रतिष्ठा का सबब अवश्य बनाता है, लिहाजा पंडित मोती लाल नेहरू की इस पंचम पीढ़ी को आसानी से खारिज करना भारी भूल होगी।
- वर्तमान में गांधी लाभ भाव में विराजमान सप्तमेश चंद्रमा की महादशा भोग रहे हैं। 29 जुलाई 2020 तक चंद्रमा की महादशा में षष्ठेश और भाग्येश बुध की अंतर्दशा चल रही है, जो योग, चिंतन और पठन-पाठन में रुचि को बढ़ावा देती है।

हैरान रह जाएंगे उद्धव को कमजोर समझने वाले

शिवसेना अध्यक्ष व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा दशकों तक मराठी अस्मिता के झंडाबरदार रहे बालासाहेब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे को नए साल में उत्तम फल प्राप्ति के आसार हैं। 10 फरवरी 2020 के बाद से इनके तनाव में कुछ वृद्धि के संकेत हैं। 25 मार्च के बाद उद्धव ठाकरे और मजबूत होते दिखाई देंगे। उद्धव को दो दलों की बैसाखी पर कमजोर समझने वाले हतप्रभ रह जाएंगे और मुंह की खाएंगे। आने वाला साल उद्धव ठाकरे को नए तनाव, नए रंग, नया कलेवर व कार्य की अधिकता के आनंद से नवाज रहा है।

वजह

ज्ञात जन्म विवारण के मुताबिक उनकी राशि सिंह और लग्न कन्या है। सुखेश और सप्तमेश बृहस्पति सुख भाव में शनि के साथ में गलबहियां कर रहे हैं। कुंभ का केतु षष्ठ भाव में, पराक्रमेश व अष्टमेश मंगल भाग्य भाव में, लग्नेश व कर्मेश बुध कर्म भाव में सूर्य और शुक्र लाभ भाव में तथा चंद्र व राहु व्यय भाव में आसीन हैं। कन्या लग्न इनके स्वभाव को नर्म बना रहा है। मिथुन का स्वग्रही बुध जहां इन्हें चातुर्य प्रदान कर रहा है, वहीं सुख का स्वग्रही बृहस्पति उन्हें ऐश्वर्य व आनंद से नवाज रहा है। लाभ का सूर्य उन्हें बड़े पद व सम्मान की चुगली कर रहा है। पर द्वादश भाव में चंद्रमा व राहु की युति ग्रहण योग भी बना रही है। यह योग जहां हृदय की समस्या व मानसिक तनाव देता है, वहीं मिलनसार व दूरदर्शी भी बनाता है। इस समय ठाकरे सुखेश बृहस्पति की महादशा व केतु की अंतर्दशा में हैं, जो उत्तम फल का कारक है।

शरद पवार: विरोधियों के लिए बन सकते हैं बेचैनी का सबब

महाराष्ट्र के सबसे कम उम्र के मुख्यमंत्री का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके एनसीपी प्रमुख शरद पवार के लिए 2022 से 2025 का काल राजनीतिक लिहाज से उनके सबसे उत्तम कालखंडों में से एक होगा। 2020 में 25 मार्च से 2 अक्टूबर तक समय इनके लिए चैन और इनके विरोधियों के लिए बेचैनी का सबब बनेगा।

वजह :

- ज्ञात जन्म विवारण के मुताबिक शरद पवार की राशि मेष और वृश्चिक है। लग्न में सूर्य और बुध उन्हें बुद्धादित्य योग से नवाज कर बड़े पद पर बिठा रहा है। वहीं लग्न का बुध उन्हें बेहिसाब बौद्धिक शक्ति, समय से पहले स्थिति का अनुमान लगाने की क्षमता और अनलिखा पढ़ने की गूढ़कला में महारत प्रदान कर रहा है। साथ ही उन्हें अपनी गुगली से विरोधियों को पराजित करने के हुनर में माहिर बना रहा है।
- षष्ठ भाव में चंद्रमा और बृहस्पति गुरु चांदी योग बनाकर उन्हें खास बना रहा है। छठा चंद्रमा चिंतक व मेष राशि का बृहस्पति व्यक्ति को अजातशत्रु बना रहा है। षष्ठ का ही शनि जहां शीर्ष पर पहुंचा कर विरोधियों को खौफजदा कर रहा है, जिनकी हर चाल विपक्षियों को बेचैन करने का दम रखती है।
- राजनीति के इस कारीगर को जिसे मोदी कभी अपना राजनीतिक गुरु बता चुके हैं और जिसे शनि की महादशा के उत्तरार्ध ने कुछ सालों के लिए हाशिए पर रख दिया था, उस शरद पवार के गुरुत्व को कोई कभी भी अप्रासंगिक न बना सका। शनि की महादशा के उपरांत इस समय पवार लाभेश व अष्टमेश बुध की महादशा में प्रविष्ट हो चुके हैं।

देवेंद्र फडणवीस: संघर्ष और परीक्षा अभी और बाकी हैं

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम के लिए अगला साल पेशानी पर चिंता भरा रह सकता है। यह वर्ष उनके जीवन में चिंता की लकीर उकेरकर उनका मन उदास करेगा। उनके राजनीतिक जीवन में संघर्ष के निशां और भी हैं। उनके राजनीतिक जीवन में परीक्षाएं अभी और बाकी हैं। लेकिन वे उन्हें हारकर थका मानना भूल होगी।

वजह:

- ज्ञात जन्म विवरण के अनुसार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस की राशि कुंभ और लग्न कन्या है। इनका लग्नेश बुध मित्र सूर्य और शत्रु मंगल के साथ लाभ भाव में विरोधी चंद्रमा की राशि कर्क में विराज कर उत्तम योग से नवाज रहा है।
- बृहस्पति सुखेश और सप्तमेश होकर धन भाव में आसीन हैं। शनिदेव इनके सुत भाव और रोग भाव के मालिक होकर अष्टम में कुंडली मार कर इनको आंख तरेर कर इनका खेल बिगाड़ रहे हैं।
- 24 जनवरी 2020 से महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री 2020 के आरंभ में शनि की साढ़ेसाती के असर में आने वाले हैं, जहां से इनके तनाव में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं।
- इस समय फडणवीस केतु की महादशा के अधीन हैं, जो इनके सम्मोहन के तिलिस्म को तोड़ेगी और इनकी मानसिक अशांति के साथ दैहिक कष्ट का कारक बनेगी।
- इस दशा में विशेष रूप से आंखों, पेट का कष्ट बिन बुलाए मेहमान की तरह बेचैन करेगा।
- 2 अगस्त 2020 के बाद का काल कुछ अच्छी खबर लाएगा पर 2 अक्टूबर से शुरू होने वाला वक्त जिंदगी में बेचैनी के विचित्र से चित्र गढ़ेगा।

नीतीश कुमार: रसूख के साथ ही बढ़ सकता है तनाव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के रसूख के साथ ही तनाव में वृद्धि होगी। उन्हें साढ़ेसाती से मुक्ति का आनंद 2020 में महसूस होगा।

वह इस समय भाग्य में बैठे राहु की महादशा में बुध का अंतर भोग रहे हैं। यह योग कौशल और चतुराई में वृद्धि करता है। 6 मार्च तक ये बुध में बुध के प्रत्यंतर में रहेंगे, जो सामान्य फल देगा। 30 अप्रैल 2020 तक यह केतु के प्रत्यंतर में होंगे, जो मामूली तनाव का सबब बनेगा। 2 अक्टूबर 2020 तक शुक्र का प्रत्यंतर चलेगा, जो शुभ फल प्रदायक है। 19 नवंबर 2020 तक सूर्य का प्रत्यंतर होगा, जो रसूख के साथ तनाव में भी वृद्धि करेगा। उसके पश्चात वर्ष के अंत तक चंद्रमा का प्रत्यंतर होगा, जो हानिकारक है।

वजह

- ज्ञात जन्म विवरण के अनुसार नीतीश कुमार की राशि वृश्चिक और लग्न मिथुन है। कर्म स्थान पर मंगल बैठकर जहां इन्हें कुल दीपक योग से नवाज रहे हैं, वहीं शुक्र की उपस्थिति राजयोग बना रही है।
- भाग्य स्थान में बृहस्पति की मौजूदगी जहां इन्हें प्रबल भाग्य का स्वामी बना रही है, वहीं सूर्य और बुध की युति बुद्धादित्य नामक राजयोग निर्मित करके इन्हें उच्च पद प्रदान कर रही है।
- नीतीश शनि की साढ़ेसाती के अंतिम चरण में हैं, जो 24 जनवरी 2020 को समाप्त हो रही है।

विश्व के दार्शनिक स्थल के रूप में चिन्हांकित होगा गिरौदपुरी : ताम्रध्वज

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। जय सतनाम युवा मंच , रिसाली भिलाई के तत्वाधान में परम पूज्य गुरूघासीदास जयंती समारोह आज धूमधाम से मनाई गई। वर्ष के अंतिम दिवस में मनाया जाने वाला यह कार्यक्रम दो दिवसीय रहा। जिसमे प्रथम दिवस गुरुगद्दी स्थापना व पूजा अर्चना कार्यक्रम व शाम को महिलाओ के खेलकूद व व्यंजन प्रतियोगिता सहित समाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ताम्रध्वज साहू, कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन थे। अध्यक्षता बी एल चंदवानी जनरल मैनेजर बीएसपी, वही विशेष रूप से हेमंत बंजारे, रतन लाल बंजारे, आर डी देशलहरे, एन आर गिलहरे, रामजी गायकवाड़, रूखमणी चतुर्वेदी, संध्या बंजारे, नरेश कोठारी, चंद्रभान ठाकुर जाकिर अहमद खान उपस्थित थे। अपने उद्बोधन में मंत्री जी ने कहा कि समाज का संगठन में एकता होना जरूरी है जिससे कही भी विकट परिस्थिति में मजबूत रहे। बाबा जी के जीवनी में हमारे धर्म कितने बंटे थे पर भी बाबा जी ने मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया है ,यह धरती सौभाग्यशाली है कि बाबा जी का जन्म छतीसगढ़ में हुआ है। समाज के लिए वह रास्ता भी अनुकरणीय है जिसमे सत्य ही ईश्वर है जैसे उपदेश दिए। सरकारी कार्यालयों में सत्य मेवजयते में इसी आधार पर लिखा गया है, शिक्षा भी हमारे समाज के गलतियों को सुधारने के लिए

जरूरी है ,उसी के साथ अच्छे संस्कार की भी बहुत जरूरी है जिससे अच्छा समाज बन सके । मानवता को एक करने के लिए शिक्षा भी बहुत जरूरी है

बाबा जी ने मनखे मनखे एक समान की जो परम्परा दिया है वो मानव समाज के लिए बहुत बड़ी बात है जो पूरे विश्व मे व्याप्त है, बाबा जी ने सभी समाजो व व्यक्तियों को एक साथ एक समान मान कर कार्य किया है , शासन भी बाबा जी के बताए मार्ग पर चल कर अपने घोषणा पत्र में दिए है उनको पूरा कर रहा हु , हमारी सरकार भी बाबा जी के जन्मस्थली गिरौदपुरी को विश्व के दार्शनिक स्थल पर चिन्हांकित करने का प्रयास कर रहे है विभिन्न नवनिर्माण का कार्य चल रहा है जो समय आने पर लोकार्पण कर आपके सेवा में सौप देंगे। इस कार्यक्रम में मंत्री द्वारा 20 लाख की भवन हेतु घोषणा किया। प्रशिक्षण हेतु विभिन्न आयामो में शिक्षा हेतु प्रयास का भरोसा दिलाया।

इस मंच से हेमन्त बंजारे ने भी मंच को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा के जन्मदिन की हार्दिक बधाई देता हूं, इस समाज को एक साथ जोड़े रखने का काम बाबा जी ने किया है जिससे हम सब मिलकर बाबा जी के जयंती मना रहे है ।इस कार्यक्रम में द्वितीय दिवस पर संचालन नेतराम बारले ने किया । इस कार्यक्रम सुरेश जोशी,अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद चतुर्वेदी, डी आर गुलशन, कमलेश खुटेल,किशनलाल टंडन, रामलाल, मनमोहनरु चेलक, पुनितराम महिलांगे,नरसिंह बंजारे, शिक्षक पोषण मार्कण्डेय,आर एल ढिढि , सी एल जोशी,अनिरुध्द कुर्रे,हुबलाल कोसरिया, मदन कोसरे, गंगाप्रसाद राय, लोकनाथ बघेल, गनेश देशलहरे, कलाराम टंडन,मोतीलाल बंजारे, दिलीप टंडन,भजनदास बंधे,पोषणलाल चतुर्वेदी, विना टंडन,तुलसीराम जांगड़े,हेमिन चतुर्वेदी, चंद्रिका कोसरे, इस कार्यक्रम में रिसाली बस्ती, रूआबन्धा सेक्टर, प्रगतिनगर, मैत्री नगर, इस्पात नगर, आशीष नगर, वीआईपी नगर, मैत्रीकुंज के समस्त समाजिक लोग उपस्थित थे। केशव देशलहरे, शिवप्रसाद देशलहरे, गुहराम बघेल,सुभाष कुर्रे आदि उपस्थित थे।

हुआ गुरुगद्दी का स्थापना

रिसाली जय सतनाम युवा मंच द्वारा रिसाली में गुरुद्वारा स्थल पर गुरु गद्दी का स्थापना मंत्री जी के कर कमलों व समाज के महंत के माध्यम से लोकार्पण किया गया ।

समाज द्वारा मनाया गया नव वर्ष का आगमन पर सतनाम नववर्ष

सतनामी समाज रिसाली भिलाई द्वारा नववर्ष के बेला पर आयोजित गुरूघासीदास जयंती के कार्यक्रम के बाद रात 12 बजे के बाद नव वर्ष के स्वागत कर सतनाम नववर्ष मनाकर बाबा जी के उपदेश को आत्मसात करने का प्रतिज्ञा किये ।

कबीरधाम में शीत लहर और ठंड से लोगों को बचाने प्रशासन मुस्तैद

- कवर्धा में ठंड से बचाने जगह-जलाए जा रहे अलाव
- कलेक्टर ने रात्रि भ्रमण कर शीत लहर और ठंड से राहत कार्यों का किया निरीक्षण
- आश्रम-छात्रावासों और सरकारी अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के लिए ठंड से बचाने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शीत लहर और ठंड से जन साधारण को बचाने के लिए कबीरधाम जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने जिले में शत लहर और लगातर बढ़ते ठंड को विशेष ध्यान में रखते हुए जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों और वनांचल क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। साथ ही जिले के वनांचल क्षेत्रों में संचालित आश्रम, छात्रावास, स्कूली विद्यार्थियों और स्वास्थ्य केन्द्रों में उपचार कराने आने वाले मरीजों और उनके परीजनों को भी शील लहर से बनाने और अलावा जलाकर ठंड से बचाने सहित अन्य समुचित व्यवस्था बनाने के लिए संबंधित अधिकारियां को निर्देशित किया है।

कलेक्टर श्री शरण ने शीतलहर से बचाव के लिए कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र में राहत कामों का जायजा लिया। उन्होने पालिका अधिकारी के साथ कवर्धा शहर में जन साधारण को ठंड से बजाने के लिए स्थानीय बस स्टैण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला अस्पताल परिसर सहित वृद्धा आश्रम स्थलों का अकास्मि रूप से निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ट्रांसपोर्ट नगर और बस स्टेण्ड के व्यापारियों और फल व्यापारियो से भी चर्चा करते हुए कहा कि राहगिरों को ठंड से बचाने के लिए अगर दुकानों के सामने आग का अलाव जलाया जा सकते है, तो जरूर जलाए। इससे लोगों को ठंड से बचाय जा सकता है। पालिका अधिकारी ने बताया कि इन स्थलों पर जनसाधरण के लिए आग का अलाव जलाया जा रहा है। कलेक्टर ने पालिका अधिकारी को सार्वजनिक स्थल बस स्टेण्ड और अन्य स्थलों पर आग का अलाव नियमित रूप से जलाने के लिए निर्देशित किया है।

गौरतलब है कि प्रदेश में शीत लहर की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिला कलेक्टर एवं नगरीय निकायों को समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं,ताकि प्रदेश की जनता को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। समस्त जिला कलेक्टर को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे स्वयं महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि रैन बसेरा ध्नाइट शेल्टर में पर्याप्त मात्रा में कंबल, चादर एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध रहे। प्रदेश में शीत लहर के कारण किसी प्रकार की जनहानि न हो। आवश्यकता पड़ने पर नए रैन बसेरा की व्यवस्था की जाए।

एनआरसी और एनआरपी के समर्थन में निकाली रैली

नवप्रदेश संवाददाता

दल्लीराजहरा। भारत बचाओ मंच के तत्वाधान में नागरिकता संशोधन बिल, राष्ट्रीय जनगणना रजिस्टर एनआरपी और एनआरसी के समर्थन में सोमवार को राजहरा नगर में श्री राम मंदिर से विशाल पैदल रैली एवं सभा का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग 1.30 बजे निकली पैदल रैली जैन भवन चैक से माईंस आफिस चौक होते हुए पेट्रोल पंप से गुप्ता चौक, फव्वारा चौक, थाना चौक से पुनः जैन भवन चौक होते हुए गुप्ता चौक में आम सभा के रूप में तब्दील हुआ। सौरभ लुनिया द्वारा निर्मित 370 फीट तिरंगा को लेकर हजारों लोग पैदल मार्च करते हुए रैली में बड़ी शान के साथ भारत माता की जय, वंदे मातरम, राष्ट्र हित में हमारा समर्थन, एनआरसी को हमारा समर्थन के नारे लगाते चलते नजर आये। सभा में मुख्य वक्ता के रूप में जामड़ी पाट के बाल योगी राम बालक दास, आर्ट आर्फ लिविंग बालोद के शिक्षक धीरज शर्मा एवं पूर्व नगर संघ चालक धरम चंद जैन थे। जन समुदाय को संबोधित करते हुए गुप्ता चौक में श्री बाल योगी ने कहा कि देश में किसी भी मुस्लिम व हिन्दू को डरने की जरूरत नहीं है। यह कानून सभी के लिए बराबर है। आज पाकिस्तान में रहने वाला हिन्दूओं की संख्या लगातार घटकर लगभग 1 प्रतिशत रह गई है। भारत सरकार ने 566 मुलसमानों को भारतीय नागरिकता दी है। देश के साधु संत भारत की अखंडता को बनाये रखने एक साथ खड़े हैं। धीरज शर्मा ने कहा कि भारत में जो बिना किसी दस्तावेज के रह रहे हैं और जिनकी भारत में रहने की समयावधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से रह रहे हैं, उन्हें एनआरसी से डर लग रहा है। आप हम सबको इस कानून से किसी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है। समाजसेवी एवं वरिष्ठ व्यापारी गोविंद वाधवानी ने कहा कि देश की एकता अखंडता और सुरक्षा को भारत सरकार द्वारा लगातार कानून बनाकर चाकचौबंध करने का प्रयास किया जा रहा है। सभा को पवन गंगबोईर, सत्या साहू, विशाल मोटवानी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा साहू ने किया। रैली में शंकरलाल कुकरेजा, राजू सोनी, बॉबी छतवाल, संतोष देवांगन, शेखर रेड्डी, किशोर जैन, सुभाष जायसवाल, जयीप गुप्ता, पिंटू दुबे, रमेश मित्तल, अशोक कुकरेजा, कन्हैया लाल कुकरेजा, शीतल नायक, विनोज जैन, महावीर चोपड़ा, सुभाष खंडेलवाल, ललित जैन, राजेश पटेल, भूपेंद्र श्रीवास सहित हजारों की संख्या में भारत बचाओ मंच के सदस्य उपस्थित थे।

धान के अवैध परिवहन विक्रय के 73 मामलों में 12 हजार क्विंटल धान जब्त

- मुंगेली जिले का किसान निपनिया में धान बेचते पकड़ाया

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। जिले में धान के अवैध परिवहन एवं विक्रय के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा पिछले लगभग एक महीने में 73 प्रकरण पंजीबद्ध कर 12 हजार 305 क्विंटल धान जब्त किया गया है। धान का अवैध परिवहन करते हुए 18 वाहन भी निगरानी दलों द्वारा पकड़े गये हैं। निगरानी दल ने आज भाटापारा तहसील के निपनिया उपार्जन केन्द्र में दूसरे जिले का धान बेचते हुए एक किसान आज पकड़ा गया। उनका धान जब्त करके सोसायटी को सुपुर्द किया गया है।

जिला कार्यालय के खाद्य शाखा से मिली जानकारी के अनुसार निगरानी दल ने आज निपनिया खरीदी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में समिति द्वारा आज के लिये काटे गये 33 टोकनों की जांच की गई। इनमें कोदवा के किसान खोरगिंजरा द्वारा लाये गये 295 कट्टा धान पर शंका हुई। किसान एवं उनके वाहन चालक ने पूछताछ करने पर बताया कि मुंगेली जिले के ग्राम सिलदहा से तीन गाड़ियों में ये धान विक्रय के लिये लाये गये हैं। मुंगेली जिले के धान को निपनिया सोसायटी में बेचने की मंशा लेकर वह आया था। जांच टीम ने धान का जब्त करके निपनिया समिति के प्रभारी श्री रूपराम साहू की सुपेर्दगी में दिया गया। किसान खोरगिंजरा का टोकन निरस्त कर भविष्य में कभी धान न बेचने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करके खाता लॉक करवाया गया। इसी प्रकार भाटापारा के सेमरिया घाट में सतगुरू किराना स्टोर से 140 कट्टा धान जब्त कर मण्डी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

डीएम ने ठंड से बचाव के लिए स्कूलों, आंगनबाड़ी का बदला समय

- साथ ही नगरीय निकाय अधिकारियों को सार्वजनिक स्थानों में अलाव जलाने के भी दिए निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आदेश जारी कर जिले में कड़ाके की ठंड एवं शीत लहर चलने के कारण विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को ठण्ड से बचाव हेतु 1 जनवरी 2020 से विद्यालयीन समय में परिवर्तन किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश अनुसार परिवर्तित समय में दो पाली में संचालित विद्यालयों में से कनिष्ठ विद्यालयों का समय प्रातः 8 बजकर 30 मिनट से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट तक एवं वरिष्ठ विद्यालयों का समय दोपहर 12 बजकर 45 मिनट से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। एक पाली में संचालित शालाए यथावत प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित रहेंगी। यह आदेश जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त शाला, मदरसा, विद्यालयों के लिए आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

ठंड से बचाव हेतु सार्वजनिक स्थानों में आवश्यकता अनुसार अलाव जलाए- रानू

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को प्राकृतिक आपदा को दृष्टिगत रखते हुए रात्रिकाल में ठंड से बचाव हेतु शहर के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों जैसे रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, शासकीय चिकित्सालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों में आवश्यकता अनुसार एवं नियमानुसार अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिले के समस्त रैन बसेरों में ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़ों एवं कम्बल आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन प्रात: 10 बजे से

आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों, हितग्राहियों को ठण्ड से बचाव हेतु 1 जनवरी 2020 से आगामी आदेश तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजकर 30 मिनट तक आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन नियत किया है। उन्होंने सर्व संबंधितों को परिवर्तित समय अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन करने के निर्देश दिए हैं।

डिजिटल साक्षरता ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन सम्पन्न

कवर्धा। स्कूल शिक्षा विभाग के जिला लोक शिक्षा समिति कबीरधाम अन्तर्गत जिले के प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में ई-साक्षरता केंद्र का संचालन कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर केंद्र में 8-9वॉ बैच का ऑनलाईन बाह्य मूल्यांकन 30 दिसम्बर को प्रमुख प्राथमिक शाला कवर्धा में आयोजित किया गया। जिसमें कुल 50 लोगो ने पंजीकृत होकर शत् प्रतिशत शिक्षार्थियो ने मूल्यांकन में शामिल हुआ तथा पिछले मूल्यांकन के असफल तीन शिक्षार्थियों ने भी शामिल हुए जिसमें कुल 53 में से 51 शिक्षार्थी ने सफल हुए वही 2 शिक्षार्थी को आगामी मूल्यांकन में शामिल होने के लिए अवसर दिया गया हैं। जबकि प्रारंभ से अब तक 225 लोगो ने मूल्यांकन में शामिल हो चूके हैं, यह मूल्यांकन प्रथम बैच प्रातः 9:30 से 10:00 बजे तक तथा दूसरी बैच की 11:30 से 12:00 बजे तक आधा-आधा घंटे की ऑनलाईन मूल्यांकन राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के निर्देशन में छत्तीसगढ इन्फोटेक प्रमोशन सोसाइटी (चिप्स) द्वारा किया गया। इस मूल्यांकन में शहर के 14 वर्ष से 60 वर्ष आयु समूह के लोगो ने उत्साह के साथ शामिल हुए। गौरबतलब हैं कि इस मूल्यांकन में महिला-पुरुष जो अधिक उम्र के महिलाये व पुरुषो ने भाग लिया।

उल्लेखनीय हैं कि शिक्षार्थियों को 1 माह की निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार 25-25 के बैच में 2-2 घंटे प्रतिदिवस प्रशिक्षित ई-एजुकेटर द्वारा पूर्णतः निःशुल्क नियमित प्रातः 10:00 बजे से 2:00 बजे तक दो पाली में संचालित होती हैं जिसमें प्रेक्टीकल एवं पूर्ण पारदर्शिता के साथ शिक्षार्थियों को कम्प्युटर में बेसिक कम्पुटर कोर्स के तर्ज पर बताया जाता हैं।

कथा | विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम सूतीउरकुली में साहू परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

ब्रह्म और जीव का मिलन ही रास- किशोरी आराध्या

नवप्रदेश संवाददाता

बिलाईगढ़। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम सूतीउरकुली में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचिका सुश्री किशोरी आराध्या शर्मा जी ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओ के मधुराती मधुर चरित्रों का बहुत ही अच्छे ढंग से व्याख्या कर श्रोता समाज को सुनायी। पूतना वध अघासुर, बकासुर, धेनुका सुर आदि राक्षसों की वध की कथाओं को,माखन चोरी, काली नाग को नाथने की कथा, गोपियों के चीर हरण की कथा को विस्तार पूर्वक कह कर सुनाई।इसके बाद रास शब्द की व्याख्या करती हुई कथा वाचिका सुश्री किशोरी आराध्या शर्मा जी ने बताई की रास शब्द का मूल है रस और रस स्वयं भगवान श्रीकृष्ण है 'रसो वैस' जब भगवान स्वयं अनंत रस समूह में प्रगट होकर रूप लीला धाम और विभिन्न आलंबन एवं उद्दीपन के रूप में क्रीड़ा करें उसका नाम रास है।रास पंचाध्याई का प्रथम शब्द है भगवान और अंतिम शब्द है विष्णोः अर्थात यह साक्षात आनंदघन योगेश्वररेश्वर आत्माराम भगवान श्री कृष्ण की लीला है। जिसमें कामदेव का प्रवेश नहीं ?।शरद पूर्णिमा की रात्रि में आनंद की जो अंतिम सीमा हैं उस अंतिम सीमा वाले आनंद को राधा कृष्ण ने जीवो को दिया था इसलिए शरद पूर्णिमा को सर्वश्रेष्ठ पर्व भी कह सकते हैं।

ज्ञानियों को दिव्यानंद व परमानंद अथवा ब्रह्मानंद मिलता है वह निम्न कक्षा का आनंद होता है। उसके बाद सगुण साकार का आनंद प्रारंभ होता है उसमें भी अनेक स्तर है - शांत-भाव का प्रेमानंद उससे ऊंचा दास्यभाव का प्रेमानंद उससे ऊंचा सख्य भाव का प्रेमानंद उससे अधिक सरस वात्सल्य भाव का प्रेमानंद और इन सबसे ऊंचा होता है - सकाम माधुर्य भाव का प्रेमानंद। माधुर्य भाव में भी तीन स्तर है - साधारण रति,समंजसा रति एवं समर्था रति। समर्था रति का प्रेमानंद जिनको मिलता है वह सिद्ध महापुरुषों में भी अरबों खरबों में किसी एक को मिलता है उस रस को महारास के रूप में राधा कृष्ण ने जीवो को वितरित किया था।

आज शुभारंभ के बाद नए रेल टिकट घर में मिलेगा टिकट

भाटापारा। रेल यात्रियो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भाटापारा रेलवे कालोनी की ओर आज 1 जनवरी से नए रेल टिकट घर का शुभारम्भ हो रहा है। एक अतिरिक्त रेल टिकट घर खुलने से जोनल रेलवे सलाहकार सदस्य राजेश शर्मा ने प्रसन्ता जाहिर करते हुए डिवीजन के वरिस्ट अधिकारीयो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

विदित हो की गत दिवस स्टेशन के निरीक्षण में आये मंडल रेल प्रबन्धक श्याम सुन्दर गुप्ता ने उक्त रेल टिकट घर को शीघ्र ही प्रारम्भ किये जाने की बात कही थी

और उनके निर्देश् के तहत भाटापारा के रेल यात्रियो के लिए आज 1 जनवरी से रेलवे कालोनी की और एक नए टिकट घर का शुभारम्भ होने जा रहा है। इस टिकट घर के खुलने से माता देवालय वार्ड,बजरंग वार्ड,स्टेशन वार्ड,मुंशी इस्माइल वार्ड,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड,दिन दयाल उपाध्याय वार्ड,संत कंवर राम वार्ड ,शहीद हेमू कालानी वार्ड सहित खोखली,जरोद,सुहेला,खमरिया,अर्जुनी ,बलौदा बाजार दिशा की और से आने वाले रेल यात्रियो को यह टिकट घर का बहुत फायदा मिलेगा। अभी वर्तमान में इस टिकट घर से अनारक्षित टिकट अप एवम् डाउन टिकट प्रातः 7 बजे से साढे 11 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम साढे 5 बजे तक यह टिकट घर खुला रहेगा। इस टिकट घर के खुलने पर जोनल रेलवे सलाहकार सदस्य राजेश शर्मा ने मंडल रेल प्रबन्धक,सीनियर डी सी एम सहित रेलवे के आला अधिकारीयो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

न्यूज गैलरी

टेस्ट को चार दिवसीय करने की योजना, इंग्लैंड का समर्थन

लंदन। इंग्लैंड ने व्यस्त कार्यक्रम के भार को कम करने के लिए टेस्ट क्रिकेट को पांच की जगह चार दिन का करने की इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की योजना का समर्थन किया है। आईसीसी 2023 से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में शामिल मुकाबलों को अनिवार्य रूप से चार दिवसीय करने पर विचार कर रहा है। ईसीबी के प्रवक्ता ने 'डेली टेलीग्राफ' से कहा, 'यह इस खेल के जटिल कार्यक्रम और खिलाड़ियों के कार्यभार की जरूरतों को स्थायी समाधान मुहैया करा सकता है।' टेस्ट क्रिकेट का इतिहास लगभग 140 साल पुराना है जहां इसे पांच दिन के फॉर्मेट में खेला जाता है। अगर 2015-2023 सत्र में चार दिवसीय टेस्ट मैच खेले जाते तो खेल से 335 दिन बच जाते। चार दिवसीय टेस्ट कोई नई अवधारणा नहीं है।इससे पहले 2017 में साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे ने भी ऐसा ही मैच खेला था।

ब्रिसबेन में वापसी करेंगी शारापोवा

पैरिस। दुनिया की पूर्व नंबर-1 महिला टेनिस प्लेयर रूस की मारिया शारापोवा अगस्त में यूएस ओपन में अमेरिका की सेरेना विलियम्स से पहले दौर में हारने के बाद किसी टूर्नमेंट में नहीं खेली हैं। विश्व की पूर्व नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी मारिया शारापोवा 2020 के अपने अभियान की शुरुआत ब्रिसबेन में करेंगी जिसके लिए आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड दिया है। यह 32 वर्षीय रूसी खिलाड़ी अगस्त में यूएस ओपन में अपनी चिर प्रतिद्वंद्वी अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स से पहले दौर में हारने के बाद किसी टूर्नमेंट में नहीं खेली हैं। शारापोवा ने इंस्टाग्राम पर विडियो मेसेज में कहा, 'हाय ब्रिस्बेन। मुझे तुम्हारी बहुत कमी खली और मैं अपने सत्र की शुरुआत आपके टूर्नमेंट और आपके शहर में करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।'

इंग्लिश फुटबाल की दूसरी श्रेणी की टीम से खेलेंगे रूनी

लंदन। इंग्लैंड की तरफ से रिकार्ड गोल करने वाले वायने रूनी गुरुवार को इंग्लिश फुटबाल की दूसरी श्रेणी की टीम डर्बी की तरफ से पदार्पण करेंगे। यह मैच बर्नस्ले के खिलाफ खेला जाएगा। रूनी अभी 34 साल के हैं और वह डर्बी से खिलाड़ी और कोच के रूप में जुड़े हैं। वह एमएलएस टीम डीसी यूनाईटेड से डर्बी से जुड़े थे लेकिन जनवरी तक अपनी नयी टीम की तरफ से खेलने के पात्र नहीं थे। डर्बी के मैनेजर फिलिप कोकू ने कहा, ''अगर उनके जैसा अनुभवी खिलाड़ी उपलब्ध हो तो आपके लिये यह बहुत खुशी की बात है और हम खुश हैं कि वह यहां हैं।'' डर्बी ने सोमवार को अपने घरेलू मैदान पर चार्लटन को 2-1 से हराया जिससे उसकी टीम चैंपियनशिप में 17वें स्थान पर पहुंच गयी है।

2020 का नया संकल्प

ओलंपिक पदक और विश्वकप

भारतीय खेलों के लिये नया साल 2020 बहुत महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है और भारतीय खेलों को अपनी दिशा तय करने के लिये नये साल में होने जा रहे टोक्यो ओलंपिक में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। साल 2020 में भारतीय खेलों के लिये टोक्यो ओलंपिक के बाद आस्ट्रेलिया की मेज़बानी में होने वाला 20-20 विश्वकप भी खासा महत्वपूर्ण होगा। नया साल कई ओलंपिक पदक विजेताओं के भाग्य को तय करेगा और जबकि नये सितारों का इस साल उदय भी होगा। भारत ने 2016 के पिछले रियो ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन किया था और एक रजत और एक कांस्य के रूप में मात्र दो पदक जीते थे। रियो के इस प्रदर्शन के बाद सरकार ने तत्काल कदम उठाते हुये अगले तीन ओलंपिक के लिये तुरंत योजना बनाने के निर्देश दिये थे ताकि 2028 के ओलंपिक तक भारत अपने प्रदर्शन को नयी ऊंचाइयों पर ले जा सके। भारत की यह भी कोशिश है कि वह 2032 के ओलंपिक की मेजबानी हासिल करे। लेकिन इससे पहले उसे अपने प्रदर्शन को विश्व स्तर के अनुरूप लाना होगा। भारतीय क्रिकेट के लिये 2019 बेहद शानदार साल रहा था। इस साल विश्वकप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नाकामी को छोड़ दिया जाए तो विराट कोहली एंड कंपनी के लिये खेल के तीनों फार्मेट में यह साल जबरदस्त रहा। हालांकि साल के अंत में कप्तान विराट और सीमित ओवरों के उपकप्तान रोहित शर्मा ने माना कि विश्वकप के वो 30 मिनट उन्हें हमेशा याद रहेंगे। इस 30 मिनट के समय में भारतीय टीम ने विराट, रोहित और लोकेश राहुल के विकेट गंवाये थे जिससे उसकी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हो गयीं। बल्लेबाजी में लीजेंड का दर्जा हासिल कर रहे विराट भारत के सबसे सफल कप्तानों में तभी शुमार हो पाएंगे जब वह 2020 में होने वाले टी-20 विश्वकप में भारत को कामयाबी दिलाएंगे। टोक्यो ओलंपिक के लिये अभी तक कोई भविष्यवाणी नहीं की जा रही है कि भारत कितने पदक जीतेगा। रियो के समय तत्कालीन खेल मंत्री विजय गोयल सहित कई दिग्गजों ने भविष्यवाणी की थी कि भारत की पदक संख्या 10 से अधिक होगी। लेकिन भारत को दो ही पदक मिल पाये थे। बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने ऐतिहासिक रजत और महिला पहलवान साक्षी मलिक ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। अगले साल जुलाई अगस्त में टोक्यो में होने वाले ओलंपिक के लिये ज्यादा समय नहीं रह गया है। भारतीय तैयारियां चल रही हैं लेकिन कोई भी यह आकलन लगाने को तैयार नहीं है कि भारत की झोली में इस बार कितने पदक आएंगे।

आईपीएल के प्रदर्शन पर निर्भर धोनी का भविष्य : कुंबले

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व प्रमुख कोच अनिल कुंबले ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 संस्करण में महेंद्र सिंह धोनी का प्रदर्शन उनके राष्ट्रीय टीम के साथ भविष्य का भी फैसला करेगा।

नई दिल्ली (वार्ता)। कुंबले ने कहा कि अनुभवी विकेटकीपर धोनी का भविष्य आईपीएल के अगले संस्करण पर काफी निर्भर रहेगा। इसी से उनके आस्ट्रेलिया दौरे पर आईसीसी ट्वंटी 20 विश्वकप में भारतीय टीम के साथ जाने या नहीं जाने का भी फैसला होगा। धोनी इस वर्ष हुये आईसीसी वनडे विश्वकप के बाद से ही राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं और उनके भविष्य को लेकर लगातार चर्चा हो रही है, हालांकि इस पर खुद पूर्व कप्तान ने अब तक कुछ भी नहीं कहा है जबकि माना जा रहा था कि वह इस विश्वकप के बाद संन्यास की घोषणा कर देंगे। पूर्व खिलाड़ी ने क्रिकेटनेक्स्ट से कहा, यह पूरी तरह धोनी के आईपीएल में प्रदर्शन पर निर्भर है और यह कि भारतीय टीम उनकी सेवाएं विश्वकप में लेने के बारे में क्या सोचती है। इसी के धोनी टीम का हिस्सा बन सकते हैं। लेकिन हमें उस समय का इंतजार करना होगा। स्पिन दिग्गज कुंबले ने साथ ही कहा कि टीम प्रबंधन को विशेषज्ञ विकेटकीपरों की खोज करनी चाहिये न कि केवल ऑलराउंडरों पर ध्यान देना चाहिये। धोनी ने कुंबले के बाद ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाली थी और राष्ट्रीय टीम के सबसे सफल कप्तानों में रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने 2007 का टी-20 विश्वकप और 2011 का वनडे विश्वकप अपने नाम किया था। कुंबले ने कहा, मेरा निश्चित ही मानना है कि आपको विकेट निकालने वाले गेंदबाजों की अधिक जरूरत है जिसमें कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को ध्यान में रखने की काफी जरूरत है। कई बार ओस से गेंद गीली हो जाती है, ऐसे में दो कलाई के स्पिनर होने चाहिये। उन्होंने कहा, प्रबंधन को विकेट लेने वाले गेंदबाजों की जरूरत है। यदि टीम सोचती है कि उन्हें दो तेज़ गेंदबाजों की ज़रूरत है जो विकेट निकाल सकते हैं बजाय के सभी ऑलराउंडरों के, जो यह टीम देख रही है। मेरे हिसाब से यह संकट वाली स्थिति है। पूर्व कप्तान ने साथ ही कहा कि जो खिलाड़ी आस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं उनके चयन के बारे में सोचना चाहिये। उन्होंने कहा,÷ यह बहुत जरूरी है कि हम ऐसे खिलाड़ियों के बारे में सोचें जो आस्ट्रेलिया में अच्छा खेल सकें और ऐसे गेंदबाज़ जो आस्ट्रेलिया में भी विकेट निकाल सकते हैं।

वर्ष 2020 को भी यादगार बनाना चाहते हैं बुमराह

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रतिष्ठित विज़डन की दशक की सर्वश्रेष्ठ टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले तेज़ गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह 2019 के यादगार सफर के बाद नववर्ष 2020 को भी नयी सफलताओं से रोमांचक और सफल बनाना चाहते हैं। बुमराह ने ट्विटर पर कहा, वर्ष 2019 मेरे लिये उपलब्धियों, सबक, मेहनत और मैदान और मैदान के बाहर यादें बनाने से भरा रहा था। और अब वर्ष के आखिरी दिन मैं वर्ष 2020 की आने वाली चुनौतियों और नये सफर को लेकर रोमांचित हूं। तेज़ गेंदबाज़ वर्ष 2019 में तीनों ही प्रारूपों में सफल रहे थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में पहली बार टेस्ट सीरीज़ जीतने में भारतीय टीम के लिये अहम भूमिका निभाई थी तथा वेस्टइंडीज़ दौरे में वह हैट्रिक लेने वाले मात्र तीसरे भारतीय बने थे। उनसे पहले यह उपलब्धि ऑफस्पिनर हरभजन सिंह और तेज़ गेंदबाज़ इरफान पठान के पास थी। 26 साल के बुमराह साथ ही वनडे रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज़ और टेस्ट रैंकिंग में छठे नंबर के खिलाड़ी हैं और भारतीय टीम के गेंदबाजी क्रम का अहम हिस्सा भी हैं। बुमराह ने अभी तक राष्ट्रीय टीम की ओर से 12 टेस्ट, 58 वनडे और 42 वनडे खेले हैं। बुमराह फिलहाल मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टीम से बाहर हैं और गुवाहाटी में पांच जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की ट्वंटी 20 सीरीज़ से भारतीय टीम में वापसी करेंगे। बुमराह को आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज़ के लिये भी टीम में रखा गया है।

आस्ट्रेलिया की डफिन बनीं मातृत्व अवकाश लेने वाली पहली खिलाड़ी

आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जैस डफिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) की नयी पेरेंटल पॉलिसी के तहत मातृत्व अवकाश पर जाने वाली पहली खिलाड़ी बन गयी हैं।

मेलबोर्न (वार्ता)। सीए को डफिन ने अपने मां बनने की खबर दी जिसके बाद वह खिलाड़ियों के लिये बनाई गयी इस नयी नीति के तहत मातृत्व अवकाश की हकदार बन गयीं। वह बोर्ड द्वारा बनायी गयी इस नयी नीति के तहत अवकाश पर जाने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी हैं। 30 साल की डफिन हालांकि गर्भवती होने के कारण आस्ट्रेलिया की ओर से फरवरी 2020 में शुरू होने वाले महिला ट्वंटी 20 विश्वकप के लिये राष्ट्रीय टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगी। आस्ट्रेलियाई महिला टीम की सीनियर खिलाड़ी डफिन ने वर्ष 2015 में आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था। डफिन को महिला बिग बैश लीग के पिछले संस्करण में मेलबोर्न रेनेगेड्स का कप्तान बनाया गया था, उन्होंने टीम के जिये 68 के औसत से 544 रन बनाये थे और अगले वर्ष विश्वकप टीम में जगह बनाने की होड़ में सबसे आगे मानी जा रही थीं। गत माह उन्होंने आस्ट्रेलिया ए की ओर से खेलने से भी इंकार कर दिया था। महिला क्रिकेटर ने कहा,÷मुझे पता चला है कि मैं चार सप्ताह गर्भवती हूं। मैं बिग बैश लीग के दौरान गर्भवती थी।

द अफ्रीका अंडर-19 ने जीता आखिरी वनडे, भारत ने सीरीज

जोनाथन बर्ड की नाबाद 88 रन की शानदार पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम ने भारत को तीसरे और अंतिम युवा वनडे में सोमवार को पांच विकेट से पराजित कर दिया जबकि भारत ने तीन मैचों की यह सीरीज 2-1 से जीत ली।

ईस्ट लंदन (वार्ता)। भारतीय टीम ने कप्तान प्रियम गर्ग की 52 रन की कप्तानी पारी से 50 ओवर में आठ विकेट पर 192 रन बनाये जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 48.2 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर मैच जीत लिया। बर्ड ने 121 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 88 रन की मैच विजयी पारी खेलकर अपनी टीम को क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। इससे पहले प्रियम ने भारत को तीन विकेट पर 42 रन की नाजुक स्थिति से उबारा। प्रियम ने 76 गेंदों की अर्धशतकीय पारी में छह चौके लगाए। यशस्वी जायसवाल ने 16, तिलक वर्मा ने 44 गेंदों में 25 रन, ध्रुव जुरेल ने 50 गेंदों में 22 रन, शाश्वत रावत ने 10, सी रक्षण ने नाबाद 17, विद्याधर पाटिल ने 15 और सुशांत मिश्रा ने नाबाद 14 रन का योगदान दिया।

क्रीज़ के बाहर हर खिलाड़ी को मांकड़िंग करूंगा: अश्विन

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय ऑफस्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के 2020 संस्करण में क्रीज़ से बाहर रहने वाले हर खिलाड़ी को मांकडिंग आउट करने में हिचकिचाएंगे नहीं। अश्विन ने सोशल नेटवर्किंग साइट ट्विटर पर अपने एक प्रशंसक द्वारा पूछे गये एक सवाल के जवाब में यह बात कही। अश्विन ने फैन्स द्वारा पूछे जा रहे सवालों के दौरान एक प्रशंसक के सवाल कि इस आईपीएल वह किस बल्लेबाज़ को मांकड़िंग आउट करेंगे, का जवाब देते हुये कहा,÷ वह हर बल्लेबाज़ जो क्रीज़ के बाहर होगा।÷ भारतीय अनुभवी स्पिनर ने आईपीएल के पिछले संस्करण में जोस बटलर को क्रीज़ से बाहर जाने पर आउट किया था। किसी खिलाड़ी को मांकड़िंग आउट करना आमतौर पर खेल भावना के अनुरूप नहीं माना जाता, लेकिन यह नियमों के अनुरूप निश्चित ही है, जिसे लेकर अश्विन को कई तरह के सवालों का सामना करना पड़ा था। अश्विन आईपीएल के पिछले संस्करण में किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान थे। उन्होंने एक मैच में नॉन स्ट्राइकर एंड पर खड़े बटलर को उस समय आउट किया था जब वह गेंदबाज़ी करने के लिये जा रहे थे। इस घटना के बाद अश्विन के कदम को लेकर बंटे हुये बयान देखने को मिले थे। हालांकि अश्विन ने इसे लेकर माफी नहीं मांगी थी और यह दिलचस्प है कि उन्होंने इस कदम पर अभी भी अपना यही रूख बरकरार रखा है। अश्विन को आईपीएल से पहले ही दिल्ली कैपिटल्स ने किंग्स इलेवन पंजाब से खरीद कर अपनी टीम में शामिल कर लिया है।

राजनेता बने गौतर गंभीर की नीयत में आ गया खोट : विनोद तिहारा

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की पल-पल बदलती राजनीति के बीच सचिव विनोद तिहारा ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और अब पूर्वी दिल्ली से सांसद बन चुके गौतम गंभीर पर आरोप लगाया है कि उनकी नीयत में खोट आ गया है।

नई दिल्ली (वार्ता)। पिछले महीने 26 नवम्बर की बात है। गंभीर के साथ तिहारा अरुण जेटली स्टेडियम में गौतम गंभीर स्टैंड का उद्घाटन कर रहे थे और अब वही गंभीर और तिहारा आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे हैं। दरअसल कल डीडीसीए की एजीएम में जमकर हाथापाई हो गयी जिसने दिल्ली की क्रिकेट को और ज्यादा शर्मसार कर दिया है। गंभीर ने इस घटना पर खासी नाराजगी जताई थी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इस मामले में दखल देखने और दिल्ली की क्रिकेट को तत्काल प्रभाव से भंग करने की मांग की थी। डीडीसीए की वार्षिक आम सभा की बैठक में रविवार को हुई मार पीट को लेकर तिहारा ने आज शाम यहां एक संवाददाता सम्मेलन में सफाई देते हुए कहा कि राज्य की क्रिकेट गतिविधियों में बाधा डालने के लिए हमेशा से बदनाम रहा एक गुट एक बार फिर से उग्र हुआ और उसने इस घटना को अंजाम दिया। दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर गंभीर की प्रतिक्रिया पर तिहारा ने कहा कि गंभीर बड़े खिलाड़ी रहे हैं और उनके नाम पर डीडीसीए की जिस इकाई ने अरुण जेटली स्टेडियम में स्टैंड बनाया और उन्हें सम्मान दिया, वह उसे ही भंग करने की बात कर रहे हैं। तिहारा ने आरोप लगाते हुए कहा कि लगता है कि उनकी नीयत में खोट आ गया है और शायद उनके अंदर का नेता जाग गया है।

ऑस्ट्रेलिया से भी आगे रही टीम इंडिया

हर फॉर्मेट में लहराया परचम

नई दिल्ली। दशक खत्म होने को है और टीम इंडिया ने बीते 10 साल में एक टीम के रूप में काफी लंबा सफर तय किया है। टेस्ट क्रिकेट में नंबर एक के पद पर कायम टीम इंडिया आज दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में शुमार है। बल्लेबाजी तो हमेशा से टीम इंडिया का मजबूत पक्ष रहा है लेकिन बीते कुछ अर्से से टीम की फास्ट बोलिंग ने एक खास मुकाम तय किया है। देखते हैं आंकड़ों के लिहाज से टीम इंडिया के लिए बीता एक दशक कैसा रहा। भारतीय टीम ने इस दशक में कुल 107 टेस्ट मैच खेले और उसमें से 56 में जीत हासिल की और 29 मुकाबले हारे। 22 टेस्ट मैच ड्रॉ रहे।

हॉकी टीमों के लिये यादगार रहा 2019

भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमों के लिये साल 2019 यादगार रहा और टोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर जाने के साथ दोनों टीमों की नज़रें नये साल में इतिहास बनाने पर टिक गयी हैं।

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत ने हॉकी में अपना आखिरी पदक गोल्ड के रूप में 1980 के मॉस्को ओलंपिक में जीता था। उसके बाद से भारतीय हॉकी का इंतजार लगातार लंबा होता जा रहा है। लेकिन विश्व रैंकिंग में पांचवें नंबर पर मौजूद पुरूष हॉकी टीम से उम्मीद है कि वह इस इंतजार को टोक्यो में पूरा कर सके।

पुरूष हॉकी टीम ने 2018 विश्वकप की निराशा को 2019 में छोड़ा और लगातार मेहनत करते हुये साल के आखिरी में रूस को हराकर टोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर लिया। कप्तान मनप्रीत सिंह ने 2019 पर नजर डालते हुये कहा,÷ हमारे लिये यह साल सकारात्मक रहा। हमारा एक ही लक्ष्य था ओलंपिक क्वालिफिकेशन जिसे हमने हासिल किया। मुझे यह भी लगता है कि अपनी पांचवीं रैंकिंग को साल के अंत तक बनाये रखना भी एक बड़ी उपलब्धि है।

मनप्रीत का कहना है कि टीम के पास कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो टोक्यो में इतिहास बनाने की क्षमता रखते हैं। नये साल में पुरूष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग और 2020 में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करना होगा। भारत दो साल में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में पिछले दो खिताब जीत चुका है। महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराकर टोक्यो ओलंपिक का टिकट पाया। महिला टीम 2018 एशियाई खेलों के फाइनल में जापान से हारकर सीधे ओलंपिक का टिकट पाने से चूक गयी थी।

राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप | **विजय ने अपनी टीम को 15-14 के अंतर से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई**

सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियन बना रेलवे

गत उपविजेता रेलवे ने पुरुष वर्ग के फाइनल में मौजूदा चैम्पियन महाराष्ट्र को सोमवार को हराते हुए 53वीं सीनियर राष्ट्रीय खो-खो चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया जबकि महिला वर्ग का खिताब भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने महाराष्ट्र को हराकर जीता।

> रेलवे के विजय हजारे ने हरफनमौला खेल दिखाया। विजय ने डिफेंस के दौरान दो मिनट मैट पर बिताए जबकि अटैक के दौरान उन्होंने चार अहम अंक बनाए और अपनी टीम को 15-14 के अंतर से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। महाराष्ट्र की महिला टीम ने भी बीते साल की रनरअप भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम के खिलाफशानदार खेल दिखाया लेकिन अपने पुरुष टीम की तरह वे भी जीत नहीं हासिल कर सकीं। महाराष्ट्र को फाइनल में 8-9 से हार मिली। महाराष्ट्र के लिए महेश शिंदे ने आलराउंड प्रदर्शन किया। शिंदे ने तीन अंक बनाए और फिर डिफेंस के दौरान तीन मिनट मैट पर बिताए।

बेमेतारा (छत्तीसगढ़) (वार्ता)। छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ द्वारा एलोन्स पब्लिक स्कूल मैदान पर आयोजित इस प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन महाराष्ट्र और उपविजेता रेलवे के बीच करीबी भिड़ंत हुई। महाराष्ट्र ने संघर्ष किया लेकिन रेलवे ने अंततः एक मिनट शेष रहते एक अंक के अंतर से जीत हासिल करते हुए चैम्पियन बनने का गौरव हासिल किया।

रेलवे के विजय हजारे ने हरफनमौला खेल दिखाया। विजय ने डिफेंस के दौरान दो मिनट मैट पर बिताए जबकि अटैक के दौरान उन्होंने चार अहम अंक बनाए और अपनी टीम को 15-14 के अंतर से जीत हासिल करने में अहम भूमिका निभाई।

महाराष्ट्र की महिला टीम ने भी बीते साल की रनरअप भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की टीम के खिलाफशानदार खेल दिखाया लेकिन अपने पुरुष टीम की तरह वे भी जीत नहीं हासिल कर सकीं। महाराष्ट्र को फाइनल में 8-9 से हार मिली। महाराष्ट्र के लिए महेश शिंदे ने आलराउंड प्रदर्शन किया। शिंदे ने तीन अंक बनाए और फिर डिफेंस के दौरान तीन मिनट मैट पर बिताए। महिला टीम के लिए रेशमा राहौड ने डिफेंस में तीन मिनट मैट पर बिताए। इन सबका अच्छा प्रदर्शन इनकी टीमों को खिताब दिलाने के लिए नाकाफी रहा।

इंटर मिलान ने अलोंसो को बनाया मुख्य कोच

वाशिंगटन (वार्ता)। डेविड बेकहम की इंटर मियामी ने उरूग्वे के डिएगो अलोंसो को क्लब का मुख्य कोच नियुक्त किया है। 44 साल के डिएगो ने पाचुआ और मोंटेरी की ओर से कोनकाकैफ चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं और एमएलएस फ्रेंचाइजी के लिये भी आक्रामक रूख से कोच की भूमिका निभाने के लिये प्रतिबद्ध हैं। अलोंसो ने कहा,÷ मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं इस लीग को बहुत अच्छे से जानता हूं। मैं इसकी चुनौतियों से भी अवगत हूं। यह मेरे लिये एक बढ़िया प्रोजेक्ट है।÷ अलोंसो अपनी टीम के एमएलएस पदार्पण में लॉस एंजेलिस एफसी के खिलाफ मुकाबले के साथ अपना काम शुरू कर देंगे। क्लब का पहला घरेलू मैच 14 मार्च को एलए गैलेक्सी के खिलाफ लॉकहार्ट स्टेडियम में आयोजित होगा। पॉल मैकडोनफ ने कहा,÷ हमें पता था कि हम अपनी उम्मीदों के अनुरूप एक कोच ढूंढ लेंगे। हमें अलोंसो की यही बात सबसे अधिक पसंद है कि उन्होंने कई बड़े क्लबों के लिये कोचिंग की है और बड़े टूर्नामेंट जीते हैं। वह दक्षिण अमेरिका में विभिन्न स्तरों पर जीत चुके हैं। अलोंसो ने वर्ष 2011 में अपने कोचिंग करियर की शुरूआत बेला विस्ता क्लब से की थी। बतौर खिलाड़ी वह बेला विस्ता, जिमनासिया ला प्लाटा, वेलेंशिया, एटलेटिको मैड्रिड, रेसिंग सांतानडेर, मलांगा, यूएनएएम,मुर्सिया, क्लब नेशनल, शंघाई शेनहुआ और पेनारॉल के लिये खेल चुके है।

■ न्यूज गैलरी

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की दी शुभकामनाएं

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगलमय और खुशहाल जीवन की कामना की है। उन्होंने कहा है कि नया वर्ष प्रदेश के नागरिकों के जीवन में सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली लाएगा। नया वर्ष हम सबके लिए एक नई सुबह के साथ ही हमें उमंग और उत्साह के साथ प्रगति के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने अपने संदेश में प्रदेश के नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ आदिवासी एवं प्राकृतिक संसाधनों से बहुल राज्य है। आदिवासियों के कल्याण के लिए कई प्रयास किये गए हैं। नये साल में हम यह प्रयास करें कि उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही इस अवसर पर संकल्प लें कि गरीबों और समाज के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहें और अपनी जिम्मेदारियों का बाखूबी निर्वहन कर छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही देश की प्रगति में सहभागी बनें।

राज्यपाल ने साहित्यकार ठाकुर के निधन पर शोक व्यक्त किया

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार राम सिंह ठाकुर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि श्री ठाकुर के निधन से छत्तीसगढ़ी साहित्य को अपूरणीय क्षति पहुंची है। राज्यपाल ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति दे। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय राम सिंह ठाकुर ने स्थानीय बोली हल्बी रामायण की रचना की थी।

मंत्री टेकाम कल लेंगे समीक्षा बैठक

रायपुर। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम 2 जनवरी को आदिवासी क्षेत्र उपयोजना और अनुसूचित जाति उपयोजना मद अंतर्गत वर्ष 2019-20 के प्रथम छःमाही में किए गए व्यय की समीक्षा करेंगे। समस्त विकास विभागों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की सचिव स्तरीय समीक्षा बैठक मंत्रालय में अपरान्ह 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में वर्ष 2019-20 के प्रथम छःमाही में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना और अनुसूचित जाति उपयोजना के बजट प्रावधान की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धि की समीक्षा की जाएगी। वर्ष 2020-21 में आदिवासी क्षेत्र उपयोजना और अनुसूचित जाति उपयोजना के बजट प्रावधान एवं नवीन मद की जानकारी ली जाएगी।

खेल की बेहतर अधोसंरचना उपलब्ध कराने सरकार संकल्पित: भूपेश

वासुदेव चंद्राकर के नाम पर होगा नवनिर्मित स्टेडियम

मुख्यमंत्री ने दी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में साढ़े सात करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। फ्लड लाइट स्टेडियम में बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं और खिलाडियों को देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। क्रिकेट में रूचि रखने वाले युवाओं को सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम मिल जाए तो इससे बेहतर क्या होगा। यह बात कल मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई के वार्ड नंबर 26 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में फ्लड लाइट स्टेडियम के लोकार्पण अवसर पर कही। उन्होंने इस अवसर पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में साढ़े सात करोड़ रूपए के विकास कार्यों की स्वीकृति भी दी।

यह स्टेडियम 1.37 करोड़ की लागत से बनाया गया है। इस स्टेडियम में 10 हजार लोग बैठकर खेलों का आनंद ले सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं, खेल प्रतिभा को बढ़ाने सभी तरह के संसाधन उपलब्ध कराएंगे। महापौर निधि से निर्मित यह स्टेडियम यहां के नागरिकों के लिए काफी उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि अच्छा कोच, अच्छी डाइट तथा अधोसंरचना की सुविधा मिल जाये तो खिलाड़ी आश्वस्त हो जाते हैं। इन जरूरतों को पूरा करने प्राधिकरण का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम श्री वासुदेव चंद्राकर के नाम पर होगा। उन्होंने इस सुंदर स्टेडियम के निर्माण के लिए महापौर देवेंद्र यादव और नगर निगम टीम को बधाई दी। खेलों की अधोसंरचना बढ़ाने के लिए उनकी रुचि और समर्पण प्रशंसनीय है।

इस मौके पर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि अब क्रिकेट खिलाड़ी स्टेडियम में अभ्यास कर अपनी प्रतिभा निखार सकेंगे। खेल प्रेमियों के लिए भी यह बड़ी सौगात है। उन्होंने कहा कि साल भर में मुख्यमंत्री ने जितनी भी योजनाएं बनाई, उन्हें धरातल पर क्रियान्वित किया। यह योजनाएं पूरे देश के लिए मिसाल बनी हैं। चाहे किसानों की कर्जमाफी हो, या बच्चों के पोषण से संबंधितए हर वर्ग के लोगों की बेहतरी के लिए योजनायें बनाई हैं।

इस मौके पर महापौर एवं विधायक भिलाई देवेंद्र यादव ने कहा कि इस ग्राउंड से राजेश चौहान जैसे क्रिकेटर निकले हैं यह हमारे लिए गौरव की बात है। इस मौके पर दुर्ग विधायक अरुण वोरा, पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, बदरुद्दीन कुरैशी, भजन सिंह निरंकारी, श्रीमती प्रतिमा चंद्राकर, पूर्व महापौर आर एन वर्मा, नीता लोधी, पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे।

त्रिपुरा के कलाकारों ने राजभवन परिसर का किया अवलोकन

रायपुर (नवप्रदेश)। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होने आए त्रिपुरा के लोक कलाकारों ने मंगलवार को राजभवन पहुंचकर राजभवन परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने इस अवसर पर लोक नृत्य प्रस्तुत किया। ज्ञातव्य है कि तृतीय श्रेणी फसल कटाई एवं कृषि से संबंधित नृत्य में त्रिपुरा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

स्वागतम नव वर्ष नव वर्ष की आप सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं

अब राज्य के खनिज दोहन की जानकारी वेबपोर्टल खनिज ऑनलाईन में मिलेगी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्य सचिव आर.पी. मण्डल की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ में पाये जाने वाले खनिज और उनके दोहन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी वेबपोर्टल 'खनिज ऑनलाईन' पर अपलोड किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। इसके लिए कम्प्यूटर आधारित प्रदर्शन के माध्यम से खनिज ऑनलाईन परियोजना के संचालन, सूचना प्रौद्योगिकी के संवर्धन, वाहन निगरानी प्रणाली, एकीकृत कमांड कंट्रोल सिस्टम, अधोसंरचना निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई। श्री मण्डल ने कहा है कि 'खनिज ऑनलाईन' वेबपोर्टल के माध्यम से वाहन निगरानी प्रणाली के तहत जीपीएस सिस्टम पर जोर दिया जाए। जिससे खनिजों के परिवहन की निगरानी की जा सके।

खनिज संसाधन विभाग के सचिव पी.अन्बलगन ने बताया कि खनिज संसाधनों की उपलब्धता के हिसाब से छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत में विशिष्ट स्थान रखता है। देश के कुल खनिज उत्पादन मूल्य का लगभग 16% छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहे खनन प्रक्रिया से प्राप्त होता है। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में खनिज क्षेत्र का 11 प्रतिशत से अधिक का योगदान है और प्रदेश में 80 प्रतिशत से अधिक खनिज आधारित उद्योगों का संचालन हो रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 252 मुख्य खनिज खदानों के आलावा दो हजार गौण खनिज की खदानें और एक हजार से अधिक क्रसिंग और अन्य प्रसंस्करण इकाईयां संचालित है। वर्ष 2018-19 में 6111 करोड़ की आय खनिज संसाधनों के दोहन से हुई है। विभागीय क्रियाकल्पों में और अधिक दक्षता और पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से प्रदेश के खान एवं खनिजों के समग्र प्रबंधन के लिए वेबपोर्टल 'खनिज ऑनलाईन' का निर्माण किया गया है। इस परियोजना के तहत बारकोड युक्त ई-ट्रांजिट पास, ऑनलाईन ऐप्लीकेशन एण्ड रिटर्नस, डिमांड एण्ड असेस्मेंट, पेमेंट ऑफ रायल्टी, ई-चेक पोस्ट, ई-रजिस्टेशन ऑफ विहीकल आदि से संबंधित सभी जानकारियां वेब साईट पर उपलब्ध रहेंगी।



बाघ के फुटप्रिंट मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट, ड्रोन से निगरानी

ग्रामीणों के साथ सभी विभागीय अधिकारी कर रहे निगरानी

जिले में बाघ के फुटप्रिंट मिलने के बाद वन विभाग सक्रिय, ग्रामीणों को दी गई सतर्क रहने की हिदायत दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर से बुलाए गए एक्सपर्ट की टीम भी वन अमले के साथ सर्च अभियान में जुटी हुई है।

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। जिले के देवरी में बाघ के फुटप्रिंट मिलने के बाद वन विभाग सक्रिय हो चुका है। लगातार देवरी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में वन विभाग सर्च कर रही है। वहीं ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए मुनादी भी करा दी गई है और घर के बाहर मवेशियों और जानवरों को बांधने के मना कर दिया गया है। साथ ही ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। राजनांदगांव जिले के मनघटा वन चेतना केंद्र के पास 2 दिन पहले बाघ के होने की पुष्टि हुई थी, जहां बाघ के पैरों के निशान मिले थे। जिसके बाद कल सोमवार को राजनांदगांव और बालोद जिले से लगे गांव कुसमी के पास बाघ के फिर से पदचिन्ह मिले। जिसको लेकर वन विभाग आशंका जता रही थी कि बाघ बालोद जिले की तरफनिकला है।

मंगलवार की सुबह बालोद जिले के देवरी गांव के पास बाघ के फिर से पदचिन्ह मिले जिसे लेकर वन विभाग सतर्क है। और सुबह से ही सर्च अभियान बढ़ा दिया है। तो दूसरी तरफमामले में पूरे ग्रामीण इलाकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही गांव में घर के बाहर किसी भी प्रकार से मवेशी या जानवरों को बांधने से मना कर दिया गया है। इस पूरे मामले में दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर से बुलाए गए एक्सपर्ट की टीम भी वन अमले के साथ सर्च अभियान में जुटी हुई है।